ईश्वर में हमारा विश्वास | सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● माघ शुक्ल पक्ष 12 ● विक्रम संवत 2079 ● गुरुवार, 02 फरवरी 2023 ● वर्ष-24 ● अंक - 03 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50

## त्वरित टिप्पणी

# चेहरे पर मुस्कान लानेवाला बजट



आनंद सिंह

**साल** 2023-24 का बजट बुधवार को पेश कर दिया गया। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार पांचवी बार बजट पेश किया। यह पांचवां पूर्ण बजट था। इसके बाद 2024-25 के लिए जो बजट पेश होगा, वह अंतरिम होगा, क्योंकि अगले साल लोकसभा के चुनाव होंगे।

मोटे तौर पर देखें तो इस बजट में क्या है? जवाब है : इस बजट में सभी को साधने की कोशिश की गई है। मजदूर से लेकर विद्यार्थी तक और व्यापारी से लेकर सामान्य स्वास्थ्यकर्मी तक। सभी के लिए कुछ न कुछ है। डायरेक्ट टैक्स देनेवाले इस देश की कुल आबादी के मात्र दो फीसद लोग इसलिए प्रसन्न हैं कि इनकम टैक्स का नया स्लैब बना दिया गया है। पुराना वाला भी है, लेकिन नया और पुराना, आप जो चाहें चुन सकते हैं। आपके पास ऑप्शन है। नए स्लैब में जाएंगे तो आपको कई स्थानों पर फायदा मिलेगा। मसलन, अगर आपकी सालाना आमदनी सात लाख रुपये तक है तो आपको एक रुपया भी टैक्स नहीं देना होगा। पहले यह स्लैब 5 लाख रुपये तक ही था। अब इस स्लैब को 5 लाख से बढ़ा कर 7 लाख रुपये कर दिया गया है। अगर सात लाख रुपये से ज्यादा है तो फिर आपको (3 से 6 लाख तक के लिए) 5 प्रतिशत, (6 से 9 लाख तक के लिए) 10 प्रतिशत, (9 से 12 लाख तक के लिए) 15 प्रतिशत कर देना होगा। तो, जो दो प्रतिशत लोग हैं, उनके लिए यह बजट बम-बम करनेवाला है। इसकी डिमांड पहले से भी की जा रही थी लेकिन एक कुशल डॉक्टर की तरह निर्मला सीतारमण अब तक बढ़िया पर थोड़ी कड़वी गोली ही देती आ रही थीं। इस बार उन्होंने मीठी गोली दी है। बीमारों की बीमारी बहुत हद तक उन्हें दूर हो गई लगती है।

सुबह 11 बजे जब वित्तमंत्री ने बजट भाषण पढ़ना शुरू किया तो बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज 550 अंक आगे बढ़ चुका था और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज 150 अंक आगे चल रहा था। दोपहर बारह बज कर 16 मिनट पर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज की बढ़त मात्र 550 अंकों से गिरकर मात्र 375 अंकों की रह गई थी जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की बढ़त 150 अंकों से गिर कर मात्र 96 अंकों पर आकर फ्लक्चुएट कर रही थी। लेकिन, जैसे ही दोपहर के 1 बजे, ज्योंही वित्तमंत्री ने आयकर छूट की घोषणा की, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज की बढ़त 1172.34 पर जा पहुंची। आप समझ सकते हैं तो समझें, इस बजट को बाजार ने सराहा है। शाबाशी दी है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स आज सेसेंक्स 61000 के पार चला गया था।

यह अमृतकाल का पहला बजट था। अमृतकाल के इस पहले बजट में कपास की खेती के लिए पीपीपी सिस्टम के तहत काम करने की बात कही गई है। कहा गया है कि आईसीएमआर के लैब्स पूरे देश में खोले जाएंगे। भारत को 2047 तक पूरी तरह एनीमिया मुक्त कर दिया जाएगा। 157 नए नर्सिंग कॉलेज खोलने की भी घोषणा की गई है। इसके अलावा आप गौर करें तो पाएंगे कि वित्त मंत्री ने उन कैदियों की भी सुध ली है, जो बेचारे धनाभाव में जेल में पड़े हुए हैं। सरकार उन्हें वित्तीय मदद देने की सोच रही है। इसके अलावा एकलव्य स्कूलों के लिए 38800 शिक्षकों की भर्ती की भी बात इस बजट में है। चिकित्सा के क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर को बढ़ावा देने की बात की गई है तो खेती में स्टार्टअप को बढ़ावा देने का भी प्रस्ताव दिया गया है। रेलवे पर कुल 2.4 लाख करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे और रेलवे की 100 नई योजनाओं पर तेजी के साथ काम किया जाएगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के कुल आवंटन में 66 फीसद की बढ़ोत्तरी करते हुए इसका बजट 79 हजार करोड़ रुपये करने का भी प्रस्ताव है। बागवानी सेक्टर में भी 2200 करोड़ रुपये का बजट आवंटित करने का प्रस्ताव है तो व्यापार करनेवालों के लिए अब उनकी पहचान का काम उन्हें जारी पैन कार्ड से ही हो जाएगा। इतना ही नहीं, अब केवाईसी की प्रक्रिया को भी आसान बनाने की पहल की जा रही है। आने वाले दिनों में केवाईसी को लेकर जो इतना लफड़ा होता रहता था, वह सब दूर हो जाएगा।

अपने पांचवे बजट भाषण में वित्तमंत्री ने किसानों पर दरियादिली दिखाई है। उन्होंने किसानों के केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) पर मिलनेवाली छूट को बरकरार रखा है तो खेती के क्षेत्र में प्राइवेट लोगों के प्रवेश के लिए भी रास्ता बना दिया है। किसानों की आमदनी बढ़े, इसके लिए वह किसानों को डिजिटल ट्रेनिंग देने का भी प्रस्ताव दे रही हैं। इस बार वित्तमंत्री का ध्यान ई-न्याय ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# बम बम बजट

## 7 लाख रुपए तक की सालाना आय पर नहीं लगेगा कोई टैक्स

**विशेष प्रतिनिधि। नई दिल्ली**

साल 2023-24 के लिए पेश बजट में वित्तमंत्री सीतारमण ने टैक्स कटौती समेत तमाम बड़े ऐलान किए। अब 7 लाख रुपए तक की सालाना आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। वित्त मंत्री ने महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को बड़ी सौगात दी, तो किसानों, युवाओं और छात्रों के लिए बड़े ऐलान भी करने में पीछे नहीं रहीं। देशभर में 50 नए एयरपोर्ट्स का निर्माण करने की बात आई तो एक साल के लिए फ्री राशन स्कीम का ऐलान भी उन्होंने किया। वित्तमंत्री ने कहा कि कृषि से जुड़े स्टार्टअप को प्राथमिकता दी जाएगी। युवा उद्यमियों द्वारा कृषि-स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि त्वरक कोष की स्थापना की जाएगी तो वहीं, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन को ध्यान में रखते हुए कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये करने का ऐलान कर दिया। एग्रीकल्चर एक्सीलेटर फंड बनाने की भी घोषणा की गई। वित्त मंत्री ने हस्तशिल्प और अन्य वस्तुओं के निर्माण में लगे सीमांत श्रमिकों के लाभ के लिए एक नई पीएम विकास योजना की घोषणा भी की। एक नई योजना- पीएम प्रणाम योजना की भी शुरुआत होगी। यह योजना वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने के लिए होगी। इसके अलावा गोबर्धन स्कीम के तहत 500 नए संयंत्रों की स्थापना की जाएगी। अगले 3 सालों में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए मदद की जाएगी। 10,000 बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर खोले जाएंगे। 157 नए नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जाएंगे।

वित्तमंत्री ने बुधवार को महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को भी तोहफा दिया। उन्होंने महिला सम्मान बचत पत्र योजना की शुरुआत की घोषणा की। इसमें महिलाओं को 2 लाख की बचत पर 7.5 प्रतिशत का ब्याज मिलेगा। वरिष्ठ नागरिक खाता स्कीम की सीमा 4.5 लाख से 9 लाख की जाएगी। रेलवे के बजट को बढ़ाकर इस बार 2.4 लाख करोड़ कर दिया गया है। रेलवे में 100 नई योजनाओं की शुरुआत होगी। निजी क्षेत्र की मदद से 100 योजनाओं की पहचान की गई है, जिस पर आगे काम किया जाएगा। रेलवे की नई योजनाओं के लिए 75 करोड़ रुपये का अतिरिक्त फंड दिया गया है। आने वाले वित्त वर्ष में जो नई परियोजना शुरू होंगी उन पर इसे खर्च किया जाएगा।



“वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में बच्चों और किशोरियों के लिए एक नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी बनाने का प्रस्ताव रखा है। इसके जरिए कोरोना महामारी के दौरान बच्चों की पढ़ाई को हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी। महिला सम्मान बचत पत्र योजना शुरू होगी। इसमें महिलाओं को 2 लाख की बचत पर 7.5 फीसदी का ब्याज मिलेगा। वरिष्ठ नागरिक खाता स्कीम की सीमा 4.5 लाख से 9 लाख की जाएगी।”

## हर वर्ग का सपना होगा पूरा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट 2023-24 को लेकर अपने संबोधन में कहा कि करोड़ों विश्वकर्मा इस देश के निर्माता हैं। मूर्तिकार, शिल्पकार यह सभी देश के लिए मेहनत करते हैं। देश इस बजट में पहली बार अनेक प्रोत्साहन योजना लेकर आया है। ऐसे लोगों के लिए टेक्नोलॉजी, क्रेडिट और मार्केट की योजना की गई है। पीएम विश्वकर्मा योजना यानी विकास इन विश्वकर्माओं के लिए बड़ा बदलाव लाएगा। उन्होंने कहा : गांव में रहनेवाली महिलाओं से लेकर शहरी महिलाओं के लिए सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। ऐसे अनेक कदमों को पूरी ताकत से आगे बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा महिलाओं के सेल्फ हेल्प ग्रुप भारत में बड़ी जगह अपने लिए ले चुका है। इन्हें संबल देने के लिए नई पहल बजट में किया गया है। महिलाओं के लिए एक विशेष बजट योजना भी शुरू की जा रही है। जन धन अकाउंट के बाद यह विशेष बचत योजना सामान्य परिवार की माओं को बड़ा फायदा देने वाली है।

मोदी ने कहा : भारत सरकार ने सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना बनाई है। सबसे बड़ी स्टोरेज कैपेसिटी के लिए। अब हमें डिजिटल पेमेंट की सफलता के लिए कृषि सेक्टर में दोहराना है। इसलिए इस बजट में हम डिजिटल एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर की बड़ी योजना लेकर आए हैं। हम मोटा अनाज (बाजरा) के लिए बड़ी योजना लेकर आए हैं। जब यह घर-घर पहुंच रहा है, पूरी दुनिया में पॉपुलर हो रहा है, तो इसका सबसे ज्यादा फायदा भारत के किसानों को होना है। इसलिए बजट में इसके लिए श्रीअन्न की बड़ी योजना बनाई गई है। इससे हमारे आदिवासी भाई-बहन जो किसानी करते हैं, उन्हें फायदे मिलेंगे और देश को इस क्षेत्र में बढ़ावा मिलेगा। बजट में हमने तकनीक और न्यू इकोनॉमी पर बहुत बल दिया है। डिजिटल भारत आज रेल, मेट्रो, वॉटरवेज आदि जगहों पर है।

*“भारत को नियमित रूप से बाजार अध्ययन, वैश्विक व्यापार की गतिशीलता को समझने के लिए क्षेत्र विशेष अध्ययन, व्यापार में बाधाएं, बाजार में प्रवेश के अवसर आदि के अध्ययन के लिए एक संस्थागत तंत्र की आवश्यकता है। इसमें एमएसएमई समूहों के लिए विशिष्ट बाजारों की मैपिंग भी शामिल हो सकती है। निर्यात सूचना पोर्टल के माध्यम से निर्यातकों को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जानी चाहिए।*

– फिक्की

## बजट में ये है खास

- सरकार ने नए टैक्स रिजीम के तहत इनकम टैक्स के स्लैब में भी बदलाव किए हैं। व्यक्तिगत आयकर की नई टैक्स दर अब 0-3 लाख रुपये की सालाना इनकम तक शून्य, 3 से 6 लाख रुपये तक 5 फीसदी, 6 से 9 लाख रुपये तक 10 फीसदी, 9 से 12 लाख रुपये 15 फीसदी, 12 से 15 लाख रुपये तक 20 फीसदी और 15 लाख से ऊपर 30 फीसदी रहेगी।
- वित्त मंत्री ने रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपये का ऐलान किया, जो अब तक का सबसे बड़ा रेल बजट है। साथ ही यह साल 2013-14 में रेलवे को दिए गए पैसे का करीब 9 गुना है।
- वित्त मंत्री ने 5.94 लाख करोड़ के रक्षा बजट का ऐलान किया। इस बार रक्षा बजट में सरकार ने नए हथियारों की खरीद, सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण, रक्षा क्षेत्र से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर और आत्मनिर्भर भारत पर खासा जोर दिया है।
- वित्त मंत्री ने कहा कि कस्टम ड्यूटी, सेस, सरचार्ज दर में बदलाव किया गया है। खिलौनों पर लगने वाले सीमा शुल्क घटाकर 13 फीसदी किया गया यानी अब खिलौने सस्ते हो जाएंगे। इसके अलावा साइकिल को भी सस्ता किया गया है। लिथियम आयन बैटरी पर कस्टम ड्यूटी में राहत दी गई है।
- वित्त मंत्री ने बताया कि अगले तीन वर्षों में 740 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के लिए 38 हजार शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। वहीं बच्चों की शिक्षा व्यवस्था भी बेहतर होगी।
- अगले वित्त वर्ष में जीडीपी के 5.9 फीसदी पर रहेगा राजकोषीय घाटा। वित्त मंत्री ने अगले वित्त वर्ष के दौरान देश के राजकोषीय घाटा या फिस्कल डेफिसिट के जीडीपी के 5.9 फीसदी पर रहने का अनुमान जताया।
- वित्त मंत्री ने कहा कि 2,200 करोड़ रुपये के एक्सपेंडिचर से हाई वैल्यू बागवानी फसलों के लिए रोग-मुक्त, क्वालिटी वाले पौध सामाग्री की उपलब्धता बढ़ाने के लिए आत्मनिर्भर स्वच्छ पौध कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।
- वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान पैकेज का ऐलान किया। इसके जरिए कारीगरों और शिल्पकारों की गुणवत्ता में सुधार लाने, उनके उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुंचाने और एमएसएमई वैल्यू चेन से जोड़ने की कोशिश की जाएगी।

## आत्मनिर्भरता वाला बजट



***अमृतकाल*** का 2023-24 का बजट वित्त मंत्री ने आम आदमी गरीबों किसानों, ग्रामीण युवाओं के साथ-साथ मध्यमवर्गीय नौकरी पेशा को ध्यान में रखकर एक सराहनीय बजट प्रस्तुत किया गया है। इसमें देश में समावेशी विकास की ओर ले जाने का प्रयास किया गया है। शहरी महिलाओं से लेकर ग्रामीण महिलाओं के साथ-साथ वीमेन सेल्फ हेल्प के साथ सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण विकास पर बल दिया गया है। आधुनिक खेती के लिए किसानों को डिजिटल ट्रेनिंग के साथ उनके कृषि विकास के लिए ऋण की सुविधा का प्रावधान कर सतत विकास पर बल दिया है। पूंजीगत निवेश में 10 प्रतिशत की वृद्धि तथा संसाधनों के विकास पर लगभग 10 लाख करोड़ का निवेश, निश्चित रूप से रोजगार का सृजन होगा तथा लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) में 2 लाख करोड़ का निवेश आर्थिक विकास को बल प्रदान करेगा। यदि इसका कार्यान्वयन ईमानदारीपूर्वक समयबद्ध रूप में किया जायेगा। रेलवे के विकास के लिए 2.4 लाख करोड़ का प्रावधान कर वित्त मंत्री ने इसमें रोजगार में वृद्धि के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों के विकास पर भी बल दिया है। पिछड़े राज्य विशेषकर झारखंड प्रदेश के विकास के लिए 50 साल के लिए 1.5 लाख करोड़ ऋण की व्यवस्था का प्रोत्साहन देकर जिले के विकास पर भी बजट को केंद्रित किया गया है। नगर निगम अपना ब्रांड ला सकते हैं। इसके अंतर्गत जिले के विकास में भी वृद्धि हो सकती। अप्रत्यक्ष एवं प्रत्यक्ष कर में छूट देकर गांव के काश्तकारों से लेकर नौकरीपेशा, मध्यमवर्गीय नागरिकों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ प्रदान करेगा। गोवर्धन स्कीम के अंदर 500 प्लांट बनाने का प्रावधान किया गया, इससे झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों को लाभ मिलेगा। साथ ही हरित विकास के माध्यम से पर्यावरण पर विशेष बल दिया गया है। ऑर्गेनिक खेती के साथ-साथ ग्रामीण शिल्पकार एवं कर्मकार के लिए भी इस बजट में विशेष प्रावधान किया गया है। झारखंड के आदिवासी किसानों को भी हरित ऋण के माध्यम से इनके विकास निश्चित रूप से सराहनीय कदम माना जा सकता है। संक्षेप में इसे एक आत्मनिर्भर बनानेवाली बजट की संज्ञा दी जा सकती है। बशर्ते राजकोषीय घाटा को 5.9 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया जाना चाहिए था। आय से व्यय में यह अंतर आर्थिक रूप से देश पर ऋण का बोझ बढ़ाने की आशंका रहेगी।

**– प्रो. एस. के. एल दास (पूर्व विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र एवं पूर्व डीन, बीबीएमकेयू)**

## क्या सस्ता

- मोबाइल फोन और कैमरे के लेंस सस्ते होंगे
- विदेश से आनेवाली चांदी सस्ती होगी
- एलईडी टीवी और बायोगैस से जुड़ी चीजें सस्ती होंगी
- कुछ टीवी पुर्जों पर कस्टम ड्यूटी घटा दी गई है
- इलेक्ट्रिक कारें, खिलौने और साइकिल सस्ती होंगी
- हीट क्वायल पर कस्टम ड्यूटी घटाई गई, इससे जुड़े प्रोडक्ट सस्ते होंगे

## क्या महंगा

- सोना-चांदी और प्लेटिनम महंगा होगा
- सिगरेट महंगी होगी, ड्यूटी बढ़ाकर 16 प्रतिशत की गई
- इंपोर्टेड दरवाजे और किचन की चिमनी महंगी होगी
- विदेशी खिलौने महंगे होंगे



## करदाताओं को चुनावी उपहार

अब नया टैक्स रिजिम डिफॉल्ट रिजिम होगा

| आय | टैक्स |
|---|---|
| 0-03 लाख तक | कुछ नहीं |
| 3-06 लाख तक | 05% |
| 6-09 लाख तक | 10% |
| 9-12 लाख तक | 15% |
| 12-15 लाख तक | 20% |
| 15 लाख से अधिक पर | 30% |




# वित्तमंत्री की मध्यम वर्ग को साधने की शानदार कोशिश



आशुतोष मिश्रा

***वित्त*** मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2023-24 का आम बजट पेश कर दिया है। इस बजट में उन्होंने बड़ा ऐलान करते हुए सात लाख रुपये तक की कुल कमाई करने वालों को बड़ी राहत दी है। इन लोगों को अब कोई टैक्स नहीं देना होगा। इसके अलावा इनकम टैक्स स्लैब की संख्या भी घटाकर 5 कर दी गई है। इससे मध्यम वर्ग जीवन के हर क्षेत्र में मुख्य धारा बना है। इस बजट में मध्यम वर्ग को सबसे ज्यादा राहत देने की कोशिश की गई है। इसस उनका जीवन स्तर सुधरेगा। सरकार ने मध्यम वर्ग के हित में कई फैसले लिए हैं। टैक्स कम किया गया है और उसकी प्रक्रिया भी आसान कर दी गई है। बजट में वित्त मंत्री ने महिला बचत सम्मान योजना लॉन्च करने का भी ऐलान किया है। उनका कहना है कि इससे महिलाएं बचत के लिए प्रोत्साहित होंगी। इसके तहत 7.5 फीसदी का सालाना ब्याज मिलेगा।

अन्नदाता किसानों के लिए भी वित्त मंत्री ने श्री अन्न योजना लॉन्च करने का ऐलान किया है। इसके तहत मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा। श्री अन्न योजना शुरू करने का ऐलान किया है। इसके तहत बाजरा, ज्वार, रागी जैसे मिलेट्स के उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके अलावा मिलेट्स संस्थान की भी हैदराबाद में स्थापना की जाएगी।वित्त मंत्री ने बजट पेश करते हुए कहा कि दुनिया में मंदी के माहौल में भी भारत की आर्थिक ग्रोथ सात फीसदी तक रहने का अनुमान है। यह भारत के लिए बड़ी सफलता है। उन्होंने कहा कि देश की इकॉनमी का आकार बढ़ा है और हम दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि यह अमृतकाल का पहला बजट है। बीते कुछ सालों में हमने इकॉनमी को मजबूत करने के लिए जो नींव रखी थी, अब उस पर मजबूत इमारत खड़ा करने का मौका है। बजट में रेलवे के लिए 2.4 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। वहीं अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए हर वर्ष 10 हजार करोड़ रुपये की रकम जारी की जाएगी।वित्त मंत्री ने शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट फंड का ऐलान किया है। टायर 2 और टियर 3 के शहरों के विकास में 10 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा वित्त मंत्री ने कहा कि शहरी स्थानीय निकायों को भी वित्तीय स्थिति मजबूत करने के लिए इन्सेंटिव दिए जाएंगे।




**फार्मास्यूटिकल उद्योग के विकास में सरकार 1250 करोड़ रुपये करेगी खर्च**

**जल जीवन मिशन के मामले में यह आंकड़ा है 70 हजार करोड़ रुपये**

बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा, अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट फंड बनाया जाएगा। इसका मैनेजमेंट नेशनल हाउसिंग बैंक देखेगा। इसका इस्तेमाल उन सरकारी एजेंसियों के लिए किया जाएगा जो कि टियर-2 और टियर-3 के शहरों का विकास करेंगी। उन्होंने कहा कि राज्यों को यूआईडीएफ का फायदा मिलेगा। इसके अलावा सरकार शहरों को इन्सेंटिव देगी जिससे कि वे अपनी अर्थव्यवस्था सुधार सकें और म्यूनिसिपल बॉन्ड के लिए तैयार हो सकें। सरकार ने स्वास्थ्य से लेकर आवास तक कई योजनाओं में बड़े स्तर पर खर्च की तैयारी की है। आंकड़े बताते हैं कि फार्मास्यूटिकल उद्योग के विकास में सरकार 1250 करोड़ रुपये खर्च करेगी। जल जीवन मिशन के मामले में यह आंकड़ा 70 हजार करोड़ रुपये है।

**(लेखक गंगोत्री देवी महाविद्यालय, गोरखपुर के व्यवस्थापक हैं)।**

“इलेक्ट्रिक व्हीकल के निर्माण में 5172 करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री आवास योजना में 79,590 करोड़ रुपये, एकलव्य मॉडल रेसिडेंशियल स्कूल में 5943 करोड़ रुपये, पूर्वोत्तर में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए 2491 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।युवा उद्यमियों द्वारा कृषि-स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि कोष बनाया जाएगा। वहीं, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मिशन मोड पर काम किया जाएगा।”

### डीसी ने की जिलास्तरीय खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारिणी समिति की बैठक

# नये लाभुकों को प्राथमिकता दी जाये



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा मिशन रांची। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बुधवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन- दलहन एवं मोटे अनाज योजना के क्रियान्वयन हेतु वार्षिक कार्य योजना 2022-23 पर विचार विमर्श एवं अनुमोदन हेतु जिलास्तरीय खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारणी समिति की बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन, पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन- दलहन के वार्षिक कार्य योजना 2022 -23 के अनुमोदित प्रस्ताव के तहत वार्षिक कार्य योजना कुल 90,75,715. 00 (नब्बे लाख पचहत्तर हजार सात सौ पंद्रह रू०) मात्र पर जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारणी समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन- मोटे अनाज के वार्षिक कार्य योजना 2022 -23 के अनुमोदित प्रस्ताव को 8,46,500.00 (आठ लाख छियालीस हजार पांच सौ रु०) मात्र पर जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारणी समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। इस योजना के संबंध में उपायुक्त-सह- अध्यक्ष द्वारा निम्न निर्देश दिए गये। योजना के क्रियान्वयन में लाभुक के चयन प्रक्रिया में दोहरीकरण न करते हुए नए लाभुक को प्राथमिकता दें। चयन के क्रम में कम से कम 30% महिला कृषकों की भागीदारी सुनिश्चित करे। बीज वितरण कार्य में स्थानीय जनप्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य रखी जाए। चयनित लाभुकों का पंजीकरण अवश्य करें। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन- दलहन योजनान्तर्गत राज्यादेश विलम्ब से प्राप्त होने के कारण वार्षिक कार्य योजना 2022-23 में खरीफ फसल का प्रत्यक्षण नहीं हो पाया, उन फसलों के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए गरम मूंग का प्रत्यक्षण कराएं जाने के प्रस्ताव पर जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारणी समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन- दलहन के वार्षिक कार्य योजना 2022 -23 में 20 % कंपानेंटल चेंज के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव के अलोक में जिलास्तरीय खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारणी समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि कृषि यंत्र से संबंधित जिन कृषि यंत्रों को लेने के लिए कृषक इच्छुक नहीं हैं। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि कृषि यंत्र मद में भौतिक लक्ष्य उपरान्त उक्त मद अवशेष राशि से अतिरिक्त भौतिक लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त द्वारा योजना का क्रियान्वयन पूरी पारदर्शिता के साथ करने का निर्देश दिया गया।

# कुटियातू से 501 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा



**नवन मेल संवाददाता। नामकुम**
पूजा समिति कुटियातू की ओर से संकट मोचन हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया है। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व बुधवार की सुबह 501 महिलाओं ने कलश यात्रा में शामिल हुई। यह कलश यात्रा कुटियातू स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर से सदाबहार चौक होते हुए घाघरा स्थिति स्वर्णरेखा नदी पहुंचकर पुजारी द्वारा विधि विधान के साथ से कलश में जल भरकर जयकारे साथ मंदिर पहुंचे। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में रांची के विधायक व पूर्व मंत्री सीपी सिंह व पूर्व विधायक रामकुमार पाहन शामिल हुए।इस मौके पर समिति के कंदुरु महतो, रमेश महतो, रामअवतार साह, पूर्व मुखिया शारदा टोप्पो, मुखिया निशा उरांव, ग्राम प्रधान बंदना उरांव,, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, बालू महतो, रमेश महतो, दिलीप साहू सहित अन्य लोग शामिल थे।

## जी 20 की बैठक को लेकर तैयारियां शुरू

**रांची।** जी 20 को लेकर रांची में आगामी 01 मार्च 2023 को विदेशी मेहमानों का आगमन होना है। इसे लेकर उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में रांची क्षेत्र के सौंदर्यीकरण को लेकर मुख्य बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। रांची एयरपोर्ट से होटल रेडिशन ब्लू तक के मार्ग एवं उसके आस पास साफ-सफाई का कार्य कराने का निर्देश उपायुक्त द्वारा पदाधिकारियों को दिया गया। साथ ही होटल के पास पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। विदेशी मेहमानों के पर्यटन को लेकर भी उपायुक्त ने होटल रेडिशन ब्लू से पतरातु जाने वाले रास्तों और उनके समांतर खड़ी दीवारों पर रंगरोगन करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने रांची एयरपोर्ट से लेकर रेडिशन ब्लू होटल एवं पतरातु तक जाने वाली प्रमुख सड़कों की मरम्मत करने का भी निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। उपायुक्त द्वारा सड़कों एवं चौक चौराहो के पास से नियमित कचड़े का उठाव करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने रांची से पतरातु जाने के मार्ग पर बिजली के खम्बों और बेतरतीब तरीके से बिछे हुए बिजली के तारों को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। मुख्य सड़कों के पास लगाई जाने वाली अवैध पार्किंग और रास्तों पर लगे विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के झण्डे हटाने का भी निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया ।

# बुढ़मू में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए चलाया गया अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। बुढ़मू**
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए दिनांक 2 फरवरी 2023 से 25 फरवरी 2023 के अंतर्गत सर्वजन दवा सेवन का कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिसमें सीएससी केंद्र के अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केंद्र 230 में 10 फरवरी 2023 को बूथ पर दवा खिलाई जाएगी। इसके बाद 14 दिन 25 फरवरी 2023 तक गांवों में घर - घर जाकर दवा सेवन कराई जाएगी। इसका प्रशिक्षण सभी दवा प्रशासक को बुढ़मू में 50 - 50 के बैच बनाकर दी जा रही है। इस दौरान बुधवार को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण जिला स्तर के मलेरिया पदाधिकारी रांची के डॉक्टर एस.के. साबरी एवं फाइलेरिया के पदाधिकारी श्रीमती राजकुमारी विधोत्वमा व सुनील कुमार सहित अन्य ने दी। प्रशिक्षण सीएचसी केंद्र बुढ़मू के प्रभारी पूनम कुमारी की देखरेख में आयोजित की ग गई। मौके पर मिथिलेश कुमार मंडल, हीरालाल रजवार, राजीव रंजन, सुरेंद्र उरांव, परवेज खान, बीपीएम अनीता किरण मिंज एवं स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू के कई कर्मचारी उपस्थित थे।

### बजट में शिक्षा रोजगार खत्म



बजट में डिजिटल लाइब्रेरी स्वागत योग्य है। लेकिन झारखंड में केंद्रीय विश्वविद्यालय और शिक्षा, रोजगार के प्रति विशेष पैकेज मिलेगा ऐसी उम्मीद थी। झारखंड के युवा छात्रों के लिए उच्च शिक्षा में प्रधानमंत्री फेलोशिप योजना का लाभ पहुंचे इसका भी सुनिश्चित होना चाहिए था। एकलव्य मॉडल स्कूलों में नियुक्ति प्रक्रिया जल्द हो ।

**अजीत विश्वकर्मा, छात्र नेता - झारखंड छात्र मोर्चा**

# सफलतापूर्वक बंध्याकरण ऑपरेशन



**नवीन मेल संवाददाता। बुढ़मू**
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू में प्रखंड के विभिन्न गांवों के 31 महिलाओं का सफलता पूर्वक बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन चिकित्सा प्रभारी पूनम कुमारी की देखरेख में की गई। बंध्याकरण, ऑपरेशन के सफल आयोजन में स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू के सीएचसी प्रभारी पूनम कुमारी, बीपीएम अनीता किरण मिंज, सुदालेन , मनोरमा, विक्रम तिर्की, अजीत कुमार , अजय सिंह, राजू कुमार, अबुल कलाम, रानी देवी, डॉक्टर कृति कुमारी सहित स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू के कई डॉक्टरो एवं स्वास्थ्य कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।

# एकादशी अनुष्ठान संकीर्तन का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची। माघ शुक्ल पक्ष एकादशी के शुभ अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वधान में हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में बुधवार को एकादशी अनुष्ठान संकीर्तन का दिव्य आयोजन किया गया। चांदनी एकादशी के कारण मंदिर के पट प्रातः 5:00 बजे खुलते ही बड़ी संख्या में भक्तगण श्री श्याम मंदिर पहुंचने लगे । मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि प्रातः 5:30 मंगला आरती 8:30 श्रृंगार पंच आरती वह दोपहर 12:15 बजे शंख आरती करके मंदिर के पट बंद कर दिए गए। रात्रि 7:00 बजे ग्वाल 8:30 बजे विश्राम आरती की गई । इस अवसर पर मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को नवीन पोशाक पहनाया गया। खाटू धाम के श्री श्याम मंदिर के अनुरूप खाटू नरेश का लाल गुलाब पीला गुलाबी मेरून सफेद डालिया लाल गेंदा फूल रजनीगंधा की मोटी मोटी फूल मालाओं से खाटू नरेश को सजाया गया। हनुमान जी महाराज श्याम ईश्वर महादेव का भी विशेष श्रृंगार किया गया। जया एकादशी का मुख्य समारोह रात्रि 9:30 बजे प्रारंभ हुआ कांके रोड निवासी राजेश सिंघानिया सारिका सिंघानिया वह हर्ष सिंघानिया ने परिवार के साथ खाटू नरेश की अखंड ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा दूध रबड़ी नारियल पंचमेवा संतरा फल मगही पान का भोग अर्पित किया ।सुगंधित गुलाब के इतर चढ़ाकर सिंघानिया परिवार ने खाटू नरेश की चौखट पर मत्था टेककर परिवार की खुशहाली की कामना की । इसके बाद मंडल के अध्यक्ष सुरेश सराओगी के नेतृत्व में संगीतमय भजनों का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। श्रवण ढानढनिया श्याम सुंदर शर्मा गौरव अग्रवाल सलज अग्रवाल सोनू अनुज मोदी साकेत ढानढनिया मनोहर केडिया पंकज गाड़ोदिया स्नेह पौदार अनिल नागौरी ने एक से बढ़कर एक भजनों का गायन कर उपस्थित सैकड़ों भक्तों को झुमाया अखंड ज्योति में आहुति देने के लिए भक्त जनों की लंबी लंबी कतारें लगी रही । भक्तजन श्री श्याम बाबा की जय जयकार करते हुए भाव विभोर होकर अपनी अपनी मनोकामनाएं प्रस्तुत कर रहे थे। देर रात तक भजनों का कार्यक्रम चलता रहा एकादशी कीर्तन की ज्योति प्रज्वलित होते ही प्रसाद वितरण प्रारंभ हो गया 300 से ज्यादा भक्तजनों ने प्रसाद प्राप्त किया। राजेश सिंघानिया, अन्नपूर्णा सराओगी, विश्वनाथ बागला, सुभाष रौनक, शिव कुमार, वैद्य हर्ष सिंघानिया श्याम भक्तों ने क्रमशः श्रृंगार रबड़ी प्रसाद पोशाक पंचमेवा इतर व गिरी गोला की सेवानिवृत्त की।

### आयकरदाताओं को 7 लाख तक की छूट



झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन एवं झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने केंद्र सरकार के आम बजट को संतुलित एवं ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में आम बजट प्रस्तुत किया गया। जिसमें नये उद्यमियों को भरपूर आर्थिक सहयोग व उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न छूटों की घोषणा की। जबकि फार्मा सेक्टर के बढ़ावा हेतु स्कूलों की स्थापना, उच्च शिक्षा को बढ़ावा देना, स्वास्थ्य क्षेत्र में नये व अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हॉस्पिटलों के स्थापना हेतु बजट प्रस्तुत करना देश की जनता के बीच अमृत वर्ष में अमृत वर्षा के जैसा है। जबकि रेलवे क्षेत्रों में विकास हेतु 2 लाख करोड़ खर्च का लक्ष्य अबतक के बजटों से सर्वाधिक प्रवधान की घोषणा भी सरकार के विकास लक्ष्य को दर्शाती है। वहीं व्यक्तिगत आयकरदाताओं को छूट 5 लाख से बढ़ाकर 7 लाख करना आम जनता को भारी भरकम छूट दिया गया है अब 7 लाख तक सालाना आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। जहां 12 लाख तक की आय में 180000/- का आयकर देना पड़ता था वह अब ? 135000/- ही लगेगा,जो पूरा व्यापार वर्ग व आयकरदाता के लिए बहुत संतोषजनक है।

**संजय सर्राफ, कपड़ा व्यवसायी, रांची**

### लोककल्याणकारी बजट स्वागत योग है



2 वर्ष के कोरोना महामारी और लॉकडाउन के विभीषिका के बाद इस प्रकार का लोक कल्याणकारी बजट का हम स्वागत करते हैं। यह बजट समावेशी विकास को इंगित करता है। महिलाओं और बुजुर्गों के लिए इस बजट में खास ख्याल रखा गया है साथ ही साथ ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री और खासकर इलेक्ट्रिक व्हीकल के लिए जो बजटीय उपबंध किए गए हैं, वह भारत की ग्रोथ के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस बजट से हर वर्ग के लोगों को लाभ मिलेगा।

**दीपेश निराला, सामाजिक कार्यकर्ता**

### कोरोना की मार के बाद ये बजट उम्मीद देने का काम करेगी



कोरोना की मार के बाद ये बजट उम्मीद देने का काम करेगी , इसमें सबके लिए कुछ न कुछ है नारी ससक्तिकरण से लेकर ध्यान दिया गया है। इस बजट में इस बार मैन्युफैक्चरिंग और मेक इन इंडिया को बढ़ावा दिया गया है। साथ ही फोकस किया है कि भारत को एक मजबूत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लेकर जाना है। 7 लाख रुपये तक सालाना कमाई करने वाले लोगों को अब जीरो टैक्स देना होगाअपनी बचत से जुड़ी सभी जानकारी सरकार को देते हैं। भारत में सर्वाधिक इनकम टैक्स 42.7 फीसदी है, जो दुनिया में सबसे ज्यादा है। इसे अब 39 फीसदी तक ला दिया गया है।

**एफसीएस रोहित प्रकाश प्रीत**

### आम बजट सराहनीय, मध्यम वर्ग को राहत



आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोकसभा में पेश किए गए वर्ष 2023-24 के आम बजट की सराहना की है और कहा है कि इस बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। बजट में विशेषकर मध्यमवर्ग व नौकरीपेशा वर्ग के लिए राहत की घोषणा की गई है। बजट में मध्यम वर्ग की तकलीफों को समझ कर आयकर में राहत दी गई है। लोगों के स्वास्थ्य का भी ख्याल रखा गया है।

**आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव**

### जनजातीय समुदाय को बजट में मिली राहत



राज्यसभा के पूर्व सांसद अजय मारू ने संसद में पेश केंद्रीय बजट को विकासन्मुख बताया है। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री मारु ने कहा कि बजट में जनजातीय समुदाय के लिए राहत दी गयी है। विलुप्त हो रहे जनजातीय समाज के जीवन को सुधारने के लिए भी वजट में कदम उठाए गए है। श्री मारु ने कहा कि किसानों को भी बजट राहत दी गयी है। उन्होंने कहा कि रेलवे की नई एवं पुरानी परियोजनाओं के लिए खर्च की राशि बढ़ायी गयी। श्री मारु ने कहा की रेलवे की नई परियोजनाओं के लिए 75 हजार करोड़ का प्रावधान बजट में किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्यों के साथ वायू सेवा बढ़ाने के लिए 50 नए एयरपोर्ट बनाने के लिए बजट में जोर दिया गया है जो स्वागत योग्य है। हमारे देश के पर्यटन पर विशेष ध्यान देते हुए 'देखो अपना देश' को बढ़ावा देने के लिए 50 नए पर्यटन स्थल का सम्पूर्ण विकास भी एक अच्छा कदम है।

**अजय मारू, पूर्व राजसभा सांसद**

### सभी की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट



आजादी के अमृत काल में पेश ₹विकसित भारत, सशक्त भारत₹ के संकल्प को पूर्ण करने के उद्देश्यों से लोक-कल्याणकारी आम बजट 2023-24 का स्वागत करता हूं। इस बजट में सभी वर्गों का ख्याल रखा जाना और खासकर मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देना सराहनीय कदम है।आम बजट गांव, गरीब, किसान, नौजवान व महिलाओं समेत समाज के हर वर्ग की उम्मीदों और राष्ट्र के समग्र उत्थान की अपेक्षाओं व आकांक्षाओं को पूरा करने वाला है। पीएम आवास योजना के लिए 66 प्रतिशत बढ़ोत्तरी, भारतीय रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ का आवंटन करने की व्यवस्था जो अब तक का सबसे बड़ा है, केंद्र सरकार की दूरदर्शी सोच को प्रकट करता है। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के लिए अगले 3 वर्षों में 38,000 शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों की भर्ती, शिक्षित एवं विकसित भारत के अभियान को गति देगा तथा जनजातीय समाज की प्रतिभाओं को निखारने में मील का पत्थर साबित होगा।

**आजसू, अध्यक्ष,सुदेश कुमार महतो**

### दिग्भ्रमित एवं छलावा करने बाला है बजट : सीपीआई



सीपीआई झारखंड राज्य सचिव महेंद्र पाठक एवं जिला मंत्री ने संयुक्त रूप से कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा आज पेश किए गए केंद्रीय बजट देश की 120 करोड़ जनता को दिग्भ्रमित करने बाला और छलने बाला बजट है ,यह आम बजट न होकर एक खास तबके और चुनावी घोषणा पत्र की तरह है।

**अजय सिंह, जिला महामंत्री सीपीआई**

**समारोह** | बिरसा कृषि विश्वविद्यालय का 7वां दीक्षांत समारोह आज

# 1100 से अधिक लोगों को मिलेगी पीएचडी की डिग्री



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
दो फरवरी को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह में कुल 1139 विद्यार्थी ग्रेजुएशन, मास्टर्स और पीएचडी की डिग्री प्राप्त करेंगे। विश्वविद्यालय में नवस्थापित सात कृषि, बागवानी, मात्स्यिकी, दुग्ध प्रौद्योगिकी और कृषि अभियंत्रण महाविद्यालयों के छात्र दीक्षांत समारोह में पहली बार भाग लेंगे। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेश बैस होंगे तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के महानिदेशक डॉ हिमांशु पाठक दीक्षांत भाषण देंगे। कुल 24 छात्र-छात्रों को गोल्ड मेडल मिलेगा जिसमें तीन विद्यार्थियों को अपने सत्र में किसी भी पाठ्यक्रम में सर्वोच्च ओवरआल ग्रेड पॉइंट एवरेज (ओजीपीए) हासिल करने के लिए चांसलर्स यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडल प्रदान किया जायेगा क उनके नाम हैं- वर्ष 2019 के लिए स्वप्निल (8.976ओजीपीए), आनुवंशिकी एवं पौधा प्रजनन विभाग, रांची कृषि महाविद्यालय, वर्ष 2020 के लिए एम देवेंदर (8.928 ओजीपीए), कीट विज्ञान विभाग, रांची कृषि महाविद्यालय तथा वर्ष 2021के लिए काजल कुमारी (9.056 ओजीपीए), बी एफ एससी, मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय, गुमला क कुल 26 छात्र-छात्रों को पीएच डी डिग्री तथा 226 को मास्टर्स डिग्री प्रदान की जाएगीक विभिन्न विषयों और संकायों में स्नातक डिग्री प्राप्त करनेवाले विद्यार्थियों की संख्या 887 है। बुद्धवार को मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए बीएयू के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने यह जानकारी दी क कुलपति ने बताया कि कृषक समुदाय को कृषि, पशुपालन, वानिकी, जैवप्रौद्योगिकी, खाद्य प्रसंस्करण, मत्स्यपालन, डेयरी प्रौद्योगिकी, कृषि यंत्रीकरण आदि की नवीनतम तकनीकों से अवगत कराने के उद्देश्य से बिरसा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 3 से 5 फरवरी तक एक एग्रोटेक किसान मेला का आयोजन विश्वविद्यालय के कांके स्थित मुख्य प्रांगण में किया जा रहा है। मेला में राज्य के किसान, विकास पदाधिकारी, खाद, बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि यन्त्र आदि के निमार्ता-बिक्रेता, बैंक, वित्तीय संस्थान, स्वयंसेवी संस्थायें और आइसीएआर के शोध संस्थान भाग लेंगे। विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाइयों के अलावा प्रतिभागी संस्थाएं कुल 143 स्टालों पर अपनी प्रौद्योगिकी, सेवाओं और उत्पादों को प्रदर्शित करेंगी कइस वर्ष मेला का थीम 'कृषि आधुनिकीकरण द्वारा आय में वृद्धि' रखा गया है। बुद्धवार को मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए बीएयू के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने बताया कि 3 फरवरी को उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम होंगे जबकि 5 फरवरी को समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो होंगे कमेला परिसर में विश्वविद्यालय के 14 थी मेटिक पंडाल, सरकारी संस्थाओं के 27 पंडाल तथा व्यावसायिक 76 पंडाल रहेंगे। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष मिलेट्स घोषित किया गया है इसलिए इस मेला में मोटे अनाजों को समर्पित एक विशेष स्टाल लगाया जा रहा है जहां मिलेट्स के गुणों, उनकी उत्पादन तकनीक और उनसे निर्मित विभिन्न प्रसंस्कृत उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा ताकि लोग जान सकें कि मोटे अनाजों से स्वास्थ्य को क्या फायदे हैं।

**प्रथम वाहिनी, झारखण्ड सशस्त्र पुलिस, राँची**

**-अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना-**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड सशस्त्र पुलिस–1, राँची के लिए बास्केटबॉल/फुटबॉल संबंधी निम्नलिखित खेल सामानों के क्रय हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि 10.02.2023 को निर्धारित की जाती है।

1- Basketball Supply & Fixing of LED Light 200 watt with 24 ft. High Pole & All work (National Level Criteria)
2- Basketball Fencing (National Leval Criteria) 10 ft. Hight Sorrounding One Entrance Gate
3- Football Goalpost with Wheel (National Leval Criteria)
4- Medium Goalpost (National Leval Criteria)
5- Short Goalpost (National Leval Criteria)
6- Football Practice Wooden Wall

अत: इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता दिनांक 10.02.2023., सुबह 11:00 पूर्वा॰ बजें तक निश्चित रूप से निविदा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करेंगे। निविदा दि॰ 10.02.2023, समय 17.00 बजें अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोल जायेगी।

नियम एवं शर्ते :–

1. निविदा में आपूर्तिकर्त्ता का GST का अद्यतन प्रमाण–पत्र अनिवार्य है।
2. आपूर्तिकर्त्ता, सामानों का दर बाजार दर के अनुरूप होना चाहिए।
3. आयकर विभाग द्वारा निर्गत पेन कार्ड की छायाप्रति होना अनिवार्य है।
4. निविदा को अद्योहस्ताक्षरी द्वारा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार पूर्ण रूप से सुरक्षित रहेगा।
5. किसी भी समय निविदा को रद्द करने का पूर्ण अधिकार समादेश्टा, झा॰स॰पु–1, राँची के पास सुरक्षित रहेगा।
6. खेल सामाग्री सरकारी विभाग में आपूर्ति किया हुआ प्रमाण पत्र संलग्न आवश्यक है।

ह०/–
(वाई॰एस॰रमेश) समादेष्टा
झारखण्ड सशस्त्र पुलिस–1, राँची

PR 288945 Police (22-23)_D

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • माघ शुक्ल पक्ष 12 • विक्रम संवत 2079 • गुरुवार, 02 फरवरी 2023 • वर्ष-24 • अंक-03 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50



मैं अलग-अलग रोल करना चाहती...

पेज 12 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे मनोज कौशिक

**रांची।** झारखंड कैडर के 2001 बैच के आईपीएस अधिकारी मनोज कौशिक केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौट आए हैं। उन्होंने राज्य पुलिस मुख्यालय में योगदान दे दिया है। जल्द ही राज्य सरकार उन्हें अहम जिम्मेदारी दे सकती है। आईजी रैंक के अधिकारी मनोज कौशिक सात साल बाद राज्य में वापस लौटे हैं।

### रिम्स के पूर्व सुरक्षा गार्डों पर हमले का आरोप, केस दर्ज

**रांची।** रिम्स के अधिक्षक और चिकित्सा उपाधिक्षक पर पूर्व सुरक्षा गार्डों ने हमला किया है। यह आरोप रिम्स के अधीक्षक हीरेंद्र बिरूआ ने लगाया है। इस संबंध रिम्स अधीक्षक ने बरियातू थाने में पूर्व गार्डों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि एक फरवरी की सुबह पूर्व सुरक्षा कार्ड बरामदे में रखे फर्नीचर, कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद बरियातू पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद सभी गार्डों को हटाया गया।

### मनरेगा आवंटन में 30 फीसदी की कटौती

**नई दिल्ली।** बुधवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट में ग्रामीण नौकरी गारंटी योजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के लिए बजटीय आवंटन में 30 प्रतिशत की कटौती की गई है। इसे घटाकर अब 61,032.65 करोड़ रुपये कर दिया गया है। यह 2022-23 के संशोधित अनुमान 89,154.65 करोड़ रुपये से 30 फीसदी कम है। यह योजना के बजटीय आवंटन में दूसरी सीधी कटौती है।


# दिशाहीन बजट

## राहुल गांधी ने कहा, बजट में कोई विजन नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को पेश केंद्रीय बजट को 'मित्र काल' का बजट करार देते हुए कहा कि इस बजट में कोई दिशा नहीं है। यह दिशाहीन बजट है। उन्होंने कहा कि मित्र काल बजट में नौकरियां पैदा करने के लिए कोई विजन नहीं, महंगाई से निपटने की कोई योजना नहीं है, असमानता को दूर करने का कोई इरादा नहीं है। इस बजट के बारे में क्या कहा जाए। 42 प्रतिशत बेरोजगार लोगों के बारे में कोई चर्चा नहीं की गई है। 1 प्रतिशत सबसे अमीर 40 प्रतिशत संपत्ति के मालिक हैं, 50 प्रतिशत सबसे गरीब 64 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान करते हैं, 42 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं- फिर भी, पीएम को परवाह नहीं है। यह बजट साबित करता है कि भारत के भविष्य के निर्माण के लिए सरकार के पास कोई रोडमैप नहीं है।

**बजट मोदी सरकार पर जनता के गिरते विश्वास का सुबूत :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 2023-24 के बजट को मोदी सरकार पर जनता के लगातार गिरते विश्वास का सुबूत करार दिया है। खड़गे ने बुधवार को बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, मोदी सरकार का बजट जनता का, भाजपा पर लगातार गिरते विश्वास का सबूत है। ये केवल चुनाव को ध्यान रखकर बनाया बजट है, देश को ध्यान में रखकर नहीं। इस बजट में भयंकर बेरोजगारी का हल ढूंढ़ने की कोई भी कोशिश नहीं की है। हर घर महंगाई है, आम इंसान की आफत आई है। उन्होंने कहा कि बजट में ऐसा कुछ नहीं है जिससे रोजमर्रा की वस्तुओं के दामों में कोई भी कमी आये।



### बजट में केवल फैंसी घोषणाएं : वेणुगोपाल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, यह बजट देश की वास्तविक भावना को समझकर पेश नहीं किया गया। देश में बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। लेकिन बजट में केवल फैंसी घोषणाए की गई हैं जो पहले भी की गई थीं, लेकिन कार्यान्वयन नहीं किया गया जैसे पीएम किसान योजना से सिर्फ बीमा कंपनियों को फायदा हुआ किसानों को नहीं।

## रोजगार, महंगाई पर बजट में चुप्पी चिंताजनक : हेमंत


**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बुधवार को पेश केंद्रीय बजट 2023-24 पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आशा के विपरीत शिक्षा, स्वास्थ्य एवं ग्रामीण भारत की जीवन रेखा मनरेगा के बजट में कटौती की गई है। नौकरी, रोजगार, महंगाई आदि विषय पर बजट की चुप्पी चिंताजनक है। विभिन्न कृषि उत्पादों पर मिलनेवाले न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को बढ़ाने पर कोई चर्चा नहीं की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम तो झारखंड की नजर से इसमें अपने राज्य के लिए क्या किया गया है वह ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं। देश को प्रति किलोमीटर रेल पटरी के आधार पर सबसे ज्यादा मुनाफा कमा कर देनेवाले हम हैं, ऐसे में यात्री रेल के परिचालन का दायरा बढ़ना




चाहिए था, हमें नई रेल लाइन मिलनी चाहिए थी, नये ट्रेन मिलने चाहिए थे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मध्यम वर्ग को सहारा देने के लिए भी सिर्फ शिगूफा मात्र छोड़ा गया है। सात लाख वाली नई टैक्स नीति से लोगों ने क्या खोया क्या पाया वह बाद में समझ में आएगा।

**रुपया यहां से आएगा**




**रुपया यहां जाएगा**




## यह बजट आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करेगा : शाह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बजट 2023 को सर्वसमावेशी और दूरदर्शी बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि यह सर्वसमावेशी और दूरदर्शी बजट हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाली मोदी सरकार के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और गति देगा। अमित शाह ने अपने श्रृंखलाबद्ध ट्वीट्स में कहा कि मोदी सरकार द्वारा लाया गया



बजट-2023 अमृतकाल की मजबूत आधारशिला रखने वाला बजट है। मुझे विश्वास है कि यह सर्वसमावेशी और दूरदर्शी बजट हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाली मोदी सरकार के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और गति देगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कैपिटल एक्सपेंडिचर में 33 फीसदी की वृद्धि करते हुए उसे 10 लाख करोड़ रुपये करना और फिस्कल डेफिसिट को 5.9 फीसदी रखने का लक्ष्य सरहनीय है। यह मोदी सरकार की सशक्त बुनियादी ढांचे और मजबूत अर्थव्यवस्था वाले नया भारत बनाने की दूरदर्शिता को दर्शाता है।

## बजट में आदिवासी भाइयों के लिए कई लाभकारी कदम : मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण



द्वारा पेश आम बजट को पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने देशवासियों के विकास वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि बजट में झारखंड, विशेषकर आदिवासी भाइयों के लिए कई लाभकारी कदम उठाए गए हैं। अमृतकाल का यह पहला बजट विकसित भारत के विराट संकल्प को पूरा करने के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण करेगा। यह बजट वंचितों को वरीयता देता है। वहीं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने इस बजट को ऐतिहासिक करार दिया है। उन्होंने गिरिडीह में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इस बजट से आधारभूत संरचना मजबूत होगी। केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बजट को विकासोन्मुख बताया है। गिरिडीह में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि आम आदमी का इस बजट में ख्याल रखा गया है। नोकरी पेशा लोगों को आयकर में छूट दी गई है।

> अंत्योदय के लिए समर्पित मोदी सरकार ने लोक लुभावन बजट से इतर जनकल्याण वाला बजट पेश किया है। अमृत काल के अपने पहले बजट में मोदी सरकार ने समृद्ध व समावेशी भारत की झलक पेश की है। यह बजट देश के विकास को गतिशील करेगा।
>
> **रघुवर दास, पूर्व मुख्यमंत्री।**

# धनबाद अग्निकांड : हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान, मिलेगा चार-चार लाख मुआवजा

### अपार्टमेंट में आग लगने से 14 लोगों की हो गई थी मौत

### हादसे पर हाईकोर्ट ने लिया है स्वतः संज्ञान

**नवीन मेल नेटवर्क। रांची**

धनबाद के अपार्टमेंट में आग लगने से 14 लोगों की मौत और दर्जनों लोगों के घायल होने के हादसे पर झारखंड हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस अपरेश कुमार सिंह और जस्टिस दीपक रोशन की गुरुवार 2 फरवरी को इस मामले में सुनवाई करेगी। इस दौरान राज्य के महाधिवक्ता को उपस्थित रहने को कहा गया है। इस बीच झारखंड सरकार ने अग्निकांड के मृतकों के परिजनों के लिए चार-चार लाख रुपए के मुआवजे का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खुद इस बाबत ट्वीट किया है।

उन्होंने कहा कि आग लगने के अन्य हादसों के मृतकों के परिजनों को भी चार-चार लाख रुपए का मुआवजा देने का निर्देश दिया गया है। हादसे में घायलों के इलाज की उचित व्यवस्था करने के लिए जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता धनबाद पहुंचे हैं। वे प्रशासन के अधिकारियों से हादसे के कारणों की जानकारी लेंगे और राहत कार्य का जायजा लेंगे। सोरेन ने कहा कि यह घटना अत्यंत मर्माहत करनेवाली है। बता दें कि धनबाद में पिछले आठ दिनों के भीतर चार अग्निकांड हुए हैं। बीते धनबाद में 22 जनवरी को सरायढेला कुसुम विहार में किराए के मकान में रहनेवाले भोगेंद्र झा नामक शख्स की मौत आग की लपटों में घिर जाने से हुई थी। बताया गया था कि जलती हुई सिगरेट से उनके कमरे में आग लग गई थी। 27 जनवरी को बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के हाजरा हॉस्पिटल में आग से दो डॉक्टरों सहित पांच लोग मारे गए थे। 30 जनवरी को धनबाद के कुमारधुबी बाजार में आग लगने से 19 दुकानें जलकर राख हो गई थीं।

## हथियार के साथ दो हुए गिरफ्तार

**रांची।** बेड़ो थाने की पुलिस ने हथियार का खौफ दिखाकर लूटपाट करनेवाले दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से पुलिस ने लोडेड देसी कट्टा व गोली बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में गुमला के उपेंद्र कुजूर और रोशन उरांव शामिल है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि बीते मंगलवार को नेहालू कपरिया के मुख्य मार्ग पर दो अपराधी हथियार लेकर घूम रहे हैं। राहगीरों को हथियार दिखाकर उनसे लूटपाट कर रहे हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद बेड़ो डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम जब वहां पर पहुंची तो दोनों अपराधी बाइक से भागने लगे। पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया।

# नाबालिग के साथ गैंगरेप, दो गिरफ्तार

### घर से झगड़ा कर बहन के घर जाने के लिए निकली थी नाबालिग

### अकेला पाकर युवकों ने बनाया हवस का शिकार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मंगलवार की देर रात रांची में एक नाबालिग के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया गया है। नाबालिग अपने परिजनों से झगड़ा कर घर से निकल गई थी। इसी दौरान मंगलवार की रात करीब 11.30 बजे रांची के कांटाटोली चौक स्थित मंगल टावर के पास दो युवकों ने नाबालिग को अपनी हवस का शिकार बना डाला। हालांकि, नाबालिग से दुष्कर्म करनेवाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज हुआ मामला

**मामले** में नाबालिग के बयान पर धारा 376(डी)/34 /4/6 पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। रांची के एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि इस मामले में स्पीडी ट्रायल चलाकर आरोपियों को सजा दिलाई जाएगी।



जानकारी के अनुसार अनगड़ा की रहनेवाली नाबालिग अपने घरवालों से झगड़ा कर रात में ही घर से अपनी बहन के घर पिस्का मोड़ के लिए निकल गई। लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटाटोली चौक के पास वह रास्ता भूल गई। उसके पास उसकी बड़ी बहन का फोन नंबर था। इस दौरान उसने कई लोगों से मोबाइल से फोन कर अपनी बहन से बात करवाने को कहा। नाबालिक को अकेला घूमता देख भोलू कुमार राम नाम का एक युवक उसके पास पहुंचा और उसे उसकी बहन से बात करवाने के नाम पर कांटाटोली चौक स्थित मंगल टावर के पास ले गया। जिस स्थान पर नाबालिग को ले जाया गया वहां पहले से मनीष तिर्की नाम का एक युवक भी मौजूद था। उसी स्थान पर दोनों युवकों ने नाबालिग के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया। गैंगरेप की वारदात को अंजाम देने के बाद नाबालिग को वहीं पर छोड़ दोनों फरार हो गए।

**होश आने पर पुलिस को मिली नबालिग :** दरिंदों के द्वारा गैंगरेप की शिकार हुई मासूम दर्द से कराहते हुए जब मुख्य सड़क पर आई तब कुछ लोगों ने उसे रोते हुए बदहवास देखा। स्थानीय लोगों को दुष्कर्म के बारे में पता चता तो तुरंत मामले की जानकारी लोअर बाजार थाना को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

**आस्था** शालिग्राम में प्रभु को देखनेवालों को देश-दुनिया कब पहचानेगी भला

# हाथ जोड़े, पलक-पांवड़े बिछाए ये कौन लोग हैं...?

### अयोध्या में प्रभु श्रीराम की मूर्ति बनाने के लिए नेपाल से शालिग्राम पत्थर जा रहा

**बीपेंद्र कुमार सिंह। गोपालगंज**

मैंने अपने शहर को इतना विह्वल कभी नहीं देखा! तीन से चार लाख लोग सड़क किनारे हाथ जोड़े खड़े हैं। अयोध्या में प्रभु श्रीराम की मूर्ति बनाने के लिए नेपाल से शालिग्राम पत्थर जा रहा है और आज वह ट्रक गोपालगंज से गुजर रहा है। कोई प्रचार नहीं, कोई कुलबुलाहट नहीं, पर सारे लोग निकल आये हैं सड़क पर... युवक, बूढ़े, बच्चे... बूढ़ी स्त्रियां, घूंघट ओढ़े खड़ी दुल्हनें, बच्चियां...। स्त्रियां हाथ में जल-अक्षत लेकर सुबह से खड़ी हैं सड़क किनारे! ट्रक सामने आता है तो विह्वल होकर दौड़ पड़ती हैं



उसके आगे... छलछलाई आंखों से निहार रही हैं उस पत्थर को, जिसे राम होना है।

बूढ़ी महिलाएं, जो शायद शालिग्राम पत्थर के राम-लखन बनने के बाद नहीं देख सकेंगी। वे निहार लेना चाहती हैं अपने राम को... निर्जीव पत्थर में भी अपने आराध्य को देख लेने की शक्ति पाने के लिए किसी सभ्यता को आध्यात्म का उच्चतम स्तर छूना पड़ता है। हमारी इन माताओं, बहनों, भाइयों को यह सहज ही मिल गया है। जो लड़कियां अपने वस्त्रों के कारण हमें संस्कारहीन लगती हैं, वे हाथ जोड़े खड़ी हैं। उदण्ड कहे जाने वाले लड़के उत्साह में हैं, इधर से उधर दौड़ रहे हैं। मैं भी उन्हीं के साथ दौड़ रहा हूं।

### राम जी का है यह देश अजर अमर

**कुछ** लोग समझ रहे हैं कि एक सौ तीस रुपये में खरीद कर रामचरितमानस की प्रति जला वे हमारी आस्था को चोटिल कर देंगे। उन मूर्खों को कुछ नहीं मालूम... यह भीड़ गवाही दे रही है कि राम जी का यह देश अजर अमर है, यह सभ्यता अजर अमर है।

इस भीड़ की कोई जाति नहीं है। लोग भूल गए हैं अमीर-गरीब का भेद, लोग भूल गए अपनी जाति-गोत्र! उन्हें बस इतना याद है कि उनके गांव से होकर उनके राम जा रहे हैं। हमारे यहां कहते हैं कि सिया को बियाह के रामजी इसी राह से गये थे। डुमरिया में उन्होंने नदी पार की थी। हम सौभाग्यशाली लोग हैं जो रामजी को दुबारा जाते देख रहे हैं।

पांच सौ वर्ष की प्रतीक्षा और असंख्य पीढ़ियों की तपस्या ने हमें यह सौभाग्य दिया है। हम जी लेना चाहते हैं इस पल को... हम पा लेना चाहते हैं यह आनन्द! माझा से लेकर गोपालगंज तक, मैं इस यात्रा में दस किलोमीटर तक चला हूं, दोनों ओर लगातार भीड़ है। कोई नेता, कोई संत, कोई विचारधारा इतनी भीड़ इकट्ठा नहीं कर सकती, यह उत्साह पैदा नहीं कर सकती। सबको जोड़ देने की यह शक्ति केवल और केवल धर्म में है, मेरे राम जी में है।

गोपालगंज में कुछ देर का हॉल्ट है। साथ चल रहे लोगों के भोजन की व्यवस्था है, सो घंटे भर के लिए ट्रक रुक गया है। लोग इसी समय आगे बढ़ कर पत्थर को छू लेना चाहते हैं। मैं भी भीड़ में घुसा हूं, आधे घंटे की ठेलमठेल के बाद ठाकुरजी को स्पर्श करने का सुख... अहा! कुछ अनुभव लिखे नहीं जा सकते। उसी समय ऊपर खड़ा स्वयंसेवक शालिग्राम पर चढ़ाई गयी माला प्रसाद स्वरूप फेंकता है। संयोग से माला मेरे हाथ में आ गिरती है। मैं प्रसन्न हो कर अंजुरी में माला लिए भीड़ से बाहर निकलता हूं। पर यह क्या, किनारे खड़ी स्त्रियां हाथ पसार रही हैं मेरे आगे... भइया एक फूल दे दीजिये, बाबू एक फूल दे दीजिये। अच्छे अच्छे सम्पन्न घरों की देवियां हाथ पसार रही हैं मेरे आगे! यह रामजी का प्रभाव है। मैं सबको एक एक फूल देते निकल रहा हूं। फिर भी कुछ बच गए हैं मेरे पास! ये फूल मेरा सौभाग्य है...

# बूढ़ा पहाड़ के बाद सारंडा कैप्चर करने की जुगत में सुरक्षा बल

### लुईया और हाथीबुरू में सुरक्षाबलों के स्थायी कैंप का काम शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ के संयुक्त बलों ने बूढ़ा पहाड़ के बाद सारंडा कैप्चर करने की मुहिम शुरू कर दी है। बूढ़ा पहाड़ को नक्सल मुक्त करने से उत्साहित संयुक्त बलों ने अब माओवादियों के बड़े ठिकाने के तौर पर चिन्हित सरजामबुरू के आसपास स्थायी कैंप का निर्माण शुरू कर दिया है।

सुरक्षाबलों ने सरजामबुरू के समीप टोंटो के इलाके के लुईया और हाथीबुरू गांव में कैंप का निर्माण शुरू किया है। इन इलाकों में ही माओवादियों के पोलित ब्यूरो सदस्य व एक करोड़ के ईनामी मिसिर बेसरा, केंद्रीय कमेटी सदस्य पतिराम मांझी उर्फ अनल का दस्ता सक्रिय है। सारंडा के इलाके को माओवादियों के ईस्टर्न रीजनल ब्यूरो का मुख्यालय माना जाता है। ऐसे में इस इलाके में नक्सलियों की पकड़ कमजोर होने से कई राज्य के माओवादी आंदोलन प्रभावित होगा।

### लगातार हुए मुठभेड़

**टोंटो** के सरजामबुरू इलाके में पुलिस ने माओवादियों की काफी मजबूत घेराबंदी की है। इस इलाके में कई माओवादी नेताओं को पुलिस ने घेरे रखा है। यही वजह है कि इस इलाके में लगातार आईईडी ब्लास्ट व मुठभेड़ की घटनाएं हुई हैं। मंगलवार को भी लुईया के समीप पुलिस बलों के साथ माओवादियों की मुठभेड़ हुई थी। इन इलाकों में कैंप के निर्माण से रणनीतिक तौर पर सुरक्षाबलों को काफी फायदा मिलेगा।

# बजट में ज्यादा दम नहीं पर राहत भी कम नहीं

**वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को संसद में वित्तीय वर्ष 2023-24 का आम बजट पेश किया। बजट के प्रावधानों के अनुसार टैक्स पेयर्स को सालाना 7 लाख रुपये तक की आमदनी पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। बजट में केंद्र सरकार ने कृषि, शिक्षा, हेल्थ, स्वास्थ्य, बीमा सहित सभी क्षेत्रों का ख्याल रखा है। बजट पर रामगढ़ जिले के लोगों ने मिलीजुली प्रतिक्रिया दी है...**

### जनता के बीच अमृत वर्षा : अमित साहू



फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने केंद्र सरकार द्वारा 1 फरवरी को पेश किए गए आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में आम बजट बहुत ही अच्छा बजट है। उन्होंने कहा कि बजट में उद्यमियों को भरपूर आर्थिक सहयोग व उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न छूटों की घोषणा की गई है। जबकि फार्मा सेक्टर के बढ़ावा हेतु स्कूलों की स्थापना, उच्च शिक्षा को बढ़ावा देना, स्वास्थ्य क्षेत्र में नये व अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हॉस्पिटलों के स्थापना के लिए बजट प्रस्तुत करना देश की जनता के बीच अमृत वर्ष में अमृत वर्षा के समान है। जबकि रेलवे क्षेत्रों में विकास हेतु 2 लाख करोड़ खर्च का लक्ष्य अबतक के बजटों से सर्वाधिक प्रवधान की घोषणा भी सरकार के विकास लक्ष्य को दर्शाती है। वहीं व्यक्तिगत आयकरदाताओं को छूट 5 लाख से बढ़ाकर 7 लाख करना आम जनता के लिए राहत भरा कदम है। साहू ने कहा कि यह ऐतिहासिक बजट के लिए केंद्र सरकार साधुवाद के पात्र हैं।

### इनकम टैक्स में रिबेट सराहनीय कदम : मानिक चंद जैन



जैन समाज रामगढ़ के अध्यक्ष मानिक चंद जैन ने केंद्र सरकार द्वारा पेश आम बजट की सराहना की है। उन्होंने कहा है कि बजट में इनकम टैक्स में जो रिबेट दिया गया है वह सराहनीय कदम है। कहा कि एमएसएमइ में 1 प्रतिशत की छूट दी गई है। कहा कि यह जरूरी था, क्योंकि रेपो रेट बढ़ने से ब्याज दर बढ़ गया था। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर यह एक अच्छा बजट है। जिसमें सभी क्षेत्रों का ध्यान रखा गया है।

### नौकरीपेशा लोगों के लिए अच्छा बजट : डॉ. सुनील कश्यप



उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू के सहायक शिक्षक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने बजट के संबंध में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वित्तमंत्री निर्मला सीमारमण द्वारा पेश आम बजट बुहत ही अच्छा है। जिसमें नौकरीपेशा लोगों के हित का पूरा ख्याल रखा गया है। इसके अलावे बजट में कृषि, उद्योग, व्यवसाय, शिक्षा सभी क्षेत्रों का पूरा ख्याल रखा गया है।

### बजट पूरी तरह से किसान-मजदूर विरोधी : महेंद्र पाठक



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के झारखंड प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा 1 फरवरी को पेश आम बजट पूरी तरह से किसान और मजदूर विरोधी बजट है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने बजट में केवल कॉरपोरेट घरानों के हित का ख्याल रखा है। जबकि देश के आम लोगों के लिए बजट में कोई भी विशेष व्यवस्था नही है।

### बजट से विकास को गति मिलेगी : अजीत जायसवाल



बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सीए अजीत जायसवाल ने कहा कि इस बजट से देश के विकास को गति मिलेगी। क्योंकि इसमें कृषि, व्यवसाय, उद्योग, शिक्षा सभी क्षेत्रों का पूरा ख्याल रखा गया है। जायसवाल ने कहा कि वित्तमंत्री ने बजट में दूरदर्शिता का परिचय दिया है। जिससे देश की स्थिति बेहतर होगी।

### हर दृष्टिकोण से यह बजट ऐतिहासिक : प्रवीण मेहता



भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने केंद्र सरकार के आम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यह बजट हर दृष्टिकोण से ऐतिहासिक है। मेहता ने कहा कि बजट में केंद्र सरकार ने किसान, मजदूर के हितों का ख्याल रखा है। साथ ही उद्योग और व्यवसाय को बढ़ावा मिले इसका भी ख्याल रखा है।

## हजारीबाग

# बजट पूरी तरह से संतुलित और दूरगामी : मनोज यादव



केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व विधायक सह भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज कुमार यादव ने कहा कि बजट पूरी तरह से संतुलित और दूरगामी है । इसमें युवाओ, बुजुर्ग, उद्यमियों एंव महिलाओं आदि सभी वर्गो का ख्याल रखा गया है । केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सिता रमन ने रक्षा बजट को बढ़ाते हुए 5.94 लाख करोड़ आवंटित किया है ।इससे प्रतीत होता है कि भारतीय नागरिकों के जीवन मूल्य में वृद्धि हुई है । बजट में मध्यम वर्ग सहित सभी को राहत दी गई है। सलाना सात लाख तक के कमाई को टैक्स फ्री रखा गया है । बजट पेश होने के बाद शेयर बाजार के सेंसेक्स में 1100 अंको से ज्यादा तेजी देखने को मिला। जो बजट के सार्थकता और उतमता को सिद्ध करता है । पैन कार्ड अब राष्ट्रीय पहचान पत्र के रूप जाना जायेगा।








**कपिल केसरी :** केंद्र सरकार के द्वारा पेश किया गया बजट आशा के अनुरूप है । सरकार ने हर संभव टैक्स की दर कम करने का काम किया है । थोड़ी बहुत टसक है, उम्मीद है उस पर जल्दी ही सरकार ध्यान देते हुए रिवाइज करेगी। व्यवसायियों के लिए राहत की बात है कि सरकार ने बजट में उत्पादन बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किया है।

**बिनोद विश्वकर्मा :** झामुमो के बरही विस प्रभारी बिनोद विश्वकर्मा ने बजट को जनविरोधी बताया है। कहा कि इस बार भी सरकार ने गरीबों और मजदूरो को छलने का काम किया है। पूर्णतः चुनावी लाभ वाला लोकलुभावन बजट है । जिससे आम जनता को कोई लाभ नहीं होने वाला है । कोरोना के बाद लोगो को केंद्र सरकार से इस बजट से काफी उम्मीद थी जो नही मिल सका । यह बजट सिर्फ पूंजीपतियों के हित के लिए तैयार किया गया है । इससे जनता और परेशान होगी।

**मो कयूम :** केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में बहुत कुछ नही है. कुछ चीजों में राहत मिली है तो कुछ के दर आसमान छुएंगे। सरिया, सिमेंट पर सरकार का विशेष ध्यान नही दिया गया है। अल्पसंख्यक समुदाय एक बार फिर ठगे गए है। उक्त बाते बरही विस अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष ने कही।

**डॉ निजामुद्दीन अंसारी :** कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सह प्रदेश प्रतिनिधि डॉ निजामुद्दीन अंसारी ने भी बजट को जनविरोधी बताया है । उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट आशा से परे है । आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर कोई नियंत्रण नहीं किया गया है । दवाई और कागज का जीएसटी दर कम नही की गई है । इससे अर्थव्यवस्था चरमराएगा, मोदी सरकार एक बार फिर लोगो को धोखा दिया है ।

**रमेश ठाकुर :** भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर की नजरों में केंद्रीय बजट बिल्कुल नपी तुली है ।इस बजट में सभी वर्गो का ख्याल रखा गया है। किसान,मजदूर, महिला, बेरोजगार आदि पर विशेष ध्यान दिया गया है। रक्षा और कौशल विकास पर ध्यान देना केंद्र सरकार की दूरदर्शिता को दशार्ता है। इस बजट से किसी को ऐतराज नहीं होनी चाहिए।

**बिनोद यादव :** कांग्रेस जिला महासचिव ने भी बजट को किसान विरोधी, मजदूर विरोधी और जनविरोधी बताया है ।उन्होंने कहा कि बजट में किसी भी प्रकार से इन लोगो के लिए राहत की बात नही कही गई है ।रोजगार देने कई बात करने वाली मोदी सरकार बजट में बेरोजगारों के लिए कुछ भी चर्चा नही दिया।

## लोहरदगा

### बजट उद्योगपतियों एवं पूंजीपतियों के हित में : रामाधार पाठक



यह बजट देशहित में नहीं है बल्कि यह पूरी तरह से उद्योगपतियों एवं पूंजीपतियों के हित में है।यह बजट आम जनता के हित से बिल्कुल परे बजट है। पाठक ने कहा कि बजट में आम लोगों को लाभ पहुंचाने के बजाय कल्याणकारी योजनाओं और सब्सिडी को खत्म करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि जो लोग गरीबी के स्तर से ऊपर उठ गए थे, वे फिर से गरीबी के स्तर से नीचे आ गए हैं। बजट में कुछ अच्छी चीजें हैं लेकिन मनरेगा, गरीब ग्रामीण श्रम, रोजगार और महंगाई का कोई जिक्र नहीं है। कुछ बुनियादी सवालों के जवाब बजट में नहीं दिए गए। वर्तमान में महंगाई ने मिडिल क्लास व्यक्ति को भी लोवर क्लास का बना दिया है। देश में पहले की तरह पिछले 9 वर्षों में भी केन्द्र सरकार के बजट आते-जाते रहे जिसमें घोषणाओं, वादों, दावों व उम्मीदों की बरसात की जाती रही, किन्तु वे सब बेमानी हो गए जब भारत का मिडिल क्लास महंगाई, गरीबी व बेरोजगारी आदि की मार के कारण लोवर क्लास बन गयी है।

### बजट में सिर्फ टैक्स का उतार चढ़ाव अमीरों के लिए है : जाह्नवी



आज जो बजट आया है सामने उसमें जो टैक्स को कम कर दिया गया है, या कुछ निश्चित राशि में टैक्स नहीं लगाया गया है, इससे सरकार क्या साबित करना चाहती है सबसे पहले तो सरकार यह देखे कि देश के बहुत सारे ऐसे लोग हैं जिन्हें इनकम के नाम पर इतना भी नहीं मिलता कि ढंग से वे अपनी जिंदगी भी गुजार सके, खाना खा सके, पहन सके, तो फिर बचत करने की बात या फिर बैंक में बैलेंस बनाने की बात कहां से आती है। पहले सरकार आय सुनिश्चित करे । यह देखें कि प्रत्येक परिवार में प्रत्येक जन का कितना आय है वह कुछ बचा पाते भी हैं या नहीं प्रत्येक व्यक्ति निश्चित आय को लागू करे । ये जो टैक्स का उतार चढ़ाव अमीरों के लिए बना है मध्यमवर्गीय या गरीबों के लिए नहीं मध्यमवर्गीय बुद्धिजीवियों से आग्रह होगा कि यह जो सरकार टैक्स टैक्स खेल रही है यह सिर्फ अमीरों के लिए और फैसिलिटी देने वाला है गरीबों को या मध्यवर्गीयों को कोई फायदा नहीं होगा। इस पर विचार करें।

### बजट से समग्र शिक्षा-रोजगार को बढ़ावा मिलेगा : विकास कुमार



छात्र विकास कुमार ने बजट पर कहा कि केंद्र सरकार का बजट काफी अच्छा है। कहा कि बजट से देश में समग्र शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

### बजट में महिलाओं और बुजुर्गों के लिए खास ख्याल : दीपक निराला



2 वर्ष के कोरोना महामारी और लॉकडाउन के विभीषिका के बाद इस प्रकार का लोक कल्याणकारी बजट का हम स्वागत करते हैं। यह बजट समावेशी विकास को इंगित करता है और आम नागरिक को टैक्स स्लैब में छूट की दर जो पहले 5 लाख तक की आय में थी उसे अब 7 लाख तक बढ़ाया जाना निश्चित ही एक क्रांतिकारी कदम साबित होगा। महिलाओं और बुजुर्गों के लिए इस बजट में खास ख्याल रखा गया है साथ ही साथ ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री और खासकर इलेक्ट्रिक व्हीकल के लिए जो बजटीय उपबंध किए गए हैं, वह भारत की ग्रोथ के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

### ओवरऑल बजट हितकारी है : डॉ. वीके जगनानी



अच्छा प्रोग्रेसिव बजट है । आम नागरिक एवं उद्योग जगत के लिये सहूलियत है । चिकित्सा में अगर यू.जी. एवं पी.जी. सीट को बराबर करते तो लाभ होता । कापोरेंट के साथ छोटे अस्पताल एवं एकल क्लिनिक को भी प्रोत्साहित करना चाहिए था । ऑवरऑल बजट हितकारी है ।

### व्यापारियों को राहत मिली : दीपक सर्राफ



लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सह झारखंड ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि यह बजट में व्यापारियों को राहत दी है इनकम टैक्स पर 7 लाख तक पर किसी तरह का कोई टैक्स नहीं लगना यह व्यापारियों के लिए बहुत ही राहत का विषय है स्वास्थ एवं शिक्षा के क्षेत्र में विशेष ध्यान देना यह आम नागरिकों के लिए काफी राहत मिलेगा,परंतु पेट्रोलियम के उत्पादनों पर किसी तरह का कोई छूट ना देना इससे परिवहन पर काफी बोझ पड़ते जा रहा है इसका हरेक चीजों पर असर पड़ता हैं।

### अबतक के बजटों में 2023-24 का बजट ऐतिहासिक : रितेश कुमार



आज केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में आम बजट प्रस्तुत किया गया। जिसमें नये उद्यमियों को भरपूर आर्थिक सहयोग व उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न छूटों की घोषणा की। जबकि फार्मा सेक्टर के बढ़ावा हेतु स्कूलों की स्थापना, उच्च शिक्षा को बढ़ावा देना, स्वास्थ्य क्षेत्र में नये व अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हॉस्पिटलों के स्थापना के लिए बजट प्रस्तुत करना देश की जनता के बीच अमृत वर्ष में अमृत वर्षा के समान है। जबकि रेलवे क्षेत्रों में विकास के लिए 2 लाख करोड़ खर्च का लक्ष्य अबतक के बजटों से सर्वाधिक प्रवधान की घोषणा भी सरकार के विकास लक्ष्य को दशार्ती है। वहीं व्यक्तिगत आयकरदाताओं को छूट 5 लाख से बढ़ाकर 7लाख करना आम जनता को भारी भरकम छूट दिया गया है।

## कोडरमा

# महंगाई, बेरोजगारी बढ़ाने वाला और गरीब-किसान विरोधी बजट : माकपा

**कोडरमा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने केन्द्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पूरा देश आर्थिक संकट से गुजर रहा है, लेकिन इस बजट में इसकी चर्चा नहीं है. पिछला बजट जीडीपी का 15.33% था, लेकिन इस बजट में जीडीपी का मात्र 14.92% रह गया है. 46 साल के बाद देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है, पढ़ें लिखे ग्रेजुएट बेरोजगारों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बिना प्लानिंग के नोटबंदी और लॉक डाउन के वजह से लाखों लोगों का रोजगार छिन गया, लेकिन रोजगार बढ़ाने पर कोई चर्चा नहीं है। इस बजट में किसानों को निराशा हांथ लगी है, उनका आय बढ़ाने पर कोई चर्चा नहीं है, फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) नहीं बढ़ाया गया. जबकि किसानों की आय दोगुनी करने की बात की गई थी। किसानों को उर्वरक पर दी जाने वाली सब्सिडी में पचास हजार करोड़ रुपये की कटौती की गई है, जिसका विपरित प्रभाव अनाज के उत्पादन पर पड़ेगा। ग्रामीण इलाकों में गरीबों को रोजगार प्रदान करने वाले मनरेगा के बजट में 33 प्रतिशत की कटौती यानि केवल 60 हजार करोड़ की ही राशि आवंटित किया जाना वित्तमंत्री का ग्रामीण गरीबों के साथ क्रूर मजाक है और यह ग्रामीण मजदूरों पर सीधा हमला है। मनरेगा मजदूरों का मार्च तक का बकाया ही करीब 25 हजार करोड़ रुपये हो जाएगा। भूख और कुपोषण से निपटने के लिए बजट में कोई बढ़ोतरी नहीं किया गया है। खाद्य सुरक्षा में 2.86 लाख करोड़ से 1.97 लाख करोड़ कर दिया गया है. अर्थात 90 हजार करोड़ यानी 31 प्रतिशत की कटौती की गई है। मोदी सरकार ने बजट के पहले ही एन एफ एस ए के तहत गरीबों को अनुदानित दर पर मिलने वाले चावल और गेहूं की आपूर्ति पर रोक लगा दी है। शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी कुछ नहीं। आयुष्मान योजना के बजट में भी कटौती की गई है. उज्जवला योजना सहित सभी पेट्रोलियम पदार्थों पर मिलने वाली सब्सिडी में 75 प्रतिशत की कटौती कर दी गई है। वरिष्ठ नागरिकों को सेविंग पर मिलने वाला टैक्स छूट भी खत्म कर दिया गया है। 5 लाख से ज्यादा का बीमा कराने पर भी अब टैक्स वसूला जाएगा। महंगाई जिस प्रकार बढ़ा है, आटा-चावल का दाम दोगुना हो गया है, तेल, मशालें सभी चीज के दामों में बेतहाशा वृद्धि हुई है, ऐसे में इन्कम टैक्स की सीमा 5 से बढाकर सात लाख करने से मध्यम वर्ग को कोई खास राहत नहीं मिला है। कोविड महामारी के दौरान अपनी जान जोखिम में डाल कर काम करने वाली आंगनबाड़ी कर्मियों और स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ आशा बहनों जिन्हें फ्रन्ट लाइन वर्कर्स कहा गया, इनके लिए मानदेय में कोई बढ़ोतरी नहीं किया गया। बजट से राज्यों के वित्तीय शक्ति को भी कमजोर किया गया है।

# सत्ता पक्ष ने जहां बजट को सराहा, विपक्ष ने नकारा

**कोडरमा ।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मल संरचना ने बुधवार को लोकसभा में आम बजट पेश किया। जिसके बाद जिले के विभिन्न तबके, संगठनों, दलों के लोगों नें अपनी अपनी बातें रखते हुए किसी नें इसे सराहना करते हुए तारीफों के पुल बांधे तो किसी नें बजट की आलोचना करते हुए कहा कि आज भी देश के कई हिस्से में मोबाइल का टावर ही नहीं जिसका नतीजा उन जगहों पर जब बात ही नहीं होता तो फिर बच्चों के लिए डिजिटल पुस्तकालय खोलने की घोषणा की पूर्ति कैसे होगा कहा इससे देश में बेरोजगारी बढ़ेगी, दिल्ली में बैठा किसी कम्पनी के द्वारा कंटेंट भेज देगा, कौन कैसे पड़ेगा उससे केंद्र की सरकार को मतलब नहीं। वहीं दूसरी ओर विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल के **निदेशक अनिल कुमार** ने कहा कि जहाँ एक ओर करदाताओं को पिछले कई आम बजट के बाद इस बार खुशी जताने के मौका मिला है। वही दूसरी ओर सभी देशवासियों को इस बजट से कुछ न कुछ फायदा मिलता नजर आ रहा है। इन्फ्रास्ट्रक्चर का बजट बढ़ने से रोजगार सृजन की ओर बढ़ता हुआ कदम साबित होगा। वहीं महिलाओं व बुजुर्गों के लिए लिए बचत योजना को बढ़ावा देकर उन्हें भी आर्थिक रूप से शशक्त करने का प्रयास किया गया। लेकिन शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में बजट को संतोषजनक नही माना जा सकता है। भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश मे शिक्षा व स्वास्थ्य के लिए बजट को बढ़ाकर ही इसे शशक्त बनाया जा सकता है। **वहीं दूसरी ओर संजय शर्मा** ने कहा कि यह बजट आम आदमी के लिए बहुत अच्छा है, यह वाकई अमृत काल का बजट है उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में वित्त मंत्री ने बहुत ही अच्छा बजट पेश किया है इसमें किसानों, गरीबों, युवाओं एवं मध्यम वर्ग का पूरा ख्याल रखा गया है जो काबिले तारीफ है। वहीं दूसरी ओर योगी प्रदीप सुमन ने बजट का सराहना करते हुए बताया कि यह बजट व्यापारियों के लिए लाभदायक बजट आई है जिसमें 4: 50 लाख से नौ लाख तक इनकम टैक्स में छूट मिलेगी साथ में पेन कार्ड का महत्व दिया गया इसमें आईटीआर भरने की सुविधा आसान किया गया। टीचर ट्रेनिंग के लिए स्पेशल कोचिंग सेंटर खोला जाएगा।

**बजट-2023**

## वित्त मंत्री को बहुत-बहुत धन्यवाद : अन्नपूर्णा देवी

# देश को मजबूत बनाने वाला बजट है यह



**कोडरमा।** केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि आज संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट सर्वसमावेशी, देश के सर्वांगीण विकास को समर्पित और भारत को आत्मनिर्भर बनाकर दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनानेवाला है। 3.5 लाख जनजाति विद्यार्थियों के लिए 740 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में 38800 अध्यापकों की नियुक्ति होगी । वहीं कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि निर्मला सीतारमण ने रेलवे को 2.40 लाख करोड़ का बजट दिया। साथ ही, 'आत्मनिर्भर स्वच्छ पौध कार्यक्रम' की शुरूआत की जाएगी।कृषि स्वास्थ्य उद्योग आधारभूत संरचना सभी के लिए पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं। इधर जिलाअध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि बजट में एक तरफ जहां मध्य वर्ग और वेतनभोगी वर्ग के हितों का ध्यान रखते हुए आय कर का स्लैब घटाते हुए 7 लाख रुपए तक की आय को करमुक्त किया गया है। मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि स्टार्ट-अप्स के लिए 2200 करोड़ रुपए के साथ ₹कृषि वर्धक निधि₹ की स्थापना का प्रावधान किया गया है।

**ऐतिहासिक बजट के लिए कोटि-कोटि धन्यवाद : डॉ नरेश पंडित**

कोडरमा जिले के तिलैया निवासी भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सह शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ नरेश पंडित नें कहा कि आम बजट मैं आयकर में 7 लाख तक के आय में छूट मोबाइल, टीवी, इलेक्ट्रॉनिक सामान ,इलेक्ट्रिक वाहन में दाम कम होंगे ,मेडिकल कॉलेज के साथ नर्सिंग कॉलेज भी खोले जाएंगे ,एकल विद्यालय में नए शिक्षकों की नियुक्ति होगी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी को एवं उन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को इस ऐतिहासिक बजट के लिए कोटि-कोटि धन्यवाद।

**बजट में सभी वर्गो का रखा गया ध्यानः चंद्रशेखर जोशी**

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर जोशी नें कहा आम बजट मैं आयकर में 7 लाख तक के आय में छूट मोबाइल, टीवी, इलेक्ट्रॉनिक सामान ,इलेक्ट्रिक वाहन में दाम कम होंगे रेलवे में अभी तक का सबसे अच्छा बजट दिया गया है।

**हर क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए बजट : सुषमा सुमन**

योगी सुषमा सुमन नें कहा कि 2023 का बजट बहुत ही सराहनीय बजट आई,क्योंकि हर क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए बजट पेश किया गया, उन्होंने वित्त मंत्री से लेकर राष्ट्रपति तक मातृशक्ति का सेवा हो रहा है यह बहुत सौभाग्य का दिन है, मातृशक्ति हर क्षेत्र में काम कर रही है आज का बजट मातृशक्ति पर स्पेशल बजट रही।

# गरीब मजदूर, बुर्जुगों,महिलाओं और बच्चों के साथ धोखेबाजी

**कोडरमा।** समाजिक कार्यकर्त्ता असीम सरकार नें कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा आज पेश किए गए केंद्रीय बजट भारत के गरीब मजदूर , बुजुर्गों ,महिलाओं और बच्चों के साथ धोखेबाजी है ।यह मनरेगा मजदूर के साथ क्रुरताहैं। मनरेगा के बजट साठ हजार करोड़ आवंटन किए गए हैं ।जो सन 22-22 से 30000 करोड़ कम जबकि अभी तक ?16000 का बकाया है और मार्च तक तकरीबन ?25000 का बकाया होने की आशंका है ।इस प्रकार मनरेगा को भी यह समाप्त करने की और सरकार आगे बढ़ रही है ।सामाजिक सुरक्षा में भी पूर्व जैसा ही बजट में आवंटन किया गया है ।आईसीडीएस में भी कोई बढ़ोतरी नहीं की गई और १७२०० करोड़ आवंटन किया गया हैं। जबकि बाजार की महंगाई का दर काफी ऊंची है। इस हिसाब से बच्चों के साथ भी क्रुरता हुआ हैं। एक कदम केंद्र सरकार का प्रधानमंत्री मातृत्व योजना के तहत एक बच्चे के जगह 2 बच्चे की मां को भी यह लाभ देने की योजना का घोषणा की गई है, यह स्वागत योग है । हालांकि खाद सुरक्षा अधिनियम के तहत शुरू से ही सुरक्षित मातृत्व के लिए गर्भवती माताओं को यह लाभ दिया जाना था पर कटौती कर प्रधानमंत्री एक बच्चे पर यह लागू किया था । इस बजट में नौजवानों के लिए रोजगार के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जबकि सरकार के आंकड़े के मुताबिक की बेरोजगारी की पिछले दिनों की अपेक्षा बहुत ज्यादा बढ़ी हुई है ।इस प्रकार यह बजट गरीबों, मनरेगा मजदूरों ,बुजुर्गों ,महिलाओं तथा बच्चों के खिलाफ बजट है।

## उपचुनाव को लेकर सूचना भवन का निरीक्षण

# निर्देशों का ससमय करें अनुपालन : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सूचना भवन रामगढ़ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उप निर्वाचन के मद्देनजर एफएलसी के उपरांत चल रहे मॉकपोल कार्यों का जायजा लिया। मौके पर सुश्री मिश्रा ने वरीय पदाधिकारी निर्वाचन समन्वय कोषांग सह अपर समाहर्ता, कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों से एफएलसी के उपरांत मॉक पोल संबंधित कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सूचना भवन में सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिया। गौरतलब है कि रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर एफएलसी का कार्य पूर्ण होने के उपरांत बुधवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सूचना भवन रामगढ़ में मॉक पोल किया।

## 24 घंटे बीतने के बाद भी अंचल कर्मियों ने नहीं ली सुध : जानकी प्र. यादव



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के चेचकप्पी गांव में बीते सोमवार को दो चचेरे भाई बहन की जलने से हुई मौत की खबर अंचल में मिलने के बावजूद कोई पदाधिकारी पीड़ित परिवार से मिलने नहीं पहुँचे। इस बाबत पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा 24 घंटे से अधिक बीत जाने के बाद अंचल कर्मी नहीं पहुँचे हैं। विदित हो कि बीते सोमवार की संध्या पुआल में आग लगने से दो नाबालिक की दम घुटने से मौत हो गई थी। जिसमें तालेश्वर सिंह की 4वर्षीय पुत्री साक्षी कुमारी, पिंटू सिंह की 3वर्षीय पुत्र अभिमान कुमार शामिल हैं। पूर्व विधायक ने बताया कि मृतक के परिवार अत्यंत गरीब है इसलिए इन्हें सरकारी लाभ मिलना चाहिए। अंचल कर्मियों द्वारा 24 घंटे बीतने के बाद भी किसी अधिकारी ने सुध नहीं ली यह अत्यंत ही शर्मनाक है। कहा की अगर उन्हें मुआवजा नहीं मिला तो उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## 40 ईंट भट्ठे मालिकों पर प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
जिले में सैकड़ों ईट भट्ठे हैं जो अवैध तरीके से संचालित हो रहे हैं। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब रामगढ़ थाने में माइनिंग इंस्पेक्टर विनोद बिहारी प्रमाणिक ने 40 ईंट भट्ठा मालिकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। बुधवार को इस प्राथमिकी के साथ ही ईट भट्ठा संचालकों में हड़कंप मच गया है। जिला प्रशासन की ओर से अचानक से की गई इस कार्रवाई ने ईट भट्ठा कारोबार से जुड़े लोगों को सकते में डाल दिया है। कई वर्षों से संचालित हो रहे ईंट भट्ठे पर अचानक हुई इस बड़ी कार्रवाई में इस बात का भी खुलासा कर दिया है कि इस कारोबार में अवैध कोयले का भी इस्तेमाल हो रहा है। माइनिंग इंस्पेक्टर विनोद बिहारी प्रमाणिक ने बताया कि सभी ईट भट्ठा संचालकों के द्वारा अवैध रूप से ईंट मिट्टी का खनन कर ईंट की पथाई की जा रही है। पथाई करने के उपरांत चोरी के कोयले का उपयोग कर ईंट को पकाया जा रहा है। सभी ईट भट्ठा संचालकों के द्वारा ना तो माइनिंग सर्टिफिकेट लिया गया है और ना ही पॉल्यूशन सर्टिफिकेट उनके पास है। बिना प्रमाणपत्र के ही ईट भट्टों का संचालन हो रहा है।

### इन ईंट भट्ठा मालिकों पर हुई प्राथमिकी

किशुनराम मुंडा, पंकज कुमार, राजकुमार महतो, महेश महतो, देवानंद प्रसाद यादव, सतीश गुप्ता, कमलेश कुमार, बीरेंद्र कुमार साहू, महेंद्र महतो, धनेश्वर महतो, जगन्नाथ महतो, अजय सिंह उर्फ आजाद सिंह, सुरेश महतो, हरि प्रसाद, राजकुमार प्रसाद यादव, बसंत कुशवाहा, अशोक सिंह, राम सिंह, मनीष कुमार सिंह, रविंद्र कुमार, राहुल राज, राजेंद्र कुमार बेरलिया, पीयूष कुमार बेरलिया, राजेंद्र महतो, अशोक सिंह, नकुल प्रसाद कुशवाहा, भूपनाथ महतो, राकेश कुमार, फंटू साव, मनोज कुमार, गुलटेन यादव, विकास कुमार, घुजा साव, लोकेश सिंह, राजकुमार सिन्हा, संतोष कुमार महतो, शेख याकूब के नाम शामिल है।

## प्रखंड के बीओआई शाखा में विदाई समारोह का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के बैंक ऑफ इंडिया बरकट्ठा शाखा में मंगलवार को विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित कि गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख रेणु देवी, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, शाखा प्रबंधक मनीष कुमार,उप शाखा प्रबंधक कुणाल किशोर उपस्थित थे। मौके पर रोकड़िया( कैशियर) दिलीप कुमार को सेवा निवृत्त होने पर शाखा प्रबंधक मनीष कुमार ने अंग वस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बसंत साव ने कहा कि दिलीप कुमार कैशियर के रूप में 38 वर्षों से बरकट्ठा में योगदान दे रहे थे। जिसके कारण लोगों से काफी जुड़ाव रहा। दिलीप कुमार का नाम बच्चों के जुवां पर भी सुनने को मिलता था। वहीं शाखा प्रबंधक मनीष कुमार ने कहा दिलीप कुमार का सेवा निवृत्त होने से इनकी कमी हम सभी को महसूस होगी। वहीं ग्राहक सेवा केंद्र के संचालकों एवं बरकट्ठा के समाजसेवियों के द्वारा दिलीप कुमार को सम्मानित किया गया। मौके पर सुड लाईफ के राकेश कुमार, समाज सेवी जागेश्वर यादव,पंसस सेराज अंसारी, प्रमुख प्रतिनिधि उमेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### दो अलग-अलग घटना में एक युवती और महिला घायल, दोनों रेफर

**बरही ।** बुधवार को दो अलग अलग घटना में दो लोगो को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर किया गया। पहली घटना रसोईयाधमना की है । जहां रसोईयाधमना की 19 वषीर्या रानी प्रजापति पिता हरीश प्रजापति विषपान कर आत्महत्या करने का प्रयास किया । जिसे गंभीर स्थिति में अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जिसे चिकत्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया । वही दूसरी घटना गौरिया करमा पंचायत की है । जहां फसल चराने पर मना करने के क्रम ने गोरिया करमा के परमेश्वर प्रजापति की पत्नी शोभा देवी के साथ मार पीट किया गया । जिससे महिला घायल हो गई । जिसे अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद हजारीबाग रेफर किया गया।

### 750 एकड़ जमीन पर बनेगा इंडस्ट्रियल एरिया

**बोकारो।** उद्योग विभाग की ओर से अलग-अलग जिलों में इंडस्ट्रीयल एरिया बनाने पर कार्यरत है। बोकारो जिला में विभाग को इसके लिये जमीन की जरूरत है। विभाग को बोकारो के लिये कुल 750 एकड़ जमीन की जरूरत है। जहां इंडस्ट्रियल एरिया बनाया जायेगा. विभाग की मानें तो इस पर जिला प्रशासन से बात हुई है. जमीन की दिषा में विभाग विशेष जोर दे रहा है। क्योंकि राज्य के उद्यमियों के लिये जमीन सबसे बड़ी समस्या है। विभाग जमीन चिन्हित कर स्थानीय विवाद समेत अन्य मुद्दो को जांचने के बाद ही जमीन पर काम करेगा। जियाडा भी मामले में प्रयासरत है।

### उपेंद्र पर चली थी गोली, कई माह रेकी के बाद शूटआऊट

**धनबाद।** धनबाद जिले के पीके राय कॉलेज के पास रिकवरी एजेंट उपेद्र सिंह घात लगाये दो अपराधियों ने बुधवार को गोली मारकर हत्या कर दी। अपराधियों ने घटना को उस वक्त अंजाम दिया गया जब उपेंद्र सिंह अपने बच्चे को कॉलेज छोड़ने के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाये अपराधियों ने गोली मार दी। जानकारी के अनुसार अपराधी शूटआऊट की तैयारी कई महीने से कर रहे थे। हाल ही में हजारीबाग जिले के बरही में बहुचर्चित रिकवरी एजेंट उपेद्र सिंह उस वक्त हमला जब धनबाद से बिहार के गया जा रहे थे। हालांकि, इस हमले में उपेद्र सिंह बाल बाल बच गये थे।

## विवादित खेल मैदान मामले में सीओ ने वन प्रमंडल पदाधिकारी को भेजा जांच प्रतिवेदन

### पीड़ित पक्ष के साथ हुई मारपीट, किसी ने नहीं दिया साथ तो, दर्ज करवाया ऑनलाइन प्राथमिकी



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
खोड़ाहर मौजा पांच माईल के अंतर्गत विवादित खेल मैदान को लेकर सीओ ने वन क्षेत्र पदाधिकारी को जांच प्रतिवेदन भेजा है । प्रतिवेदन में वन क्षेत्र पदाधिकारी को उक्त मौजा का वर्तमान स्थिति से अवगत कराया गया है। प्रतिवेदन के अनुसार उक्त मौजा के खाता संख्या 45 प्लॉट 1462 का 167.50 डिसमल जमीन जंगली किस्म का है । जिसपर गोविंद उरांव, बड़ा उरांव, लिटा उरांव, सुरेश उरांव आदि ने अपने पक्ष में दावा प्रस्तुत कर कागजात जमा किया है । जिसके आधार 17.40 और 13 एकड़ के कागजात बतौर साक्ष्य जमा किए गए है । जिस पर घर, खेत बाड़ी और खेल मैदान अवस्थित है । सीओ ने अपने जांच प्रतिवेदन में वन प्रमंडल पदाधिकारी को बताया है कि दावा के अनुसार करीब 32 डिसमिल जमीन पर कब्जा है, जिसमे .50 डिसमिल का पक्की सड़क भी है बाकी 1.40 एकड़ भूभाग पर खेल मैदान स्थित है। 30.10 एकड़ पर ही घर, मकान, बाड़ी, झुरमुट आदि अवस्थित है। खेल मैदान का भूभाग पर ग्रामीणों का विवाद है । प्रतिवेदन के माध्यम से पदाधिकारी से उक्त जमीन की जांच करते हुए जमीन की स्थिति वन भूमि के अंदर या वन भूमि के बाहर होने की जानकारी देने का आग्रह किया गया है । जिसे वरीय पदाधिकारी को उचित कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा सके। विदित हो कि बीते 30 जनवरी को उक्त विवादित जमीन को लेकर कुछ स्थानीय लोगो के द्वारा सुरेश उरांव के घर में जाकर मारपीट करने और जाना से मारने की धमकी दी गई है । इस बाबत भुक्तभोगी ने संबधित पदाधिकारी से उचित सुरक्षा और न्याय की मांग किया है । पीड़ित का दावा है कि मामले को लेकर पदमा थाना में आवेदन देने का प्रयास किया गया परंतु मुंशी ने पूर्व ने आवेदन दिए जाने की बात कह कर आवेदन नहीं लिया । अंततोगत्वा पीड़ित ने ऑनलाइन एफ आई आर दर्ज किया है ।

## बरही नाई महासम्मेलन में समाजिक कुरीतियों दूर करने पर दिया गया जोर




**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
जिला परिषद बस पड़ाव में गुरुवार को नई महासम्मेलन संपन्न हुआ । इस महासम्मेलन में बरही, चौपारण, इटखोरी, मयूरहंड, बरकट्ठा, चलकुसा पदमा, चंदवारा इत्यादि स्थानों से हजारों की संख्या में नाई समाज के लोग एकत्र हुए थे । महासम्मेलन में मुख्य रूप से समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने की चर्चा की गई । कार्यक्रम में अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया । इसके साथ ही समाज के लिए कार्य करने वाले नाई समाज के प्रबुद्ध जनों को भी सम्मानित करने का भी काम किया गया । इस सम्मेलन में समाज के नन्हे मुन्हें बच्चों के द्वारा नाटक मंचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई । कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि सह प्रदेश अध्यक्ष सी के ठाकुर, केंद्रीय अध्यक्ष रमेश ठाकुर, प्रखंड गोविंद ठाकुर आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया । कार्यक्रम में बालेश्वर ठाकुर, प्रकाश ठाकुर, अशोक ठाकुर, सोमनाथ ठाकुर आदि उपस्थित थे ।

## बजट -2023

### बजट में रोजगार का जिक्र बेरोजगार युवक सरकार से नाराज : मिथिलेश सिंह

नटखट प्ले स्कूल के निर्देशक मिथिलेश सिंह ने कहा कि इस बजट में रोजगार का ज़िक्र नहीं बेरोजगार युवक सरकार से नाराज है उसे फर्क नहीं पड़ता टैक्स में उन्हें छूट दे रहे। क्यू की टैक्स देने के लिया पहले लाख रूपया कमाना होगा पहले उसे रोजगार चाहिए ताकि वह अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा खानपान रहन-सहन दे सके केवल बोलने से नही बजट में हर वर्ग का सपना पूरा होगा बजट में कुछ अच्छी बाते यह है कि शराब धूम्रपान सिगरेट को महंगा कर दिया गया है किसान को सम्मान निधि 6 हजार से बढ़ाकर 8 हजार कर दिया गया है गरीबों को फ्री अनाज मिलता रहेगा मगर मिडिल क्लास वालों के लिए लुभावनी टैक्स से काम नही चलेगा प्रधानमंत्री जी से गुजारिश है कि वित्त मंत्री बदला जाए उनकी जगह किसी अच्छे अधिकारी का चयन किया जाया।

### महिला, किसान, जवान और नवजवान को बजट में कोई राहत नहीं : सईद नसीम

टैक्स स्लैब में बदलाव अच्छा, लेकिन बजट में गरीब, किसान, बेरोजगारों को निराशा मिली है।अपने बजट की तारीफ तो हर सरकार करती है, लेकिन जिस बजट की तारीफ किसान, गरीब आदमी, बेरोजगार और देश युवा करें उस बजट की ही सराहना होगी लेकिन वर्तमान में पिछले कार्यकाल में बजट में किये वायदों को पूरे किए बिना नए वादों की फिर से घोषणा हुई है। मुल्क में पहले की तरह हर बार नए वायदे पुराने किये वायदे को भूल केन्द्र सरकार के बजट में आमजनो को घोषणाओं, वादों, दावों व उम्मीदों की दिव्यस्वप्न पूर्व की तरह दिखाए गए हैं। मध्यवर्गीय परिवार महंगाई, गरीबी व बेरोजगारी आदि की मार के कारण गरीबी रेखा के स्तर को छूता चला जा रहा है। कुल मिलाकर सरकार आमजनों की जिम्मेदारी से भाग रही है।

### सभी वर्गों के लिए खास है यह बजट : आशुतोष

कोडरमा निवासी आशुतोष नें कहा कि वितीय वर्ष 2023 -24 का बजट सभी वर्गों के लोगों के लिए खास बजट है। सभी वर्ग के लोगो का ध्यान रखा गया है। निम्न और मध्यम वर्ग को 7 लाख तक के आय को टैक्स से छूट मिला है। तो महिलाओं के लिए महिला सम्मान योजना लाई गई है। किसानों के लिये अन्न योजना, कारीगरों के लिए विश्वकर्मा पैकेज जैसी योजना सराहनीय है। शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए पहल किया गया है। व्यसाय को बढ़ावा देने के लिए यूनिट मॉल की घोषणा हुई है।

## प्रेम प्रसंग मामले में कर दी दोस्त की हत्या, गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
जिले के गोला थाना क्षेत्र में एक युवक ने लड़की के प्यार में दोस्त की हत्या कर दी। आरोपित ने हत्या की बात कबूल की है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित रोशन कुमार ग्राम डभातू टोले कोचलाटांड़ का रहने वाला है। रामगढ़ एसडीपीओ किशोर कुमार रजक ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मनोज कुमार का 18 वर्षीय पुत्र प्रियांशु 26 जनवरी की शाम घर से डीवीसी चौक के लिए निकला। देर शाम तक जब वह दुकान नहीं पहुंचा तो उसके पिता ने गोला थाने में उसके लापता होने की सूचना दर्ज कराई। पुलिस ने छानबीन शुरू की तो एक सीसीटीवी फुटेज में प्रियांशु को देखा गया। प्रियांशु कुम्हरदगा चौक तक पहुंचा था। उसके बाद उसे किसी ने भी नहीं देखा। रजक ने बताया कि खोजबीन के दौरान 30 जनवरी को दभातू गांव के किसान हाई स्कूल के पास एक कुएं में प्रियांशु का शव मिला। पुलिस ने जब उसके मोबाइल का सीडीआर निकाला है तो उसमें उसके गांव के ही रोशन कुमार युवक का नाम भी शामिल था। पुलिस की तफ्तीश में यह बात सामने आई थी प्रियांशु और रोशन दोनों एक ही लड़की को पसंद करते थे। रोशन को जब प्रियांशु के बारे में पता चला तो वह गुस्से से आगबबूला हो गया।

## भंडारे के साथ माता वैष्णो देवी मंदिर का 32वां वार्षिकोत्सव का समापन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
लोगों के बीच धार्मिक आस्था का केंद्र बना शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर का 32वां वार्षिकोत्सव भंडारा के साथ संपन्न हुआ। इस भंडारे में रामगढ़ सहित आस पास क्षेत्रों के लगभग बीस हजार श्रद्धालुओं ने मां वैष्णो देवी का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर का वार्षिकोत्सव बीते 26 जनवरी को कलश यात्रा से शुरू हुआ था, जो बुधवार को माता के अटूट भंडारा के साथ संपन्न हुआ। भंडारे से पूर्व मंगलवार की रात दो क्विंटल दूध से माता की भव्य प्रतिमा का अभिषेक (दूध स्नान) मुख्य यजमान सुमित मारवाह व उनकी पत्नी जया मारवाह द्वारा किया गया। भंडारा सुबह लगभग 10 बजे से शुरू हुआ, जो शाम तक चला। इस भंडारे में श्रद्धालुओं ने बैठकर माता का जयकारा लगाते हुए प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर माता वैष्णों देवी मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। यज्ञ एवं भंडारे के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालु नर-नारी व बच्चों की अपार भीड़ उमड़ती रही। श्रद्धालु माता रानी का जयघोष कर भक्ति भावना से ओतप्रोत हुए जा रहे थे। इस भंडारे को सफल बनाने में पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव, महासचिव महेश मारवाह सहित बिरादरी के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## प्यारी देवी की मनी छठवीं पुण्यतिथि

### पोते ने गरीबों के बीच किया कंबल का वितरण





**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
1 फरवरी को स्वर्गीय प्यारी देवी की छठी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में उनके पोता अनुभव कुमार ने प्यारी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत अन्य लोगों ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पोता अनुभव ने किया जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण। श्रद्धांजलि सभा के दौरान प्यारी देवी के पोता अनुभव ने जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। श्रद्धांजलि सभा में प्यारी देवी के पुत्र पवन कुमार सिंह, पुत्रवधु कविता सिंह, सुमिता सिंह, पोती काव्या सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## झारखंड का इतिहास

### मकर संक्रांति पर 15 दिवसीय सूर्यकुंड मेले का हुआ समापन

# दर्शकों से भरा रहा मेला, लोगों में दिखा उत्साह



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूरजकुंड में मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले 15 दिवसीय मेले का समापन हो गया। विदित हो कि कोरोना के कारण विगत 2 वर्षों से मेले का आयोजन नहीं हो सका था किंतु इस वर्ष मेला के आयोजन से आसपास के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। वहीं दर्शकों की भीड़ दिन प्रतिदिन बढ़ती गई। मेला लगाने आए दूरदराज के व्यवसायियों में शुरूआत में ऊहापोह की स्थिति बनी रही। किंतु तीन-चार दिन बीतते ही दर्शकों से मेला की रौनक बढ़ती गई। वही 24 जनवरी के दिन दर्शकों से मेला परिसर खचाखच भर गया। इस संबंध में बेलकपी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय ने बताया कि हमने इतनी भीड़ आज तक नहीं देखी। बताया कि दर्शकों और गाड़ियों से मेला इस कदर भर गया मानो झारखंड का इतिहास बन गया हो। मेले का मुख्य आकर्षण रहा न्यू इंडिया थिएटर के मालिक मेहताब ने बताया कि इस वर्ष दर्शकों की भीड़ अच्छी रही और थिएटर देखने भी लोग अच्छी संख्या में आये। वही मौत कुआं के मालिक राजेन्द्र रविदास (बेलकपी) ने बताया की इस मेला में ईश्वर की शक्ति निश्चित रूप से प्रदत है ।जिसके कारण दूरदराज से आए कोई भी व्यापारी निराश होकर नहीं लौटते। मेला कमेटी के ठेकेदार विकास पांडेय ने बताया कि मेला आयोजन में पुलिस प्रशासन, स्थानीय लोगों का एवं जनप्रतिनिधियों का अच्छा सहयोग मिला इसके लिए कमेटी की ओर से मैं उन सभी का हार्दिक धन्यवाद करता हूं।

### चारडीपा में विधायक भूषण बाड़ा ने किया चेकडैम निर्माण का शिलान्यास

# चेकडैम से भूमिगत जलस्तर भी बढ़ेगा: विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

कुरडेग प्रखंड के कुटुमाकछार पंचायत के चारडीपा में जल संसाधन विभाग से बनने वाले चेकडैम निर्माण कार्य का विधायक भूषण बाड़ा ने शिलान्यास किया। मौके पर उन्होंने विधिवत शिलापट्ट का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि यहां चेकडैम का निर्माण हो जाने से आसपास के किसानों को सिंचाई में परेशानी नहीं होगी। साथ ही भूमिगत जलस्तर भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए चेकडैम बनाया जा रहा है। चेकडैम बन जाने से कई एकड़ जमीन में सिंचाई हो सकेगी। इससे सैकड़ों आबादी को फायदा होगा।



उन्होंने कहा कि चारडीपा नाला में चेकडैम किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे किसान सालोंभर खेती कर सकेंगे। इलाके में धान की खेती के अलावा अन्य फसलों की खेती में भी सुविधा होगी। उन्होंने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण चेकडैम का निर्माण कराने का निर्देश दिया।मौके पर पाकरटांड जिप सदस्य जोसिमा खाखा,20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खलखो,20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आकाश सिंह, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष संदीप नायक, विधायक प्रतिनिधि गुड्डू खान, विधायक प्रतिनिधि शीतल तिर्की, शिशिर मिंज, शंभू प्रसाद, नीतू प्रसाद, हर्षित मिंज, गुलशन एक्का, पंचायत अध्यक्ष जयपाल कुजूर, मनोज साय,फ्रांसिस खलखो, विनोद दास, अजय साय, दीपक जयसवाल, जेपी जयसवाल, प्रवीण खेस, जॉन्सन बेग, जॉन किंडो, बशीर अंसारी, विजय एक्का, थोमाश तिर्की, केशबो यादव, सुमिरा लकड़ा, जयमंत कुजूर, आदि भारी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

### चेकडैम निर्माण से बेकार और बंजर भूमि में आएगी हरियाली: जोसिमा खाखा

पाकरटांड जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि चेकडैम निर्माण से बेकार और बंजर पड़ी भूमि में सालोंभर हरियाली आयेगी। वर्षा का जल बहकर बेकार चला जाता था। वह जल अब चेक डैम में रोककर सुखाड़ होने की स्थिति में खेतों के पटवन में काम लाया जा सकेगा।

### एसएस हाई स्कूल में गेस पेपर का वितरण



**सिमडेगा।** एसएस हाई स्कूल सिमडेगा में पुलिस अधीक्षक सिमडेगा सर के द्वारा पुलिस अंकल ट्यूटोरियल में पढ़ रहे विद्यार्थियों के बीच निशुल्क गेस पुस्तक का वितरण किया गया आपको बताते चलें कि पुलिस विभाग के द्वारा पूरे जिले के सभी थानों को मिलाकर 885 निशुल्क गेस पेपर का वितरण किया गया है इस तरह का कार्य पुलिस विभाग के द्वारा जो किया जा रहा है काफी सराहनीय है और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य को देखते हुए किया जा रहा है ताकि बच्चे मैट्रिक में अच्छे से अच्छे नंबर लाकर पास करें एवं अपने जिले का नाम रोशन करें आज आदरणीय पुलिस अधीक्षक ने बच्चों को संबोधन करते हुए कहा कि जो भी बच्चे इस कोचिंग के माध्यम से अच्छे मार्क्स लायेंगे उन्हें जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रवि प्रकाश ,सब इंस्पेक्टर राज कपूर सेठ ,सब इंस्पेक्टर ज्ञानदीप कुमार , शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा, शिक्षक भूषण नायक एवं सत्यजीत कुमार उपस्थित थे।

### भाजयुमो प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी ने की बैठक

**सिमडेगा।** आगामी चुनाव को मद्देनजर रखते हुए संगठन की मजबूती एवं विस्तार के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा, झारखंड द्वारा वरीय पदाधिकारियों का प्रत्येक जिला एवं बूथों पर विधानसभा प्रवास कार्यक्रम आयोजन हो रहा है।इसी निमित्त तामड़ा कुम्हार टोली में भाजयुमो प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी सह विधानसभा प्रवास कार्यक्रम प्रभारी अमन यादव का आगमन सिमडेगा जिला में हुआ। इस दौरान अमन यादव ने प्रत्येक कार्यकताओं से जिले एवं ग्राम में चल रही केंद्र एवं राज्य की प्रत्येक योजनाओं की वर्तमान स्थितियों की जानकारी ली। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि हेमंत सरकार ने राज्य के प्रत्येक वर्ग को ठगने का कार्य किया है। आज झारखंड की स्थिति बहुत ही भयावह हो चुकी है। जनता इस सरकार की लाचार नीतियों एवं दयनीय कानून व्यवस्था की मार झेल रहा है। मौके पर अमित अग्रव नगर अध्यक्ष करण सिंह, भाजयुमो मंत्री ओमकार केसरी, सचिन कुमार केसरी, मनीष केसरी, धनंजय बैठा, नारायण पुरी, नीतीश केसरी, राजकुमार गोप, रितिक इंदवार, छोटू गोप, सुरेंद्र ग्वाला, दीपक मांझी, मनीष तूरी, दिनेश कुमार साहू, पवन कुमार केसरी एवं संतोष साहू उपस्थित हुए।

# पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना को लेकर सुविधा सेमिनार आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, लोहरदगा (सूचना भवन) में आज दिनांक 01.02.2023 को झारखण्ड राज्य पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना, 2021 की जानकारी व सुविधा हेतु, सुविधा सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो द्वारा योजना का लाभ लेने हेतु मीडियाकर्मियों को आवश्यक जानकारी दी गई। पदाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ प्रेस/मीडिया को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्प है। इस प्रतिबद्धता के तहत झारखण्ड राज्य में अपनी सेवा देने वाले पत्रकारों के लिए झारखण्ड राज्य राज्य पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना लागू किया गया है। वर्तमान में योजना का लाभ प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों को दिया जा रहा है। इसके लिए मीडियाकर्मी के पास न्यूनतम पांच वर्षों का अनुभव होना आवश्यक है। साथ ही, शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम स्नातक होना आवश्यक है जिनकी उम्र 21-60 वर्ष तक होनी चाहिए। योजना में पांच लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा कवर दिया जा रहा है जिसकी प्रीमियम राशि का 80 प्रतिशत अंशदान राज्य सरकार और 20 प्रतिशत अंशदान मीडियाकर्मी का है। यह स्वास्थ्य बीमा एक वर्ष के लिए होगा, प्रत्येक वर्ष इसका रिन्युअल कराना होगा। स्वास्थ्य बीमा का लाभ बीमाधारक मीडियाकर्मी के साथ उसकी पत्नी या पति और उसके दो बच्चों को मिलेगा। आश्रित बच्चों की उम्र 21 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। साथ ही, वे अविवाहित हों। झारखण्ड राज्य पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ लेने के लिए मीडियाकर्मी स्वयं ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके लिए गूगल पेज पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग झारखण्ड के वेबसाईट को ओपन करना होगा। आवेदन करने के पूर्व सभी संबंधित दस्तावेजों (आवेदक का फोटो, आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता, पत्रकारिता का अनुभव प्रमाण-पत्र संबंधी, एफिडेविट, भरे हुए प्रपत्रों की कॉपी आदि) को स्कैन कर अपने पास सुरक्षित रख लेना है ताकि संबंधित दस्तावेजों को अपलोड किया जा सके। आवेदन भरे जाने से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी के लिए सूचना एवं जिला जनसंपर्क कार्यालय लोहरदगा या राज्य के हेल्पलाइन नम्बर 0651-2282458/2281522 पर संपर्क कर सकते हैं। सेमिनार में तकनीकी सहयोग एपीआरओ आशीष कुमार द्वारा दिया गया। इस मौके पर जिला जनसम्पर्क कार्यालय के कर्मीगण, विभिन्न प्रिंट मीडिया व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संस्थानों में मीडियाकर्मी उपस्थित थे।

### 04 फरवरी से विशेष पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**लोहरदगा।** माह फरवरी व मार्च 2023 में विभिन्न पंचायतों में पंचायत भवन और पशु अस्पतालों में दो दिवसीय विशेष पशु स्वास्थ्य शिविर (द्वितीय चरण) का आयोजन 04 फरवरी से किया जाएगा। कैरो प्रखण्ड के गुड़ी पंचायत से इसकी शुरूआत होगी। कैरो प्रखण्ड में 04 एवं 05 फरवरी 2023 को गुड़ी पंचायत स्थित पंचायत में यह शिविर लगाया जाएगा। कैरो प्रखण्ड के बाद अन्य प्रखण्डों में दिनांक 07.02.2023 से दो दिवसीय विशेष पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। दिनांक 07 एवं 08 फरवरी को कुडू प्रखण्ड के कोलसिमरी पंचायत भवन, सदर प्रखण्ड लोहरदगा के हेसल पंचायत भवन, मन्हो पंचायत भवन व उगरा पंचायत भवन, सेन्हा प्रखण्ड के कण्डरा पंचायत भवन, किस्को प्रखण्ड के परहेपाट पंचायत में प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय, कैरो प्रखण्ड के नरौली पंचायत भवन, पेशरार प्रखण्ड के रोरद पंचायत भवन में उक्त शिविर लगाया जाएगा।

# प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ सीओ ने की समीक्षा बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**

अंचल कार्यालय जलडेगा में अंचल अधिकारी डॉ खगेन महतो ने झारखंड राज्य फसल राहत योजना को लेकर संबंधित कर्मियों और प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। इस बैठक में बीटीएम राजेश बागे, एटीएम सुजीत प्रसाद कुशवाहा, नितेश पौल एक्का, प्रखंड कृषि पदाधिकारी बृज बिहारी प्रसाद और प्रज्ञा केंद्र संचालक उपस्थित थे।बैठक में सीओ ने सभी कर्मियों और प्रज्ञा केंद्र संचालकों से झारखंड राज्य फसल राहत योजना में किसान लाभुकों को जोड़ने के लिए अधिकतम पंजीयन करने तथा आवेदन भरने को कहा। उन्हांने कहा कि किसानों को फसल राहत का अधिक से अधिक लाभ मिले। जिसको लेकर सही तरीके से जांच कर पंजीयन करना सुनिश्चित करें और पंजीयन में तेजी लाएं। जिस प्रज्ञा केंद्र में आवेदन लंबित हैं उसे एक सप्ताह के अंदर निष्पादन करने को कहा, साथ ही जिन किसानों का आवेदन आवेदन पूर्ण हो चुका है उनका केवाईसी भी अवश्य करें।उन्होंने ने कहा की झारखंड राज्य फसल राहत योजना राज्य सरकार की बहुत बड़ी महत्वकांक्षी योजना में से एक है, इसलिए इस काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

### आजसू पार्टी ने चलाया सदस्यता अभियान



**सिमडेगा।** सिमडेगा शहरी क्षेत्र के ठाकुर टोली वार्ड नं 02 में आजसू पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें दर्जनों कार्यकताओं ने आजसू पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया इस अभियान में सभी पुरुष सदस्यों को आजसू पार्टी जिला अध्यक्ष धुपेन्द्र पाण्डे ने माला पहना कर स्वागत किया और महिलाओं को महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पुनिता लकड़ा ने स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने कहा आजसू पार्टी जमीन से जुड़कर लगातार काम कर रही है ऐसे में सभी लोग आजसू पार्टी का हाथ को मजबूत करें और आने वाले चुनाव में वर्तमान सरकार को सत्ता से बाहर करने में सहयोग करें ताकि यहां का विकास हो सके।

### बानो में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**बानो।** बानो में आयुष विभाग द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय योग शिविर बुधवार को सम्पन्न हो गया।योग शिविर में भाग लेने वाले सभी शिक्षकों को प्रमाण पत्र दिया गया।आयुष विभाग के तत्वावधान में आयोजित पाँच दिवसीय योग शिविर प्रथम चरण सम्पन्न हो गया।शिविर प्रखण्ड के एस एस हाई स्कूल मैदान में आयोजित की गई थी।जिसमें प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया । शिक्षकों को योग शिक्षक बलिराम सिंह ने योग के कई विधि बताये। बलिराम सिंह ने बताया कि शिक्षकों को योग शिक्षा देने का मूल कारण बच्चों को योग से जोड़ना ,योग के प्रति बच्चों के बीच जागरुकता लाना । योग के माध्यम से कई रोगों से मुक्ति मिलेगी व योग कर शरीर को निरोग व स्वास्थ्य बनाये रखे ।सभी प्रशिछुओ के बीच बीपीओ निर्मला लिंडा ने प्रमाण पत्र वितरण किया उन्होंने कहा योग का जीवन मे अति आवश्यक है। योग करें निरोग रहे।

### कुरडेग पुलिस ने चलाया वाहन जांच अनियान

**कुरडेग ।** कुरडेग पुलिस ने बुधवार को थाना गेट के समीप पुलिस अधिक्षक के निर्देश पर वाहन जाँच अभियान चलाया ।कार्यवाहक थाना प्रभारी नरेश मरांडी के नेतृत्व में एंटी क्राइम एवं सड़क सुरक्षा को लेकर थाना गेट के समीप दो पहिया , तीन पहिया और चार पहिया वाहनों को रोककर वाहन से संवन्धित आवश्यक कागजात एवं डीक्की खुलवाकर गहनता पुर्वक जाँच की गई वहीं हेलमेट नहीं लगाने वाले चालकों को फटकार लगाते हुए हेलमेट लगाकर बाइक चलाने के निर्देश दिये वहीं अधुरे कागजात रहने पर दो बाइक चालकों का चालान काटा गया उन्होंने ने बताया कि सड़क सुरक्षा तथा एंटी क्राइम को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान जारी रहेगा दो पहिया चालक हेलमेट पहने , बिना हेलमेट दो पहिया वाहन नहीं चलाएं नहीं तो होगी कार्रवाई।

# सेन्हा में घर में आगलगी बाइक सहित घर स्वाहा

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

सेन्हा थाना क्षेत्र के गुमला लोहरदगा मुख्य मार्ग किनारे भड़गांव स्थित चौक पर किशोर कुमार महतो पिता स्वर्गीय रामकुमार प्रजापति के घर में शॉर्ट सर्किट के माध्यम से आग लग गई। आग लगने के कारण घर का पूरा सामान जलकर राख हो गया। बताया जाता है कि किशोर कुमार के घर में एक मोटरसाइकिल 6 महीना पहले खरीद के रखा हुआ था जो पूरी तरह जल गया। बताया जाता है कि आग इतना जबरदस्त था की पल भर में ही पूरा घर जल कर राख हो गया। घर में रखे लाखों रुपए की सामान अनाज कपड़ा सभी जल गया है। किशोर कुमार महतो ने बताया कि घटना के पूर्व अपनी गर्भवती पत्नी के लेकर लोहरदगा सदर अस्पताल में इलाज कराने के लिए गए हुए थे। घर में कोई नहीं रहने के कारण आग कब लगी कैसे लगी इसका स्पष्ट जानकारी किसी को नहीं है। ऐसे बताया जाता है कि बिजली में करंट होने के कारण शॉर्ट सर्किट से आग लगी हुई है। वहीं घर में आग लगने से 50 हजार रुपए नगद के अलावा जेवर 3 लाख 2 लाख का पल्सर टू 20 मोटरसाईकिल सहित 10 लाख का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। जबकि इससे ज्यादा भी नुकसान होने की बात परिजनों द्वारा बताया जा रहा है। आगलगी घटना मे अन्य कीमती सामान और जरूरत का कागजात समान जलकर राख हो गया। फिलहाल अग्निशामक दल आग बुझाने में जुटी हुई है। घर में आग लगने की सूचना मिलने पर अंचलाधिकारी विजय कुमार, थाना प्रभारी धनंजय पासवान, जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की घटना स्थल पीड़ित का घर पहुंच कर मामले की जानकारी ले रहे है।

### हॉकी खिलाड़ियों को खाली कराए जाने की सूचना पर भड़के विधायक भूषण बाड़ा, कहा

# हॉकी के विकास में बाधा कतई बर्दाश्त नहीं

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में बने भवन से हॉकी खिलाड़ियों को खाली कराए जाने की सूचना पर विधायक भूषण बाड़ा भड़क गए। उन्होंने बुधवार की अहले सुबह स्टेडियम स्थित भवन का निरीक्षण किया। साथ ही मौके पर उपस्थित खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार से मामले की जानकारी ली। खेल पदाधिकारी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरू हो चुकी है। इस निमित स्टेडियम निर्माण के लिए चयनित भूमि पर स्थित कन्या मध्य विद्यालय का भवन तोड़ा जाएगा। ऐसे में यहां पढ़ने वाले बच्चों को खुद का विद्यालय भवन बनने तक अल्बर्ट एक्का मैदान में स्थित भवन में शिफ्ट करने की योजना है। जिसके तहत यहां रह रहे हॉकी खिलाड़ियों को घर भेजा जा रहा है। जिस पर विधायक भूषण बाड़ा



भड़क गए। उन्होंने कहा कि अल्बर्ट एक्का स्टेडियम सार्वजनिक स्थल है। यहां सालों भर कई कार्यक्रम एवं सार्वजनिक गतिविधियां होते रहती है। ऐसी स्थिति में यहां पर स्कूल संचालन की बात करना कहाँ तक उचित है। प्रशासन के पास बहुत सारा बिल्डिंग भवन बेकार पड़ा है। कन्या मध्य विद्यालय को ऐसे स्थानों में स्थित भवन में शिफ्ट करें, जहां पढ़ाई का माहौल हो। जहां बच्चों को पढ़ने में भी मन लगे। उन्होंने कहा कि सिमडेगा की पहचान हॉकी से मिली है। अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में स्थित भवन में रहकर दूर ग्रामीण क्षेत्र के 42 बच्चे हॉकी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यहीं रहकर अब तक दर्जनों हॉकी खिलाड़ी राज्य को मेडल दिला चुके हैं। इसके बाद भी यहां रहने वाले खिलाड़ियों को घर भेजा जाना हॉकी के विकास में बाधा पहुंचाने वाला कार्य है। हॉकी के विकास के खिलाफ काम कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही हॉकी के विकास के खिलाफ काम करने वालों पर कड़ी करवाई की जाएगी। उन्होंने तत्काल दूरभाष के माध्यम से शिक्षा पदाधिकारी से भी बात की। साथ ही कन्या मध्य विद्यालय को ऐसे स्थान में स्थित भवन में शिफ्ट करने का निर्देश दिया, जहां शिक्षा का बेहतर माहौल हो। उन्होंने कहा कि अल्बर्ट एक्का स्टेडियम जैसे सार्वजनिक कार्यक्रम स्थल में स्कूल शिफ्ट करना उचित नहीं है। विधायक ने कहा कि प्रशासन इसका समाधान निकाले। अगर जरूरत पड़ी तो मामले को लेकर खेल मंत्री एवं शिक्षा मंत्री के पास भी वे लेकर जाएंगे।

**समस्या पर चर्चा**

### जलडेगा थाना में पुलिस और पब्लिक मीट का आयोजन

# नये थाना प्रभारी को ग्रामीणों ने किया स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**

थाना परिसर में पुलिस पब्लिक सह जनप्रतिनिधि मीट का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी हिरालाल महतो की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में परिचय एवं थाना क्षेत्र की समस्या पर चर्चा की गई। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा नवपदस्थापित थाना प्रभारी को माला पहनाकर एवं बुके देकर स्वागत किया गया। थाना प्रभारी हिरालाल महतो ने कहा कि थाना क्षेत्र के ग्रामीण कोई ऐसा काम ना करें जिससे कड़ी कार्रवाई करना पड़े, आपसी सहयोग से थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करने में सहयोग करें। थाना क्षेत्र को नशामुक्त बनाने में भी सहयोग करें। मानव तस्करी, साईबर क्राइम से बचें, किसी भी अनजान व्यक्ति को किसी प्रकार का गोपनीय जानकारी ना दे। प्रभारी ने ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों को आधारभूत समस्या से भी अवगत कराने को कहा। बैठक में ग्रामीणों ने थाना प्रभारी से प्रखंड में शराब, बकरा, मुर्गा मांस की खुलेआम बिक्री को रोकने और बजार हाट में लगातार गस्त करने को कहा।मौके पर एसआई बिरेंद्र शर्मा, अक्षयवर राम, एएसआई शिवचरण उरांव, संतोष कुमार, जलडेगा मुखिया बालमुनी लुगून, पतिअम्बा मुखिया बिमला देवी, लंबोई मुखिया शिशिर डांग, कोनमेरला मुखिया अनिमा तोपनो, लमडेगा मुखिया बिपिन बडिंग, बिमला देवी पंचायत समिति सदस्य, शशि सत्यभामा बडिंग उपप्रमुख, कृपालता बागे पतिअम्बा, जयंति देवी जलडेगा,




सुमंती समद, मालती देवी परबा, रोशन खड़िया कोनमेरला, अर्जून होरों कोनमेरला, ग्लोरिया कन्डुलना टाटी, ग्रामीण अमित गोयल, सुभाष साहू, प्रताप साहू, जसवंत साहू, बिनोद साहू, बजरंग गोयल, मिठू राम, अरूण नाग, विजित प्रसाद, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# लोहरदगा में पवनसुत श्री हनुमान मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

शहरी क्षेत्र के जुरिया रोड, राजा बंगला के फूलचंद अग्रवाल कॉलोनी में पवनसुत श्री हनुमान मंदिर का निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन बुधवार को संपन्न हुआ। भूमि पूजन कार्यक्रम शुभ मुहूर्त अपराहन 3:00 बजे से शुरू हो गई। भूमि पूजन के उपरांत भव्य भंडारा तथा भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। भूमि दाता अरुण प्रसाद अग्रवाल सपत्नी व उनके पुत्र विवेक अग्रवाल व राज किशोर अग्रवाल सपत्नी एवं उनके पुत्र आशुतोष अग्रवाल यजमान के रूप में पूजन कार्यक्रम संपन्न किया। सभी पूजन कार्यक्रम यज्ञ आचार्य रमेश आचार्य व नवल किशोर मिश्रा के देखरेख व मार्गदर्शन में संपन्न कराया गया। गौरतलब है कि मंदिर निर्माण के लिए अग्रवाल मुहल्ला निवासी अरुण अग्रवाल व उनके पुत्र



विवेक अग्रवाल एवं उनके भाई राजकिशोर प्रसाद व उनके पुत्र आशुतोष अग्रवाल ने भूमि उपलब्ध कराई है। जहाँ पर भव्य हनुमानजी का मंदिर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। इस मंदिर निर्माण के लिए सनातन धर्मावलंबियों से क्षमतानुसार सहयोग की भी अपील मंदिर निर्माण कमिटी की ओर से की गई है। कमिटी के सदस्यों ने बताया कि आज भूमि पूजन कार्यक्रम सभी के सहयोग से भव्य तरीके से संपन्न हो गया है। अब मंदिर निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू कर दिया जाएगा। सभी के सहयोग से शीघ्र ही भव्य मंदिर जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगा। मंदिर निर्माण समिति ने सभी से बढ़-चढ़कर मंदिर निर्माण के लिए सहयोग की अपील किया है। मौके पर मंदिर निर्माण समिति के सदस्य धनेश्वर कांदु, राजू साहू , मुकेश साहू, नीरज अग्रवाल, दीपक अग्रवाल , शशि भगत, हरिनाथ साहू , अजय महतो, संदीप मिश्रा, पंकज मिश्रा आदि मौजूद थे।

# पलामू एसपी के आदेश पर जवान ने ब्लड देकर बचाई महिला की जान



**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस एसपी चंदन सिन्हा की टीम लगातार पलामू जिले के गरीब असहाय लोगों की मदद करने में हर संभव प्रयासरत है। बुधवार को सदर अस्पताल में एक गरीब महिला शोभा देवी पति राजकुमार चेरो शहर थाना रेड़मा कचरवा निवासी की स्वास्थ्य सुधार के लिए ओ नेगेटिव एक यूनिट ब्लड की अति आवश्यकता थी। एक पत्रकार के माध्यम से इसकी जानकारी पलामू एसपी चंदन सिन्हा को दी गई। एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर पुलिस मेंस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे के नेतृत्व में एक पुलिस जवान प्रकाश राज तिवारी ने सदर अस्पताल ब्लड बैंक पहुंचकर मरीज शोभा देवी को एक यूनिट ब्लड उपलब्ध कराया। पलामू पुलिस की इस नेक कार्य के लिए शोभा देवी के पति राजकुमार चेरो ने धन्यवाद दिया है। बताते चलें की पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने पलामू में पदभार ग्रहण करने के साथ ही पलामू वासियों से वादा किया था कि वे किसी भी व्यक्ति की जान खून की कमी से नहीं जाने देंगे। वे अपने वचन पर आज भी कायम हैं। अभी तक उन्होंने अपने कार्यकाल में पलामू जिला के लगभग 150 लोगों को खून उपलब्ध करा कर उनको नया जीवन देने का काम किया है। यह सिर्फ उनका वादा ही नहीं रहा, बल्कि उसे धरातल पर भी उतारने का काम किया है।

## श्री राम सेना के उप राज्य प्रमुख ने किया रक्तदान

**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** श्रीराम सेना के उप राज्य प्रमुख राजेश कुमार गुप्ता ने एक महिला मरीज शोभा देवी को रक्त दान किया। मरीज के पति राजकुमार चेरो जीएलए कॉलेज रोड के निवासी है। इस मौके पर श्रीराम सेना के वरीय पदाधिकारीगण ब्लड बैंक में उपस्थित थे। जिनमें प्रमुख रूप से राज्य प्रमुख पंकज कुमार जायसवाल ,कुंदन गुप्ता, धीरज तिवारी, दिल्लू सिंह ,अजय यादव ,संजय कुमार गुप्ता ,जितेंद्र गुप्ता उपस्थित थे।



श्रीराम सेना ने आम जन से अपील किया है कि रक्तदान करना चाहिए। श्री राम सेना समाज की हर आवश्यकता पर अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाते रहेगी । समाज के किसी भी व्यक्ति को रक्त के बिना मरने नहीं दिया जायेगा।

# जेएसएससी ने 12 नियुक्ति के विज्ञापन को रद्द किया

**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने पिछले वर्ष बेरोजगारों को नौकरी देने के लिए निकाले गए 12 नियुक्तियों के विज्ञापन को रद्द कर दिया है। गौरतलब है कि बीते 16 दिसंबर को हाई कोर्ट के द्वारा सरकार के नियोजन नीति को रद्द करने के बाद आयोग ने यह फैसला किया है। आयोग ने सूचना के माध्यम से कहा कि नये सिरे से विज्ञापन प्रकाशित कर परीक्षा आयोजन की कार्रवाई की जायेगी।

**रद्द हुई विज्ञापन :** आयोग के द्वारा डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियागिता परीक्षा, प्रयोगशाला सहायक प्रतियोगिता ,सचिवालय आशुलिपिक प्रतियोगिता,सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियागिता परीक्षा, उत्पाद सिपाही प्रतियागिता परीक्षा, औद्योगिक प्रशिक्षण सेवा के विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण अधिकारी प्रतियोगिता,इण्टरमीडिएट स्तर (कम्प्यूटर ज्ञान एवं कम्प्यूटर में हिन्दी टंकण अहर्ता धारक पद हेतु ) संयुक्त प्रतियोगिता, नगरपालिका सेवा सम्वर्ग संयुक्त प्रतियोगिता , तकनीकी / विशिष्ट योग्यताधारी स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, मैट्रिक स्तर संयुक्त प्रतियोगिता, स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा, डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियागिता परीक्षा को रद्द किया गया है।

# पलामू में होगी राज पंडित फिल्म की शूटिंग

**राज पंडित फिल्म मे नजर आयेंगी मिस यूनिवर्स परी**

**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** अनमोल मुस्कान फिल्म के बैनर तले बन रही हिन्दी फीचर फिल्म राज पंडित में मुख्य भूमिका मे नजर आयेगी मिस यूनिवर्स परी। इस फिल्म में मुख्य भूमिका में इनके साथ डॉ प्रवेश दुबे रहेंगे । फिल्म के निर्देशक सुमित वर्मन करेंगे । स्क्रिप्ट राइटर शशिभूषण सिंह का है। फिल्म की शूटिंग रविवार से मेदिनीनगर मे शूट किया जायेगा । मिस यूनिवर्स परी रविवार को डालटनगंज पहुंचेंगी। फिल्म का 80% शूटिंग डालटनगंज मे किया जायेगा । साथ ही इसमें शहर के अनुभवी कलाकारों को जोड़ा गया है जो मुख्य कलाकार के रूप मे भाग ले रहे हैं । फिल्म का लगभग शूटिंग झारखण्ड मे किया जायेगा। फिल्म की शूट पलामू मे किया जायेगा। जिससे पलामू की खास स्थल को दिखाया जा सके। जिससे प्रत्येक स्थल को विकसित किया जा सके। पलामू का गौरव व सुंदरता को निखारा व सजाया जा सके।

## बजट प्रतिक्रिया) आजादी के बाद का स्वर्णिम बजट, हर वर्ग का रखा गया ध्यान : सीपी सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि इस बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। यह बजट समाज के प्रत्येक वर्ग खासकर गांव, गरीब, किसान और मध्यमवर्गीय सभी के लाभदायी और लाभकारी है। उन्होंने कहा है कि बजट में आदिवासी, दलित या ओबीसी वर्ग सभी के लिए व्यवस्था की गई है। एकलव्य विद्यालय में जहां 38000 शिक्षकों की बहाली होगी, वहीं इलेक्ट्रिक वाहनों में इस्तेमाल होने वाली लिथियम ऑयन बैटरियों पर सीमा शुल्क को घटाकर 13 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया गया है। इसके अलावा मोबाइल, टेलीविजन, चिमनी विनिर्माण के लिए भी सीमा शुल्क में राहत दी गई है। वित्त मंत्री ने मोबाइल फोन विनिर्माण के लिए कुछ सामान के आयात पर सीमा शुल्क में कटौती की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि भारत का मोबाइल फोन उत्पादन 2014-15 के 5.8 करोड़ इकाई से बढ़कर पिछले वित्त वर्ष में 31 करोड़ इकाई हो गया। सीतारमण ने यह भी घोषणा की कि टीवी पैनल के ओपन सेल के पुर्जों पर सीमा शुल्क घटाकर 2.5 प्रतिशत किया जाएगा। किचन इलेक्ट्रिक चिमनी पर सीमा शुल्क 7.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है। बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सात प्राथमिकता निर्धारित की हैं, जिसमें समावेशी विकास, अंतिम छोर तक पहुंच, हरित विकास, युवा शक्ति, वित्तीय क्षेत्र, बुनियादी ढांचे का विकास और क्षमताओं का पूरा इस्तेमाल शामिल हैं।

## राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए 32 खिलाड़ियों का चयन

**रांची।** छत्तीसगढ़ में 17-22 फरवरी तक होने वाले राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए झारखंड के 32 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। सभी खिलाड़ी 16 फरवरी को भिलाई के लिए रवाना होंगे। महिला वर्ग में नौ खिलाड़ी चयनित हुई हैं। इनमें अंजली कुमारी, स्नेहा कुमारी, हिमा तिर्की, ईशा श्रेया कुजूर, आश्रिता तिर्की, पूर्णिमा कंडुलना, कंवलजीत कौर, खुशबू सोए, रितिका सौम्या शामिल हैं। इसके अलावा पुरुष वर्ग में 23 खिलाड़ियों को चुना गया है। इनमें भास्कर दुबे, अक्षय शुक्ला, यश राज, सुरेंद्र उरांव, राजकुमार, आनंद कर्मकार, नील अमृत, रोहित बिरूली, मोनू कुमार, राजन पांडेय, हर्ष आनंद, आयुष कुमार, असीम नीतीश टोप्पो, राहुल कुमार, दीपक लिंडा, अमित खोया, आकाश मिंज, मो उस्मान, वसीम अंसारी शामिल किये गए हैं।

# एडीजी ने पांच वर्षों से लंबित मामले को लेकर की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य के विभिन्न जिलों में पांच वर्षों से अधिक अवधि के लंबित मामलों के निष्पादन को लेकर एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाठकर ने पुलिस मुख्यालय में बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बैठक की। समीक्षा के दौरान पाया गया कि पांच वर्ष से लंबित मामलों का 80 प्रतिशत निष्पादन हो चुका है। सिर्फ 768 केस लंबित है। इनमें सबसे अधिक रांची, धनबाद और बोकरो में केस लंबित है। एडीजी ने मार्च तक सभी लंबित केस का निष्पादन करने का निर्देश सभी एसपी को दिया है। एडीजी ने बताया कि मार्च तक पांच वर्ष से अधिक लंबित मामलों का निष्पादन करने को कहा गया है। मार्च से चार वर्ष के लंबित मामलों का निष्पादन किया जायेगा। इससे पूर्व हुई बैठक में 3704 मामलों में 2787 (75 प्रतिशत) मामलों का निष्पादन किया जा चुका था। अब तक 2936(80 प्रतिशत) मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि पांच वर्षों और उससे पहले से लंबित मामलों के निष्पादन के लिए राज्य के मुख्य सचिव और डीजीपी के निदेर्शानुसार मार्गदर्शन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन वर्ष 2022 के सितम्बर माह के अन्त में किया गया। इस समिति का अध्यक्ष एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाठकर को बनाया गया था । उपाध्यक्ष सीआईडी आईजी असीम विक्रांत मिंज को बनाया गया था।

## मैक्सिजोन के डायरेक्टर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जज प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को लाखों निवेशकों का करोड़ों रुपये लेकर फरार होने वाली गाजियाबाद की कंपनी मैक्सिजोन टच प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर चंद्रभूषण सिंह और उनकी पत्नी प्रियंका सिंह की अग्रिम जमानत खारिज कर दी। उल्लेखनीय है कि कंपनी ने 22 अगस्त 2019 में गाजियाबाद से अपने बिजनेस की शुरूआत की थी। उसके एमडी भूषण सिंह और उनकी पत्नी प्रियंका सिंह हैं। कंपनी निवेशकों को 15 से 18 प्रतिशत प्रति माह उनके इन्वेस्टमेंट के आधार पर प्रॉफिट प्रदान करती थी। कहीं कंपनी से जुडे. लोगों के पर्दे के पीछे का खेल समय से पहले खुल नहीं जाये और निवेशकों का उन पर विश्वास बना रहे, इसे लेकर पिछले दो साल से निवेशकों को समय पर प्रॉफिट भी दिया गया।

# प्रदेश भाजपा की परिचर्चा में बुद्धिजीवियों ने बजट को सराहा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को आम बजट पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। पार्टी के आर्थिक प्रकोष्ठ के द्वारा केंद्रीय बजट पेश होने के उपलक्ष्य में आयोजित यह परिचर्चा करीब डेढ़ घंटे तक चली। इसमें समाज के प्रबुद्ध वर्ग सीए, अधिवक्ता, डॉक्टर, कई कंपनी के सेक्रेटरी, शिक्षक, प्राइवेट यूनिवर्सिटी से जुड़े लोगों ने अनुभव को साझा करते हुए इस पर विस्तृत चर्चा की। चार्टर्ड अकाउंटेंट राजकुमार ने कहा कि वित्तमंत्री ने अपने बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा है। इलेक्ट्रिक व्हीकल और मोबाइल फोन सस्ते कर युवाओं को तोहफा दिया है। सरकार ने बजट का आकार भी बड़ा किया है। गरीबों के आवास निर्माण के लिए अलग से 79 हजार करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। स्किल डेवलपमेंट ट्रेनर पियूष कात्यायन ने कहा कि बजट में डिजिटल लाइब्रेरी का प्रावधान किया गया है।इसका फायदा युवाओं को काफी मिलने वाला है। प्रधानमंत्री विकास योजना चार लॉन्च होगी। देश में युवाओं को ट्रेंड करने के लिए इंटरनेशनल ट्रेनर आएंगे। वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने के लिए पीएम प्रमाण योजना लॉन्च किया गया है। इससे किसानों को काफी फायदा होगा. बजट काफी अच्छा है। शिक्षाविद प्रो. समदर्शी ने कहा कि सरकार ने बजट में एनर्जी के लिए बड़ी रकम आवंटित करने की घोषणा की है।

# लाभुकों ने की स्वयंसेवक को पंचायत से हटाने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**
चिनिया प्रखंड के बेता पंचायत के बेसरी गांव के दर्जनों पीएम आवास लाभुकों ने स्वयंसेवक पर पैसा उगाही का आरोप लगाया है। बुधवार को बेसरी गांव में दर्जनों लाभुक इकट्ठा होकर मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि सायरा खातून नसीम अंसारी कमरुद्दीन अंसारी मुर्शीद अंसारी को पक्का मकान बता कर के इनका पीएम आवास का राशि नहीं दिया गया है, परंतु जब प्रखंड के टीम तथा जिला के टीम इनके आवास को जांच किया तो कच्चा मकान पाया गया था,फिर भी इनको पीएम आवास का राशि नहीं मिल पाया, उधर लाभुकों ने पंचायत के स्वयंसेवक उमेश यादव पर आरोप लगाया कि पंद्रह ?15000 लेकर के पीएम आवास की राशि खाते में डलवाने की बात कही थी परंतु बाद में फिर ?25000 की मांग की जाने लगी तो हम लोग नहीं दे सके, इस बात पर स्वयंसेवक द्वारा पंद्रह ?15000 वापस कर दिए गए जबकि मुर्शीद अंसारी का साढे ?5000 अभी भी स्वयंसेवक उमेश यादव के पास बाकी है। उधर मामले में स्वयंसेवक से पूछे जाने पर पैसा लेने से इनकार किया है। मौके पर पीएम आवास के लाभूक जिनका सूची में नाम शामिल है। इलियास अंसारी बसारत अंसारी, सलीम अंसारी, कमरुद्दीन अंसारी, युसूफ अंसारी, जियाउल हक, ताहिर अंसारी, रमजान अंसारी, नसीम अंसारी, आफताब आलम, मंजूर आलम, मोहम्मद नूर मोहम्मद, मोहम्मद इफ्तिखार अंसारी, खुर्शीद अंसारी, अनीस अंसारी, सफदर अंसारी, सहित 40 लोगों का जॉब कार्ड मिसमैच के नाम पर उनके पीएम आवास में पैसे नहीं भेजे जा रहे हैं।

# दो माह से राशन नहीं मिलने से लाभुकों ने बीडीओ से की शिकायत




**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**
प्रखंड क्षेत्र के रेसुआ गांव के राशन डीलर शिव शंकर राम पर नवम्बर, दिसम्बर एवं जनवरी माह का राशन गमन करने का आरोप दुबेतहले गांव के राशन कार्ड धारियों द्वारा लगाया गया है। इस सम्बंध में दो दर्जन से अधिक कार्ड धारी महिला पुरूष प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचे और शिकायत पत्र देते हुए बकाया राशन दिलाने की मांग की। इस संबंध में बीडीओ से शिकायत करते हुए आशा देवी,लक्ष्मी देवी, सुनीता देवी, उर्मिला देवी, कांति देवी, किरण देवी, अनिल राम, कृष्णा पासवान ,शिव राम एवं दसई रजवार सहित दो दर्जन से अधिक लाभुकों ने कहा कि डीलर शिवशंकर राम ने उन्हें नवम्बर, दिसम्बर एवं जनवरी माह का राशन नही दिया है। लाभुकों ने बीडीओ को बताया कि इसकी शिकायत वे सीओ सह प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता से भी किये थे, इसके बाद उनके द्वारा भी डीलर को फटकार लगाते हुए राशन देने का निर्देश दिया गया था लेकिन डीलर ने इसे अनसुना कर दिया और किसी को भी राशन नही दिया। लाभुकों ने कहा कि उन्हें सरकार से मिले धोती साड़ी भी नहीं दी गई है। वहीं लाभुकों ने आरोप लगाते हुए कहा कि डीलर के द्वारा पहले से ही प्रति किलो2रु लेकर ही राशन दिया जाता है, इसमे भी तीस किलो राशन में दो किलो काटकर दिया जाता है।लाभुकों ने दिए गए आवेदन पत्र में कहा है कि केंद्र सरकार से मिलने वाले फ्री राशन में भी दस रुपए लिए जाते हैं। मौके पर उपस्थित बीडीओ नीतीश कुमार भास्कर ने लाभुकों की शिकायत को ध्यान से सुना और जांच कर डीलर के खिलाफ कार्रवाई करने का आस्वासन दिया। इधर सहायक गोदाम मैनेजर मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि शिवशंकर राम द्वारा नवम्बर, दिसम्बर का राशन उठाव कर लिया गया है।जबकि जनवरी माह का राशन लेट होने के कारण28जनवरी से उठाव होना सुरु हुआ है।

# हॉस्पिटल लेबल कमिटी की बैठक में डीएस को लगी फटकार

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक कार्यालय कक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में हॉस्पिटल लेबल कमिटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीओ आलोक कुमार ने पूर्व में दिए गए निर्देशों का अनुपालन प्रतिवेदन का अवलोकन किया तथा स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाई जा रही विभिन्न कार्यक्रमों जैसे में बंध्याकरण, कोविड टीकाकरण, चाइल्ड हेल्थ, फाइलेरिया, मोतियाबिंद, यक्ष्मा टीकाकरण आदि की समीक्षा की तथा अस्पताल के उपाधीक्षक को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान एसडीओ ने अनुमंडलीय अस्पताल की लचर व्यवस्था और दुर्दशा पर नाराजगी प्रकट करते हुए डीएस को जमकर क्लास लगाई। उन्होंने कहा कि पिछले 1 माह के अंतराल में अस्पताल कि दुर्दशा व स्वास्थ कर्मी के द्वारा मरीजों के साथ खिलवाड़ करने के मामले में अब तक जो भी खबर सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित हुई है उसके विरूद्ध अब तक क्या कार्रवाई हुई उसका जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। एसडीओ ने गत 13 जनवरी को मंगरदह गांव की एक गर्भवती महिला के साथ स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही से हुई मौत मामले में जमकर फटकार लगाए। उन्होंने कहा कि महिला के साथ इस घटना में जो भी कर्मी दोषी पाए जाएंगे उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। एसडीओ ने अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त करने की हिदायत देते हुए बेहतर स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में मरीजों के साथ खिलवाड़ करना किसी भी हाल में नहीं बख्शा जाएगा। एसडीओ ने डीएस को सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों को गोल्डन आवर में अस्पताल पहुंचाने वाले नेक नागरिकों की सूची तैयार कर जिला को भेजने का निर्देश दिया जिससे कि उन्हें प्रोत्साहन राशि दिया जा सके। एसडीओ ने कहा कि गंभीर रूप से घायल मरीजों को कल्याण विभाग की ओर से 3 हजार से लेकर 25 हजार तक दिए जाने का प्रावधान है ऐसे में अस्पताल में आने वाले मरीजों को उचित सलाह देने का निर्देश दिया।

## बकरी चोरी कर भाग रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के खोरहाटोली में बकरी चोरी कर भाग रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम मो खालिद राजा उर्फ माया है। वह कांटाटोली मौलाना आजाद कॉलोनी का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार आरोपी सोगरा कच्छप नामक युवक के घर से मंगलवार को बकरी चोरी कर भाग रहा था। इसी दौरान सोगरा की नजर उस पर पकड़ गयी। हो हल्ला करने पर आरोपी को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

## एदलहातू में महिला से मोबाइल की छिनतई

**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र के एदलहातू सरकारी स्कूल के पास एक महिला से बाइक सवार अपराधियों ने मोबाइल की छिनतई कर ली। घटना बुधवार दोपहर की है। हालांकि, महिला ने अब तक इस मामले में लिखित आवेदन थाने में नहीं दिया है। महिला अर्चना देवी बुधवार को किसी काम से एदलहातू सरकारी भवन के पास से गुजर रही थी। इसी दौरान बाइक सवार अपराधी पहुंचे। उनके हाथ से मोबाइल छीना और फरार हो गए। हालांकि महिला ने शोर भी मचाया, मगर आरोपी भाग निकले।


# स्वेटर पोशाक से बच्चों में दिखती है एकरूपता : मीना



**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** आंगनबाड़ी केंद्र भैरवा में बच्चों के बीच नरसिंहपुर पंचायत की मुखिया मीना देवी ने 30 बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। मीना देवी ने कहा कि आंगनबाड़ी से विद्यालय तक ,मध्यान भोजन से लेकर स्कूली ड्रेस, विद्यालय कीट जैसे अन्य सुविधाएं सरकार उपलब्ध करा रही हैं! अब जरूरत है अभिभावक को अपने बच्चों पर ध्यान देने की,ससमय नियमित रूप से स्कूल भेजने की। सेवानिवृत्त शिक्षक व्यास राम चौरसिया ने अभिभावकों से अपील की है कि अपने बच्चों को नियमित आंगनबाड़ी केंद्र में भेजे। नन्हे मुन्ने बच्चे देश के भविष्य हैं। बच्चों के अंदर एक से बढ़कर एक प्रतिभा छुपी हुई है। हम सबका दायित्व है कि मिलजुलकर प्रतिभा को निखारने का काम करें। सेविका को भी चाहिए कि तन मन से बच्चों को शिक्षा के प्रति रुचि पैदा करें।अच्छी तरह से आंगनबाड़ी को संचालित करें। मौके पर सेविका, सहायिका, अभिभावक महेश चौरसिया, अशेष चौरसिया, मिथुन चौरसिया, जसवंत चौरसिया जैसे दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# शादी से इंकार पर महिला ने थाना में शिकायत दर्ज कराई

**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** पश्चिम बंगाल पुरुलिया जिले के पारा थाना क्षेत्र अनारा गांव की रहने वाली एक महिला ने मेदिनीनगर महिला थाना में न्याय के लिए गुहार लगाई है। उसने शहर थाना क्षेत्र के गायत्री नगर संत जेवियर स्कूल पांकी रोड बारालोटा निवासी 29 वर्षीय नवल किशोर शर्मा , पिता अक्षय शर्मा पर शादी से इंनकार करने का आरोप लगाया है। इधर, युवती का कहना है कि फेसबुक से प्यार होने के बाद नवल किशोर शर्मा उससे शादी का भरोसा देकर पति-पत्नी की तरह 3 वर्षों से रहते आ रहा है। मैं उसके साथ शादी करके जीवन बिताना चाहती हूं। उसी सपने को लेकर पुरुलिया से मैं डालटनगंज आई और यहां किराए के मकान में रहने लगी। जहां युवक भी उसके साथ पति-पत्नी की तरह रहा। जब मैंने शादी करने, उसके घर जाने और परिवार वालों से मिलवाने की बात कही तो वह टालमटोल करता रहा। इधर दो-तीन महीने से वह उसका कॉल नहीं उठा रहा है और आना जाना भी बंद कर दिया है। पता करने पर मालूम हुआ कि आगामी 15 फरवरी को उसकी शादी है। महिला 22 जनवरी से थाना का चक्कर काट रही है। अभी तक उसकी शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। थाना में आकर नवल किशोर के पिता और परिवार वाले डरा धमका रहे हैं और पुलिस चुप्पी साधे हुए है। उसने आरोपी युवक पर सख्त कार्रवाई करने की अपील की है।



**सरकार के अवर सचिव ने एसपी को दिया कार्रवाई का निर्देश :** पीड़ित युवती ने इस संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी न्याय की गुहार लगाई थी। इसके आलोक में सरकार के अवर सचिव राममूर्ति सिंह ने पलामू के पुलिस अधीक्षक को लिखित पत्र जारी कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। साथ ही कार्रवाई करने के बाद इसकी जानकारी मुख्यमंत्री सचिवालय को देने का निर्देश दिया है।

राष्ट्रीय नवीन मेल
रांची
गुरुवार, 02 फरवरी 2023



ज्ञान की बात

**धर्म न मात्र ग्रहण में है न मात्र त्याग में। धर्म तो सात्विक त्याग तथा सात्विक ग्रहण-दोनों में है। ग्रहण में न्याय की रक्षा है, अथवा त्याग में। ग्रहण जनहित में है अथवा त्याग में। कर्तव्य की पूर्ति ग्रहण में होती है अथवा त्याग में। महत्वपूर्ण न ग्रहण है, न त्याग। महत्वपूर्ण तो उसका कारण और उसका परिणाम है।**

*- ठाकुरजी*



# भारत जोड़ो यात्रा व झारखंड

***भारत*** जोड़ो यात्रा का पिछले दिनों समापन हो गया है। वैसी स्थिति में कुछ सवाल आम लोगों के जेहन में आज भी कैद हैं। मसलन क्या सचमुच भारत टूटा हुआ था। जिसे जोड़ने की बात की जा रही है। बहरहाल 7 सितंबर 2022 से कन्याकुमारी से शुरू हुई कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा 12 राज्यों और 02 केन्द्र शासित प्रदेशों से होते हुए 4080 किमी की दूरी तय कर जम्मू कश्मीर पहुंची, जहां इस यात्रा का औपचारिक रूप से समापन हुआ। मजेदार बात यह कि इस ऐतिहासिक यात्रा के समापन का गवाह झारखंड भी बना। गौर करने की बात है कि प्रारंभ और समापन की कड़ी को जोड़ कर देखें तो कहानी और कुछ बनती दिखती है। वैसी स्थिति में हम यह कह सकते हैं कि जनाधार और छवि को लेकर हमारे राजनेता तरह-तरह के हथकंडे अपनाते रहते हैं। इसलिए राजनीति में मोल भाव,बार्गेनिंग तथा हॉर्स ट्रेडिंग जैसे शब्द घुलमिल गये हैं कि अटपटी बातें भी कभी-कभी औचित्यपूर्ण लगने लगती हैं और उचित संदर्भ भी चौंकाने वाले लगते हैं। वजह ढूंढने की आदत भी समाप्त होने जा रही हैं। उधर हम देख ही चुके हैं कि किस प्रकार झारखंड के नेता भारत जोड़ो यात्रा का हवाला यात्रा से लौटने के बाद दे रहे हैं। ऐसी स्थिति में इस चौराहे पर ठहर कर बहुत कुछ सोचने की जरूरत है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा है कि एक धर्म को दूसरे धर्म से, एक जाति को दूसरी जाति से, एक भाषा से दूसरे राज्य से, एक राज्य को दूसरे राज्य से लड़ाया जा रहा है। वहीं कांग्रेस विधायक दल के नेता और झारखंड के मंत्री आमलगीर आलम ने कहा कि आज हमारी विविधता खतरे में है, विभाजनकारी ताकतें हमारी विविधता को देश के खिलाफ इस्तेमाल कर रहे हैं। अब सवाल उठता है कि क्या सचमुच ऐसा कुछ हो रहा है। अगर हो रहा है तो अविलंब रोक लगनी चाहिए। लेकिन ऐसा कुछ नहीं है तो ऐसे बयानों से बचने की जरूरत है। कारण जनता बहुत समझदार हो गयी है। बयानबाजी व भाषण जिसकी जमीन पर दिखती है,वही फसल काटता है। चुनाव की जमीन भुरभुरा करने के लिए काम करने की जरूरत है। जिसका जनाधार काम से बना है,उसे बहुत कुछ करने की जरूरत नहीं है। 2024 की राजनीतिक जमीन का असर भारत जोड़ो यात्रा से नहीं जोड़ा जा सकता। उसके कई कारण हैं। पहला कारण झारखंड में यह है कि कांग्रेस की जमीन यहां से खिसक गयी है। दूसरी खास वजह यह भी राज्य की कांग्रेस कई खेमों में विभक्त है। ऐसे में कांग्रेस नेतृत्व इस गंभीर प्रश्न का उत्तर ढूंढने का प्रयास करे। ऐसा करने से हो सकता है भारत जोड़ो यात्रा से लौटे नेताओं को सुकून का अनुभव हो।

**चुनाव की जमीन भुरभुरा करने के लिए काम करने की जरूरत है। जिसका जनाधार काम से बना है,उसे बहुत कुछ करने की जरूरत नहीं है। 2024 की राजनीतिक जमीन का असर भारत जोड़ो यात्रा से नहीं जोड़ा जा सकता।**

# भारतीय विदेश नीति में आक्रमकता जरूरी !







डॉ. अनिल कुमार निगम

***विदेश में*** खालिस्तान समर्थित समूहों की बढ़ती गतिविधियां भारत की एकता, अखंडता और शांति व्यवस्था के लिए संकट बनती जा रही हैं। अमेरिका और ब्रिटेन के बाद कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान समर्थित खालिस्तान समूहों द्वारा भारत के खिलाफ षड़यंत्र तेज हो गया है। ऑस्ट्रेलिया में जिस तरीके से खालिस्तान समर्थकों ने भारतीयों पर हमला किया और राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया, वह हर भारतीय की आन, बान और शान पर न केवल हमला है बल्कि यह भारत की अस्मिता पर आघात है। दिल्ली में सिख फॉर जस्टिस रेफरेंडम 2020 और खालिस्तान के देश विरोधी स्लोगन लगाने के मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने देश विरोधी गतिविधियों में शामिल कुछ संदिग्धों की पहचान भी की है। लेकिन सुरसा की मुंह की तरह बढ़ रही इस समस्या के प्रति केंद्र सरकार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक गंभीर और आक्रामक होने की आवश्यकता है। विदित है कि ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तान समर्थकों का उत्पात लगातार बढ़ता जा रहा है। खालिस्तान समर्थक समूहों द्वारा ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में राष्ट्रीय ध्वज लेकर जा रहे भारतीयों पर हमला करने का एक वीडियो सामने आया है। खालिस्तान समर्थक अपना खुद का झंडा हाथ में लिए हैं। वे राष्ट्रीय ध्वज लिए लोगों पर हमला कर देते हैं और भारत के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान भी करते हैं। मौके पर ऑस्ट्रेलिया की पुलिस भी खड़ी है और वह उत्पात मचाते लोगों को शांत कराने की कोशिश कर रही है। इस हमले में पांच लोग घायल हुए। एक युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। ध्यातत्व है कि पहले भी ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तानी समर्थकों का उत्पात देखने को मिला है। ऑस्ट्रेलिया में एक पखवाड़े के अंदर तीन बार हिंदू मंदिरों पर हमला हुआ। खालिस्तानियों ने तीन मंदिरों को निशाना बनाकर तोड़फोड़ की थी और उनकी दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे थे। उन्होंने खालिस्तान के समर्थन में उत्तेजक बातें भी दीवारों पर लिखी थीं। यह घटना भारत के लिए तो चिंताजनक है ही, आस्ट्रेलिया की सरकार के लिए भी एक चुनौती है जिसने कुछ दिन पहले खालिस्तानी तत्वों को काबू करने को लेकर एक अहम सुरक्षा बैठक की थी। ऑस्ट्रेलिया में काफी समय से खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियों को समर्थन मिल रहा है। सोशल मीडिया पर उनकी असामाजिक गतिविधियां जोरों पर चल रही हैं। एएनआई की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि विवादित पोस्टर सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से प्रसारित हो

**खालिस्तान समर्थक समूहों द्वारा ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में राष्ट्रीय ध्वज लेकर जा रहे भारतीयों पर हमला करने का एक वीडियो सामने आया है। खालिस्तान समर्थक अपना खुद का झंडा हाथ में लिए हैं। वे राष्ट्रीय ध्वज लिए लोगों पर हमला कर देते हैं।**

**इन दिनों**

रहे हैं। इस तरह के पोस्टर पर सतवंत सिंह और केहर सिंह की तस्वीरें लगी हैं। सतवंत सिंह वही सुरक्षा कर्मी था जिसने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या की थी। जबकि केहर सिंह को उनकी हत्या की साजिश के आरोप में फांसी की सजा दी गई थी। कनाडा में भी भारत विरोधी गतिविधियां काफी बढ़ गई हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय और कनाडा में भारतीय उच्चायोग ने इन घटनाओं को कनाडा प्रशासन के सामने उठाया और उनसे इन अपराधों में उचित कार्रवाई की मांग की है। हालांकि भारत विरोधी गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों को अब तक समुचित सजा नहीं मिली है। यही कारण है कि विदेश मंत्रालय ने भारतीयों के लिए एक एडवाइजरी भी जारी की। इसमें कनाडा में रहने वाले भारतीयों को वहां बढ़ रही सांप्रदायिक हिंसा और भारत विरोधी गतिविधियों के लिए चेताया गया। यही नहीं, अमेरिका में पाकिस्तान समर्थित खालिस्तानी अलगाववादी समूहों द्वारा भारत विरोधी गतिविधियां चल रही हैं जिस पर भारत ने भी चिंता व्यक्त की है। भारत के हिंदू नेताओं और बड़े राजनेताओं की टारगेट किलिंग की साजिश की खबरें भी आई हैं। खुफिया एजेंसियों के अनुसार इस तरह की साजिश में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ है। ज्ञात हुआ है कि आईएसआई ने खालिस्तानी आतंकियों और पंजाब से फरार होकर विदेश में बैठे अपराधी तत्वों के जरिये पंजाब में हिंदू नेताओं को मारने की साजिश रची है। वास्तविकता तो यह है कि लगभग एक साल से खालिस्तान आंदोलन फिर से चर्चा में आ गया है। पंजाब ने आतंकवाद का अत्यंत डरावना और काला दौर देखा है। वर्ष 1980 और 90 के दशक में पंजाब का प्रशासन और आम जनजीवन बुरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया था। सुबह घर से निकला व्यक्ति शाम को घर वापस आयेगा भी, इसकी कोई गारंटी नहीं होती थी। पंजाब केसरी अखबार के संपादक लाला जगत नारायण और उनके पुत्र रमेश समेत हजारों लोगों की हत्या कर दी गई थी। सरकार बहुत ही मशक्कत के बाद पंजाब को आतंकवाद से मुक्त करा सकी थी। दिल्ली में सिख फॉर जस्टिस रेफरेंडम 2020 और खालिस्तान के समर्थनमें नारे लगाने के मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने देश विरोधी गतिविधियों में शामिल कुछ संदिग्धों की पहचान की है।

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें संतोषी माता की कहानी*

***एक*** बूढ़ी औरत थी। उसका एक ही बेटा था। बेटे की शादी के बाद बुढ़िया बहू से घर के सारे काम करवाती थी लेकिन उसे सही खाना नहीं देती थी। लड़के ने यह सब देखा लेकिन माँ से कुछ कह नहीं पाया। बहुत सोच-विचार के बाद एक दिन लड़के ने माँ से कहाझ माँ, मैं विदेश जा रहा हूँ। माँ ने बेटे को जाने का आदेश दिया। इसके बाद वह अपनी पत्नी के पास गया और बोला- मैं विदेश जा रहा हूं, कोई निशानी दो। इतना कहकर वह पति के चरणों में गिर पड़ी और रोने लगी। इसने गोबर से लथपथ हाथों से पति के जूतों पर छाप छोड़ी। बेटे की मौत के बाद सास-ससुर के अत्याचार और बढ़ गए। एक दिन बहू उदास होकर मंदिर गई, वहां कई महिलाएं पूजा कर रही थीं।उन्होंने महिलाओं से व्रत के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि हम संतोषी माता का व्रत कर रहे हैं। महिलाओं ने बताया कि यह सभी प्रकार के कष्टों का नाश करती है महिलाओं ने बताया कि शुक्रवार के दिन स्नान करके एक बर्तन में शुद्ध जल लें, गुड़ और चने का प्रसाद लें और सच्चे मन से मां की पूजा करें। खट्टा भूलकर भी न खाएं और न ही किसी को दें। एक बार भोजन करने के बाद व्रत की रस्में सुनकर अब वह हर शुक्रवार को संयम से व्रत रखने लगी। कुछ दिनों बाद माँ की कृपा से पति का पत्र आया, कुछ दिनों बाद धन भी आ गया। उसने प्रसन्न मन से फिर से उपवास किया और मंदिर में जाकर अन्य महिलाओं से कहा झ माता संतोषी की कृपा से हमें पति का पत्र और पैसा मिला है। अन्य सभी महिलाओं ने भी श्रद्धा के साथ उपवास करना शुरू कर दिया।

*(क्रमशः)*

# भारतीय बजट शानदार आवंटन ईमानदार




मुकुंद

***अमृतकाल*** के पहले केंद्रीय बजट की लगभग सभी ने तारीफ की है। आमतौर पर बजट पेश होने के बाद हाय-तौबा मचाने वाले शांत हैं। इस खामोशी के मायने हैं कि बजट शानदार है। इसमें हर क्षेत्र को ईमानदार आवंटन किया गया है। तभी तो केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के बजट भाषण के समापन पर मेजें थपथपाई गईं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रारंभिक प्रतिक्रिया में कहा है कि देश के विकास को इस बजट से नई ऊर्जा मिलेगी। प्रधानमंत्री ने साहसिक बजट के लिए वित्तमंत्री को बधाई दी है। उन्होंने कहा अमृत काल का पहला बजट विकसित भारत के विराट संकल्प को पूरा करने के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण करेगा। ये बजट वंचितों को वरीयता देता है। ये बजट आज की आकांक्षी समाज, गांव, गरीब, किसान, मध्यम वर्ग सभी के सपनों को पूरा करेगा। संभवतः यह पहला ऐसा बजट है जिस पर विपक्ष के घाघ नेता भी कटाक्ष करने से बच रहे हैं। इसका सीधा अर्थ है कि बजट में ऐसा बहुत कुछ है, जो देश के मध्यम वर्ग ही नहीं, हर वर्ग के लिए फायदेमंद है। वैसे भी बजट में सात लाख रुपये तक की आय में कर को शून्य किया गया है। अपनी तल्ख टिप्पणियों के लिए प्रख्यात कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने संभवतः इसीलिए कहा है कि बजट में कुछ चीजें अच्छी हैं। मैं इसे पूरी तरह नकारात्मक नहीं कहूंगा, लेकिन अभी कई सवाल उठेंगे। बजट में मनरेगा का जिक्र नहीं है। थरूर ने कहा सरकार मजदूरों के लिए क्या करने जा रही है? बेरोजगारी और महंगाई पर नियंत्रण के लिए क्या करने जा रही है इस पर जिक्र नहीं है। इस बजट पर समाजवादी पार्टी डिंपल यादव ने जरूर असहज करने वाली टिप्पणी की है। वह इसे चुनावी बजट ठहराती हैं। उन्होंने कहा है इसमें किसानों के लिए कुछ नहीं है। रेलवे को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है। आधी से ज्यादा आबादी गांव में बसती है। उनके लिए कुछ नहीं किया गया है। आर्थिक मोर्चे पर डिंपल यादव की यह टिप्पणी समान विचारधारा वाले दलों के अन्य नेताओं की प्रतिक्रिया से मेल नहीं खाती। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल मानते हैं कि अमृतकाल का पहला बजट क्रांतिकारी है। यह समाज के हर वर्ग को राहत देने वाला है। विशेषकर मध्यम वर्ग को आयकर में राहत दी गई है। नया टैक्स स्लैब राहत देने वाला है। युवा, महिला और वरिष्ठ नागरिक सभी को केंद्र ने राहत प्रदान की है। लालू यादव की पार्टी राजद के सांसद मनोझ झा इसमें रोजगार के लिए गोल-गोल बातें की गई हैं। इस खास लोगों ने खास लोगों के लिए तैयार किया है। केंद्रीयमंत्री स्मृति ईरानी ने कहा है बजट से विपक्ष भले ही नाराज हो, पर समूचा भारत प्रफुल्लित है। डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की घोषणा क्रांतिकारी कदम है। नारी शक्ति सशक्त राष्ट्र का निर्माण कैसे कर सकती है इसका प्रतिबिंब इस बजट में है। इसे आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय मंत्री वीके सिंह का कहते हैं कि इस बजट में अगले 25 सालों के लिए भारत कैसे आगे बढ़े, उसकी नींव रखी गई है। दूसरे मंत्री प्रह्लाद पटेल का नजरिया विश्वास से लबरेज है। वह इसे अमृतकाल में सरकार का रोडमैप बताते हैं। बड़ी बात यह कहते हैं कि हम दुनिया में अपनी अर्थव्यवस्था को 10वें से पांचवें स्थान पर ले आए इससे बेहतर और कुछ नहीं हो सकता। कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने ना-नुकुर करते हुए खुलेदिल से इसकी तारीफ की है। उन्होंने कहा कि बजट का बड़ा हिस्सा राष्ट्रपति के अभिभाषण और आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट की पुनरावृत्ति है। टैक्स में किसी भी तरह की कटौती का स्वागत है। लोगों के हाथ में पैसा देना अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का सबसे अच्छा तरीका है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला भी खुश हैं। उन्होंने कहा है कि सुखद यह है कि बजट में मध्यम वर्ग को मदद दी गई है। सबको कुछ न कुछ दिया गया है। डेढ़ घंटे तक हमने बजट सुना है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया का मानना है कि यह प्रगति, उन्नति और नई गति का बजट है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है केंद्रीय बजट किसानों, महिलाओं, हाशिये पर पड़े वर्गों एवं मध्यम वर्ग को सहायता प्रदान करने की प्राथमिकता के साथ विकास एवं कल्याण पर केंद्रित है। बजट के प्रस्तावों से देश को कुछ वर्षों के भीतर ही पांच ट्रिलियन (पांच हजार अरब) डॉलर की अर्थव्यवस्था और विश्व की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने के लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिलेगी।

**इस बजट पर समाजवादी पार्टी डिंपल यादव ने जरूर असहज करने वाली टिप्पणी की है। उन्होंने कहा है इसमें किसानों के लिए कुछ नहीं है। रेलवे को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है।**

**बजट चर्चा**

## फोटो की दुनिया



## ट्वीट-ट्वीट



Hemant Soren
@HemantSorenJMM
माननीय गृह मंत्री जी यहां आकर बोले कि बाबूलाल जी ने उनसे कहा सरकार गिरा दो। तो उन्होंने कहा ऐसे कोई सरकार नहीं गिरा सकता।
यहां के नेता षड्यंत्र में लगे रहते हैं। लेकिन उन्हें पता नहीं है कि इस सरकार का मुखिया चारों तरफ देख रहा है, जैसे वह षड्यंत्र करेंगे वैसे ही वह पकड़े जाएंगे।

## फेसबुक वॉल से



# भारतबोध कराता है स्वदेशी पर्यटन



डॉ. सौरभ मालवीय

***पर्यटन*** देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाता है। इससे सरकार को राजस्व और विदेशी मुद्रा प्राप्त होती है। इसके कारण विकास कार्यों को भी बढ़ावा मिलता है। भारत एक विशाल देश है। यहां के विभिन्न राज्यों की भिन्न-भिन्न संस्कृतियां हैं। सबकी अपनी परम्पराएं हैं। इसके साथ ही यहां प्राकृतिक सौंदर्य से ओतप्रोत पर्यटन स्थल हैं। यहां पर ऐतिहासिक स्थल हैं। यहां पर असंख्य धार्मिक स्थल भी हैं। हम 25 जनवरी को पर्यटन दिवस मना चुके हैं। साल 1948 में इसकी शुरूआत हुी थी। इसके पश्चात एक पर्यटन यातायात समिति भी गठित की गई। इस समिति के गठन के तीन वर्ष पश्चात 1951 में कोलकाता और चेन्नई में पर्यटन दिवस के क्षेत्रीय कार्यालयों में वृद्धि होती गई। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई में पर्यटन कार्यालय बनाये गये। वर्ष 1998 में पर्यटन और संचार मंत्री के नेतृत्व में एक पर्यटन विभाग बनाया गया। इसका उद्देश्य भारतीय पर्यटन को प्रोत्साहित करना है। पर्यटन स्थलों के कारण लाखों लोगों को आजीविका प्राप्त होती है। धार्मिक पर्यटनः भारत में प्रत्येक वर्ष लाखों पर्यटक आते हैं। इनमें धार्मिक पर्यटक भी सम्मिलित हैं। धार्मिक पर्यटक से अभिप्राय उन पर्यटकों से है, जो यहां के तीर्थ स्थानों के दर्शनों के लिए आते हैं। भारत तीर्थों का देश है। यहां बहुत से तीर्थ स्थान हैं। हिन्दू धर्म में अनेक प्रकार के तीर्थों का वर्णन मिलता है। इन तीर्थों में 12 ज्योतिर्लिंग भी सम्मिलत है। इनका अत्यंत महत्त्व है। गुजरात के सौराष्ट्र में स्थित सोमनाथ ज्योतिर्लिंग पृथ्वी का प्रथम ज्योतिर्लिंग माना जाता है। मान्यता है कि यहां पर देवताओं ने एक पवित्र कुंड का निर्माण किया था। इसे सोमकुंड कहा जाता है। यह भी मान्यता है कि इस कुंड में स्नान करने से व्यक्ति के समस्त पापों का नाश हो जाता है। इसलिए इसे पापनाशक कुंड कहा जाता है। आंध्र प्रदेश में कृष्णा नदी के तट पर श्रीशैल नामक पर्वत पर मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग है। इस ज्योतिर्लिंग में भगवान शिव और माता पार्वती की संयुक्त रूप से दिव्य ज्योतियां विद्यमान हैं। मध्य प्रदेश के उज्जैन में महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग है। यह एकमात्र दक्षिणमुखी ज्योतिर्लिंग है। यहां प्रतिदिन चिता की भस्म से महादेव का श्रंगार होता है तथा आरती होती है। यह आरती विश्वभर में प्रसिद्ध है, क्योंकि यह जलती चिता की भस्म से की जाती है। मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग है। यह नर्मदा नदी के मध्य मन्धाता अथवा शिवपुरी नामक द्वीप पर स्थित है। यहां ॐ का आकार बनता है। इसलिए इसे ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग कहा जाता है। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में हिमालय की केदार नामक चोटी पर केदारनाथ ज्योतिर्लिंग है। कहा जाता है कि इसका निर्माण पांडवों ने करवाया था। महाराष्ट्र के पुणे जिले में सह्याद्रि नामक पर्वत पर भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग है। यहां से भीमा नदी निकलती है। यहां का शिवलिंग बहुत मोटा है। इसलिए इसे मोटेश्वर महादेव भी कहा जाता है। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में बाबा विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग है। मान्यता है कि यह मंदिर शिव और पार्वती का आदि स्थान है। महाराष्ट्र के नासिक जिले के ग्राम त्रयंबक में त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग है। इसके समीप ब्रह्मागिरि नामक पर्वत है, जो गोदावरी नदी का उद्गम स्थल है। यहां त्रिदेव अर्थात ब्रह्मा, विष्णुप एवं महेश विराजमान हैं, जो इसकी सबसे बड़ी विशेषता है। अन्यष सभी ज्यो तिर्लिंगों में केवल भगवान शिव ही विराजमान हैं। झारखंड के संथाल परगना में वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग है। शिव का एक नाम वैद्यनाथ भी है, इसलिए इसे वैद्यनाथ धाम भी कहा जाता है। पुराणों में शिव के इस धाम को चिताभूमि का नाम दिया गया है। गुजरात के बड़ौदा क्षेत्र में नागेश्वर ज्योतिर्लिंग है। नागेश्वर का अर्थ है नागों का ईश्वर तथा शिव को नागों का देवता माना जाता है। तमिलनाडु के रामनाथम नामक स्थान पर रामेश्वरम् ज्योतिर्लिंग है। इसे सेतुबंध तीर्थ भी कहा जाता है। मान्यता है कि लंका पर चढ़ाई करने से पूर्व श्रीराम ने इसकी स्थापना की थी। इसलिए इसे रामेश्वरम कहा जाता है। महाराष्ट्र के दौलताबाद के समीप घुश्मेश्वर ज्योतिर्लिंग है। इस स्थान को शिवालय भी कहा जाता है। इस मंदिर का निर्माण अहिल्याबाई होल्कर ने करवाया था। हिन्दू धर्म में चार धामों की यात्रा को भी अत्यंत पुण्यदायक माना जाता है। इनमें उत्तराखंड का बद्रीनाथ धाम, गुजरात का द्वारका धाम, ओडिशा का जगन्नाथ पुरी तथा तमिलनाडु का रामेश्वरम धाम सम्मिलित है।

**महाराष्ट्र के पुणे जिले में सह्याद्रि नामक पर्वत पर भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग है। यहां का शिवलिंग बहुत मोटा है। इसलिए इसे मोटेश्वर महादेव भी कहा जाता है। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में बाबा विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग है।**

**पर्यटन**

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155,** प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# राष्ट्रीय बजट को किसी ने स्वीकारा तो किसी ने नकारा


**बुधवार को लोकसभा में पेश बजट को लेकर पक्ष और विपक्ष अपने-अपने स्तर पर प्रतिक्रियाएं दे रहे थे। विपक्ष का कहना था कि इस बजट में किसी तरह का कोई भी नयापन नहीं दिखाई दे रहा है। यह बिल्कुल नकारात्मक बजट है। इसमें मनरेगा का किसी तरह का जिक्र नही। किसानों के लिए भी इस बजट में कोई खास बात नहीं हुई है। दूसरी तरफ सत्ता पक्ष के लोगों का कहना है कि यह बजट मध्यम वर्ग के लोगों को देखकर ही तैयार किया गया है। इस बजट में वर्तमान के साथ-साथ भविष्य की भी वित्तमंत्री ने चिंता की है। यह एक शानदार बजट है।**

### हर वर्ग के लोगों को राहत शशिः थरूर



इसमें हर वर्ग के लोगों को राहत दी गयी है। इसके अंदर अगले 25 सालों के लिए भारत कैसे आगे बढ़े उसकी नींव रखी गई है। बजट में मनरेगा का जिक्र नहीं, बेरोजगारी-महंगाई की बात नहीं, न मजदूरों के लिए कुछ मोदी सरकार ने कुछ भी नहीं किया।

### राहत देने वाला बजट : खट्टर



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा, अमृतकाल का पहला बजट बहुत क्रांतिकारी है, ये समाज के हर वर्ग को राहत देने वाला है। विशेषकर मध्यम वर्ग को आयकर में राहत दी गई है, जो टैक्स स्लैब बनाया गया है वो राहत देने वाला है। युवा, महिला, वरिष्ठ नागरिक सभी को इस बजट में राहत दी गई है।

### महिलाओं का बढ़ा सम्मान : स्मृति ईरानी



केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि बजट में महिला का सम्मान बढ़ा है। नेशनल डिजीटल लाइब्रेरी जो कि जिला स्तर पर भी खुलेगी। मिडिल क्लास के लिए आज का बजट बहुत ही शानदार है। यह मानवीयता का बजट है। फ्युचर ऑफ इंड़िया का आज बजट था।

### बीएसपी सुप्रीमो ने बजट पर जताया दुख



बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने कहा, देश में पहले की तरह पिछले 9 सालों में भी केन्द्र सरकार के बजट आते-जाते रहे जिसमें घोषणाओं किन्तु वे सब बेमानी हो गए जब भारत का मिडिल क्लास महंगाई, गरीबी व बेरोजगारी आदि की मार के कारण लोवर मिडिल क्लास बन गया।

### राहत मिलेगी : गंभीर



भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने बजट की तारीफ करते हुए कहा, आम आदमी के लिए ये बजट बहुत अच्छा है, ये एक ऐतिहासिक कदम है। मध्यम वर्ग को इस बजट से बहुत राहत मिलेगी। गरीब लोगों को और बेहतर बनाने के लिए यह बजट बहुत ही बेहतर है, उससे आगे बढ़ने की राह मिलेगी।

### अर्थव्यवस्था को 5वें स्थान पर ले जाना बेहतर : पटेल



केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल ने भी बजट पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है अमृतकाल में ये हमारा रोडमैप है, हम दुनिया में अपनी अर्थव्यवस्था को 10वें से 5वें स्थान पर ले आए इससे बेहतर और कुछ नहीं हो सकता। इस बजट में सभी चीजों को ध्यान में रखकर बनाया गया है बजट।

### जरूरत को मजबूत करेगा बजट : नितिन गडकरी



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री सीतारामन ने जो बजट पेश किया है वो अमृत काल में एक नए भारत की नींव रखेगा और 130 करोड़ भारतवासियों का जीवन बेहतर और खुशहाल करेगा। 'सबका साथ, सबका प्रयास' के जरिए 'जनभागीदारी' की जरूरत होगी।

### लोगों के हाथ में पैसा देना सबसे अच्छा तरीका है : कार्ति चिदंबरम



कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा, बजट का एक बड़ा हिस्सा राष्ट्रपति के अभिभाषण और आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट की पुनरावृत्ति है। टैक्स में किसी भी तरह की कटौती का स्वागत है। लोगों के हाथ में पैसा देना अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का सबसे अच्छा तरीका है। लेकिन वैसे कोई खास बातें नहीं देखीं गयी हैं जो लोगों के लिए बेहतर हो।

## इनकम टैक्स में छूट से लेकर हेल्थ सेक्टर और रेलवे को भी मिली राहत

**एजेंसी। नई दिल्ली**




मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट संसद में पेश कर दिया है। इस बजट को पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कई बड़े एलान किया। सबसे बड़ा एलान टैक्स स्लैब को बदलने वाला था। जिसमें अब 7 लाख रुपये तक की आय वाले लोगों को टैक्स से छूट दी गई है। वहीं बाकी टैक्स स्लैब में भी कटौती की गई है। इसके अलावा बाकी अन्य सेक्टर्स को लेकर भी बड़े एलान हुए हैं। व्यक्तिगत आयकर की नई टैक्स दर 0 से 3 लाख रुपये तक शून्य, 3 से 6 लाख रुपये तक 5%, 6 से 9 लाख रुपये 10%, 9 से 12 लाख रुपये 15%, 12 से 15 लाख रुपये तक 20% और 15 लाख से ऊपर 30% रहेगी। रेलवे के लिए 2.4 लाख करोड़ का निवेश किया जाएगा। रेलवे का बजट 2014 के मुकाबले 9 गुना बढ़ाया गया है। ट्रांसपोर्ट इंफ्रा पर 75,000 करोड़ खर्च किए जाएंगे।

किसानों के लिए सहकार से समृद्धि प्रोग्राम चलाया जाएगा। इसके जरिए 63000 एग्री सोसायटी को कंप्यूटराइज्ड किया जाएगा। इससे किसानों को समृद्ध बनाने में मदद मिलेगी। कृषि क्रेडिट को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ तक कर दिया जाएगा। मछली पालन के लिए सब-स्कीम के तहत 6,000 करोड़ की राशि का आवंटन हुआ है। हेल्थ सेक्टर को लेकर कोई भी बड़ा एलान नहीं किया गया है। वित्त मंत्री ने बताया कि 2047 तक देश को एनीमिया मुक्त कर दिया जाएगा। मेडिकल कॉलेज में ज्यादा से ज्यादा लैब की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही हेल्थ सेक्टर में सुधार के लिए नई मशीनें लाने का काम किया जाएगा। बजट में बताया गया है कि मोबाइल फोन और कैमरे के लेंस सस्ते होंगे। इसके अलावा विदेश से आने वाली चांदी सस्ती होगी, एलईडी टीवी और बायोगैस से जुड़ी चीजें, कुछ टीवी पुर्जों पर कस्टम ड्यूटी, इलेक्ट्रिक कारें, खिलौने और साइकिल आदि सस्ती होंगी। अब उन चीजों की बात करें जिन पर ड्यूटी बढ़ाई गई है और जो महंगी होने जा रही हैं तो इसमें सोना-चांदी और प्लेटिनम महंगा होगा। सिगरेट महंगी होगी, इसमें ड्यूटी बढ़ाकर 16 परसेंट की गई है। इसके अलावा इंपोर्टेड दरवाजे, किचन चिमनी और विदेशी खिलौने भी महंगे हो जाएंगे। 50 नए एयरपोर्ट और हेलीपैड बनाए जाएंगे और शहरी विकास पर सालाना 10,000 करोड़ खर्च किया जाएगा। वरिष्ठ नागरिक बचत योजना के तहत 15 लाख रुपये तक की सीमा को बढ़ा कर 30 लाख रुपये किया गया है। मासिक आय खाता स्कीम के तहत भी मौजूदा 4.5 लाख रुपये की सीमा को बढ़ाकर 9 लाख रुपये किया जा रहा है।

## टैक्स रेट में संशोधन से मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति बढ़ेगी : सीईओ

**कोलकाता।** मुख्यालय वाले बंधन बैंक के संस्थापक, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी चंद्र शेखर घोष ने कहा कि आयकर दरों में संशोधन से समाज के मध्यम वर्ग के वर्गों की क्रय शक्ति में वृद्धि होगी और इस प्रकार देश के आर्थिक विकास को लंबे समय तक बढ़ावा मिलेगा। उनके अनुसार, मध्यम वर्ग की क्रय क्षमता में वृद्धि से उत्पादों की मांग बढ़ेगी और इससे राष्ट्र की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। घोष ने कहा, ₹निश्चित रूप से मध्यम वर्ग की क्रय क्षमता में इस वृद्धि के कारण मुद्रास्फीति में थोड़ी वृद्धि की अभिव्यक्ति है। हालांकि, कर दर संशोधन के कई सकारात्मक पहलुओं पर विचार करते हुए, मेरी राय में, यह खतरा अर्थव्यवस्था को बड़े पैमाने पर प्रभावित नहीं करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि आयकर छूट से भी अप्रत्यक्ष रूप से बैंकिंग क्षेत्र को जमा पक्ष में मदद मिलेगी।

## पांच लाख रुपये से अधिक की बीमा पॉलिसी प्रीमियम पर अब कर की छूट नहीं


**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय बजट 2023-24 के प्रावधानों के अनुसार 5 लाख रुपये से अधिक प्रीमियम वाली बीमा पॉलिसियों पर अब कर छूट नहीं होगी। सिक्योर नाउ इंश्योरेंस ब्रोकर के सह-संस्थापक कपिल मेहता ने कहा कि बीमा से होने वाली आय जहां 5 लाख रुपये से अधिक का प्रीमियम है, उस पर कर छूट नहीं होगी। मेहता ने कहा कि एक चिंता यह है कि इसके परिणामस्वरूप विशुद्ध रूप से निवेश उन्मुख यूनिट लिंक बीमा की ओर महत्वपूर्ण बदलाव नहीं होना चाहिए। वैलट्रस्ट के सीआईओ और सह संस्थापक अरिहंत बर्दिया ने कहा कि अगर बीमा पॉलिसियों (यूलिप को छोड़कर) पर भुगतान किया गया प्रीमियम एक वर्ष में 5 लाख रुपये से अधिक है, तो उन नीतियों से होने वाली आय कर योग्य होगी (मृत्यु लाभ के मामले को छोड़कर)। बर्दिया ने कहा कि यह बीमा के लिए नकारात्मक है, क्योंकि यह बचत उत्पादों को प्रभावित करेगा जो आमतौर पर उच्च मूल्य और मार्जिन वाले उत्पाद होते हैं (हालांकि सुरक्षा नहीं)। हालांकि छोटी नीतियां अप्रभावित रहती हैं। समग्र रूप से बीमा कंपनियों के लिए नकारात्मक है, क्योंकि यह उच्च मूल्य प्रीमियम नीतियों को प्रभावित करेगा। इस प्रकार समग्र उद्योग जीडब्ल्यूपी विकास को प्रभावित करेगा। बर्दिया ने कहा, 2021 में यूलिप के लिए एक समान प्रावधान पहले से ही पेश किया गया था, जिसमें कर छूट प्राप्तियों के लिए एक वर्ष में कुल प्रीमियम 2.5 लाख रुपये तक सीमित था। मेहता ने कहा कि केवाईसी प्रक्रिया के सरलीकरण से संबंधित परिवर्तन, पहचान और पते को अपडेट करने के लिए एक स्थान पर समाधान, सामान्य व्यापार पहचानकर्ता, एकीकृत फाइलिंग और इकाई डिजीलॉकर से बीमा की नियुक्ति आसान हो जाएगी।

## केवाईसी मानदंडों को बनाया जाएगा सरल

**एजेंसी। नई दिल्ली**




केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में वित्तीय वर्ष 2023-24 का आम बजट पेश किया। इसमें आईटी पोर्टल स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिससे निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष प्राधिकरण से फंड लेने में आसानी होगी। इसके अलावा, वित्तीय क्षेत्र के नियामकों को भी डिजिटल इंडिया की जरूरतों को पूरा करने के लिए पूरी तरह से उत्तरदायी केवाईसी सिस्टम के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। सीतारमण ने कहा कि डिजीलॉकर सर्विस और आधार को मूलभूत पहचान के रूप में उपयोग करते हुए, विभिन्न सरकारी एजेंसियों, नियामकों और विनियमित संस्थाओं द्वारा बनाए गए व्यक्तियों की पहचान और पते के मिलान और अपडेट के लिए एक स्टॉप समाधान स्थापित किया जाएगा। पैन का इस्तेमाल निर्दिष्ट सरकारी एजेंसियों की सभी डिजिटल सिस्टम्स के लिए सामान्य पहचानकर्ता के रूप में किया जाएगा। इससे व्यापार करने में आसानी होगी और इसे एक कानूनी अधिदेश के माध्यम से सुगम बनाया जाएगा। विभिन्न सरकारी एजेंसियों को एक ही सूचना को अलग-अलग प्रस्तुत करने की आवश्यकता से बचने के लिए 'एकीकृत फाइलिंग प्रक्रिया' की एक प्रणाली स्थापित की जाएगी। एक सामान्य पोर्टल पर सरलीकृत रूपों में सूचना की ऐसी फाइलिंग या रिटर्न फाइलर की पसंद के अनुसार अन्य एजेंसियों के साथ साझा की जाएगी।


## बजटीय प्रावधानों का शेयर बाजार में स्वागत, सेंसेक्स 1185 अंक तक उछला

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय शेयर बाजार बुधवार को बजटीय प्रावधानों का स्वागत करता हुआ नजर आ रहा है। शेयर बाजार ने आज बढ़त के साथ कारोबार की शुरूआत की थी। संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बजट भाषण शुरू होने के साथ ही बाजार में तेजी का रुख बनने लगा। बजट भाषण शुरू होने के तुरंत बाद ही सेंसेक्स 606.01 अंक की तेजी के साथ 60,155.91 अंक के स्तर पर पहुंचकर कारोबार करने लगा। वहीं निफ्टी भी 144.30 अंक की उछाल के साथ 17,806.45 अंक के स्तर पर पहुंच गया। बजटीय प्रावधानों से खुश शेयर बाजार दोपहर एक तक शानदार तेजी के साथ कारोबार करता नजर आ रहा था। इस समय तक सेंसेक्स में 1100 अंक से अधिक की और निफ्टी में 300 अंक से अधिक की तेजी नजर आ रही थी। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने आज 451.27 अंक की उछाल के साथ 60,001.17 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। कारोबार शुरू होते ही बाजार में लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान की स्थिति बन गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव होता नजर आया। दोपहर 11 बजे तक शेयर बाजार को भी वित्त मंत्री के बजट भाषण का ही इंतजार था। संसद में वित्त मंत्री का बजट भाषण शुरू होने के बाद बाजार में जोरदार लिवाली शुरू हो गई, जिससे सेंसेक्स तेजी से ऊपर की ओर चढ़ने लगा। हालांकि कुछ ही देर बाद इसमें थोड़ी गिरावट भी आई, जिससे ये सूचकांक 59,864.79 अंक तक लुढ़क भी गया, लेकिन थोड़ी देर बाद ही बाजार में एक बार फिर चौतरफा खरीदारी शुरू हो गई। इससे सेंसेक्स की चाल भी तेज हो गई। बाजार में लगातार जारी खरीद और बिक्री के बीच दोपहर एक बजे ये सूचकांक 1,185.57 अंक यानी 1.99 प्रतिशत की शानदार तेजी के साथ 60,735.47 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएसई के निफ्टी ने भी आज 149.45 अंक की बढ़त के साथ 17,811.60 अंक के स्तर पर कारोबार की शुरूआत की। बजट के पूर्व की आशंकाओं और अनुमानों के कारण नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के शेयरों में भी लगातार खरीदारी और बिकवाली होती रही, जिसकी वजह से निफ्टी की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होती रही।

## 25,078 करोड़ रुपये के साथ आवंटन प्राप्त करेगी परमाणु ऊर्जा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को 25,078.49 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है जो वित्त वर्ष 2023 में प्राप्त राशि से कम है। 2023-24 के लिए अनुदान की मांग के अनुसार, परमाणु ऊर्जा विभाग को 2022-23 के लिए 25,965.67 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान (आरई) के मुकाबले 25,078.49 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बुधवार को संसद में पेश किए गए बजट पेपर के अनुसार, 'सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में निवेश' के तहत वित्त वर्ष 2024 के लिए यह राशि 22,669.12 करोड़ रुपये है। न्यूक्लियर पॉवर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) को वित्त वर्ष 2024 के लिए 22,273 करोड़ रुपये और भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड को 201 करोड़ रुपये मिलेंगे। परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की अन्य कंपनियों- इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड को वित्त वर्ष 24 के दौरान 120.30 करोड़ रुपये, यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को 59.82 करोड़ रुपये और इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को 15 करोड़ रुपये मिलेंगे।

**बहाली**

## केंद्रीय बजट : 38,800 शिक्षकों की होगी नियुक्ति

## 47 लाख युवाओं को प्रशिक्षण देने की घोषणा

**एजेंसी। नई दिल्ली**




केंद्र 740 एकलव्य मॉडल स्कूलों के लिए 38,800 शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति करेगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को संसद में केंद्रीय बजट पेश करते हुए इसकी घोषणा की। सीतारमण ने कहा, देश में एक राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय बनाया जाएगा। 157 नए नर्सिंग कॉलेज बनाए जाएंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए तीन उत्कृष्टता संस्थान बनाए जाएंगे। राष्ट्रीय शिक्षुता योजना का लाभ 47 लाख युवाओं को मिलेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि 2014 से स्थापित मौजूदा 157 मेडिकल कॉलेजों के साथ मिलकर 157 नए नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भारत सरकार की एक योजना है। यह योजना पूरे भारत में अनुसूचित जनजातियों को शिक्षित बनाने में विशेष रूप से सहायक है। यह योजना केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्रालय से संबंधित है। योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आदिवासी छात्रों को दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। इस साल के केंद्रीय बजट में केंद्र ने 3 साल में 47 लाख युवाओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा, पीएमकेवीवाई 4.0, राष्ट्रीय प्रशिक्षु योजना, कोडिंग में उद्योग के साथ साझेदारी में नौकरी प्रशिक्षण, आईओटी, ड्रोन, मेक्ट्रोनिक्स और एआई से संबंधित नई पहलों की भी केंद्रीय बजट में घोषणा की गई है। 100 इंजीनियरिंग कॉलेजों में 5जी केंद्र की शिक्षाविदों ने सराहना की। केंद्रीय वित्त मंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल और भौतिक दोनों तरह के पुस्तकालय खोलने की घोषणा की। शैक्षिक संस्थानों का मानना है कि यह ग्रामीण भारत में साक्षरता दर के साथ-साथ नामांकन अनुपात को बढ़ाने में एक लंबा रास्ता तय करेगा। इस वर्ष शिक्षा मंत्रालय को 1.12 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए, जो 2022-23 में 1.04 लाख करोड़ रुपये से 8 प्रतिशत की मामूली वृद्धि है। आईआईएलएम यूनिवर्सिटी गुरुग्राम के प्रो वाइस चांसलर प्रोफेसर अरविंद चतुर्वेदी ने कहा कि 8 फीसदी की बढ़ोतरी पर्याप्त नहीं है। इस साल अधिक आवंटन की उम्मीद थी, इस लिहाज से यह निराशाजनक है। सीतारमण के मुताबिक, बच्चों और किशोरों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी पंचायत और वार्ड स्तर तक खोली जाएगी। नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी में हर उम्र के हिसाब से किताबें उपलब्ध होंगी। हिंदी और अंग्रेजी के अलावा विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में भी किताबें उपलब्ध कराई जाएंगी।

## ऑनलाइन गेमिंग पर टैक्सेशन स्पष्ट करेगा केंद्र

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन गेमर्स के लिए अच्छी खबर है। सरकार ने बुधवार को टीडीएस के लिए न्यूनतम सीमा को हटाने और ऑनलाइन गेमिंग से संबंधित टैक्सेबिलिटी को स्पष्ट करने का प्रस्ताव दिया। वर्तमान में, ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों द्वारा सट्टेबाजी या जुए से जुड़े खेलों के लिए एकत्र किए गए कमीशन पर 18 प्रतिशत कर लगाया जा रहा है। केंद्रीय बजट 2023-24 के प्रस्तावों में 'टीडीएस के लिए 10,000 रुपये की न्यूनतम सीमा को हटाना और ऑनलाइन गेमिंग से संबंधित करदेयता को स्पष्ट करना' था। गेमिंग कंपनियों को स्पष्टता प्रदान करते हैं, जबकि सरकारी खजाने के लिए एक एयरटाइट अकाउंटिंग सिस्टम बनाते हैं। नंदा ने कहा, एक वित्तीय वर्ष में एक खिलाड़ी की जीत के साथ इसे सरेखित करना भारत में 500 मिलियन ऑनलाइन गेमर्स के लिए एक उचित प्रावधान जैसा लगता है।

## मोदी सरकार का बड़ा तोहफा देश में खुलेंगे 50 नए एयरपोर्ट



**एजेंसी। नई दिल्ली**

मोदी सरकार ने देश को बड़ा तोहफा दिया है। केंद्र सरकार ने एलान किया है कि देश में नए 50 एयरपोर्ट खोले जाएंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए कहा कि देश में 50 अतिरिक्त हवाई अड्डे, हेलीपोर्ट बनाए जाएंगे। इसके साथ ही सरकार उन्नत लैंडिंग को पुनर्जीवित करने का काम करेगी। सरकार ने 50 नए हवाई अड्डों को खोलने का एलान अपनी वऊअठ योजना को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद के तहत किया है। जिसका उद्देश्य देश भर में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में सुधार करना है। इसके अलावा भी वित्त मंत्री कई बड़े ऐलान किए हैं। महिलाओं के लिए एलान करते हुए उन्होंने कहा,"आजादी के अमृत महोत्सव के तहत महिला सम्मान बचत पत्र का एलान किया जा रहा है और उनके लिए न्यू सेविंग स्कीम आएगी। 2 साल के लिए इसमें निवेश कर सकेंगे और 2 लाख रुपए जमा कर सकेंगी जिस पर 7।5 फीसदी का ब्याज मिलेगा। कोई भी महिला या लड़की खाता खुलवा सकेगी और इसमें से पैसे निकालने के लिए शर्तें होंगी। ये महिला कल्याण के लिए एक बड़ा कदम इस बजट में उठाया जा रहा है।

# युवा, किसान सबपे नजर, वित्तमंत्री को सबकी खबर

**वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए पेश बजट में एक चीज साफ दिखी : वित्तमंत्री ने सभी के लिए कुछ न कुछ किया है। कोई सेक्टर ऐसा नहीं, जिसे वित्तमंत्री ने छोड़ा हो। चाहे वह महिलाओं का मामला हो या फिर नौजवानों का, किसानों का मामला हो या फिर उद्योग क्षेत्र का, सभी को उन्होंने कुछ न कुछ दिया जरूर है। यही वजह है कि उनके इस बजट को कांग्रेस के शशि थरूर सरीखे नेता भी सराह रहे हैं।**

### बजट 2023-24 : महिलाओं के लिए बड़ा ऐलान

## महिला सम्मान बचत पत्र योजना होगी शुरू



**एजेंसी। नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने बजट 2023-24 पेश कर दिया है। इस बीच महिलाओं को लेकर खास ऐलान किए हैं। खासकर ग्रामीण महिलाओं के लिए निर्मला सीतारामन ने खास पेशकश की है। वित्त मंत्री ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को 81 लाख स्व सहायता समूह से जोड़ा गया है और आने वाले समय में और महिलाओं को जोड़ने का प्लान है।

वित्त मंत्री ने महिलाओं के लिए महिला सम्मान बचत पत्र योजना की घोषणा की है। बजट में महिलाओं के लिए यह सबसे बड़ा ऐलान है। महिलाओं के लिए शुरू की गई यह न्यू सेविंग स्कीम है। इसके तहत 2 साल के लिए इसमें निवेश कर सकेंगे। इस योजना के तहत 2 लाख रुपए जमा कर सकेंगे। इस योजना के तहत सरकार महिलाओं को ब्याज उपलब्ध कराएगी। महिलाओं के लिए ये बचत योजना सिर्फ 2 साल में बड़ा मुनाफा देगी। इसमें दो साल का निवेश विकल्प दिया गया है। वहीं ब्याज की बात करें तो इस योजना के तहत महिलाओं को 7.5 फीसदी का ब्याज दिया जाएगा। मैच्योरिटी के बाद पैसा निकाला जा सकेगा। महिला के मौत होने के बाद नॉमिनी को रकम दी जाएगी।

### कौन ले सकेगा इस योजना का लाभ

महिलाओं के लिए इस योजना के तहत देश की कोई भी महिला या लड़की इसके तहत अकाउंट खुलवा सकेगी। इसके तहत नियम और शर्त जारी की जाएगी। साथ ही इस योजना के तहत पैसा निकालने के लिए विस्तार से शर्तें पेश की जाएंगी।

### महिलाओं के लिए और क्या हुए ऐलान

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के लिए और महिलाओं को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना से जोड़ने की बात कही है। बता दें कि मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का यह आखिरी पूर्ण बजट है।

## ये बजट राजस्थान के लिए निराशाजनक: अशोक गहलोत

**एजेंसी। जयपुर**



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को बजट 2023-24 को राजस्थान के लिए 'निराशाजनक' बताया और कहा कि उनकी कई मांगें अधूरी रह गई।

उन्होंने कहा, राज्य के लोग निराश हैं क्योंकि केंद्र राजस्थान के विकास से जुड़ी एक महत्वपूर्ण परियोजना ईआरसीपी को राष्ट्रीय दर्जा देने की हमारी मांग को खारिज कर रहा है। उन्होंने कहा, बजट में सिर्फ सुर्खियां बटोरने वाले जुमलों का इस्तेमाल किया गया है। मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि इस साल के बजट में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के लिए आवंटन में भारी कमी कर 60,000 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इससे साबित होता है कि यह बजट गरीब, भूमिहीन किसान और आम जनता विरोधी है।

इस बजट में कृषि और किसान कल्याण से जुड़ी कई फर्जी घोषणाएं की गई हैं, लेकिन कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के बजट में पिछले साल की तुलना में करीब 6 फीसदी (करीब 7,500 करोड़ रुपये) कम राशि का प्रावधान किया गया है। इसी तरह, यूरिया सब्सिडी आइटम में भी पिछले साल की तुलना में 15 फीसदी (करीब 23,000 करोड़ रुपए) की भारी कमी आई है। केंद्र सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय और महिला एवं बाल विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की उपेक्षा करते हुए इस बजट में पिछले वर्षों की तुलना में नगण्य वृद्धि की गई है। पूरा देश विगत वर्षों से महंगाई, आटा, दाल, तेल, साबुन आदि के दामों की मार झेल रहा है, जो आम आदमी द्वारा दैनिक उपयोग में लाये जाते हैं, उनमें बहुत अधिक वृद्धि हो गई है, जिससे आम आदमी का जीवन दूभर हो गया है।

चुनावों को ध्यान में रखते हुए अपर भद्रा प्रोजेक्ट के लिए कर्नाटक राज्य को 5,300 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता का प्रावधान दिया, जो राजस्थान के प्रति मोदी सरकार के सौतेले व्यवहार को दशार्ता है। राज्य की जनता समय आने पर नरेंद्र मोदी सरकार को करारा जवाब देगी।

## महंगे घरों के लिए भारी कटौती का दावा करने वाले एचएनआई को झटका

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कर रियायतों और छूट के बेहतर लक्ष्य के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने धारा 54 और 54एफ के तहत आवासीय घरों में निवेश पर पूंजीगत लाभ से कटौती को 10 करोड़ रुपये तक सीमित कर दिया। उन्होंने कहा कि इसी तरह के इरादे से एक और प्रस्ताव बहुत अधिक मूल्य वाली बीमा पॉलिसियों की आय से आयकर छूट को सीमित करना है। वाटरफील्ड एडवाइजर्स के बिजनेस एडवाइजरी सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट विशाल येओले ने कहा कि बजट में धारा 54 और धारा 54एफ के तहत अधिकतम कटौती को 10 करोड़ रुपये तक सीमित करने का प्रस्ताव किया गया है। येओला ने कहा कि, अब तक, ऐसी कोई सीमा नहीं थी और आम तौर पर, हाई-नेट-वर्थ इंडिविजुअल्स (एचएनआई) और अल्ट्रा हाई-नेट-वर्थ इंडिविजुअल्स (यूएचएनआई) इस अवसर का उपयोग अपनी कैपिटल गेन टैक्स देनदारी को कम करने के लिए करते थे। इन छूट वर्गों का मूल उद्देश्य हमेशा आवास क्षेत्र को प्रोत्साहित करना और आवास की कमी को कम करना रहा है। यह महसूस किया गया था कि छूट अभीष्ट उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर रही थी और अब एचएनआई/यूएचएनआई को उत्पन्न होने वाले पूंजीगत लाभ कर पर उपलब्ध आर्बिट्रेज को काफी हद तक सीमित करने का प्रस्ताव है। वित्त विधेयक के अनुसार, आयकर, 1961 (अधिनियम) की धारा 54 और धारा 54एफ के मौजूदा प्रावधान लंबी अवधि की पूंजीगत संपत्ति के हस्तांतरण से उत्पन्न होने वाले पूंजीगत लाभ पर कटौती की अनुमति देते हैं, यदि एक निर्धारिती ने स्थानांतरण की तारीख से एक वर्ष पहले या उसके बाद दो वर्ष की अवधि के भीतर भारत में कोई आवासीय संपत्ति खरीदी, या उस तिथि के बाद तीन वर्ष की अवधि के भीतर भारत में किसी आवासीय संपत्ति का निर्माण किया। अधिनियम की धारा 54 के लिए, यदि आवासीय घर में पूंजीगत लाभ का पुनर्निवेश किया जाता है, तो आवासीय घर के हस्तांतरण से होने वाले दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ पर कटौती उपलब्ध है।

## युवाओं को डीबीटी के जरिए मिलेगा लाभ

**एजेंसी। नई दिल्ली**



लाखों युवाओं को कुशल बनाने के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 शुरू की जाएगी। विभिन्न राज्यों में 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर स्थापित किए जाएंगे। 3 वर्षों में 47 लाख युवाओं को स्टाइपेंड सहायता प्रदान करने के लिए डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) शुरू किया जाएगा। केन्द्रीय वित्त निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए कहा कि हमारे युवाओं को सशक्त बनाने और 'अमृत पीढ़ी' के सपने साकार करने में मदद करने हेतु, हमने बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करने में सहायक आर्थिक नीतियां अपनाई हैं। साथ ही व्यवसाय के अवसरों का समर्थन किया है।

वित्त मंत्री के मुताबिक केंद्रीय बजट 2023-24 में सात प्राथमिकताओं को अपनाया गया है। यह एक-दूसरे की संपूरक हैं और सप्तऋषि के रूप में अमृत काल में हमारा मार्गदर्शन करती हैं। युवा शक्ति हमारे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में से एक है। वित्त मंत्री ने घोषणा की कि अगले तीन वर्षों में लाखों युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 शुरू की जाएगी। ऑन जॉब प्रशिक्षण, उद्योग साझीदारी और उद्योग की जरूरतों के साथ पाठ्यक्रमों के संरेखन पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि यह योजना इंडस्ट्री 4.0 जैसे कोडिंग, एआई (कृत्रिम बुद्धिमता), रोबोटिक्स, मेकाट्रॉनिकस, आईओटी, 3डी प्रिंटिंग, ड्रोनों और सॉफ्ट स्किल जैसे नये युग के पाठ्यक्रमों को शामिल करेगी। वित्त मंत्री ने युवाओं को अंतरराष्ट्रीय अवसरों के लिए कौशल प्रदान करने हेतु अलग-अलग राज्यों में 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर स्थापित करने का भी प्रस्ताव रखा। वित्त मंत्री ने घोषणा की कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत तीन वर्षों में 47 लाख युवाओं को वृत्तिका सहायता प्रदान करने के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण शुरू किया जाएगा। वित्त मंत्री ने सूचित किया कि निम्नलिखित एकीकृत स्किल इंडिया डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरूआत कर कोशलवर्धन हेतु डिजिटल तंत्र को और विस्तार प्रदान किया जाएगा। इसके बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि यह, मांग आधारित औपचारिक कौशलवर्धन सक्षम करेगा। एमएसएमई सहित नियोक्ताओं के साथ जोड़ेगा, और उद्यमिता योजनाओं की सुलभता सुगम बनाएगा।

## केंद्रीय बजट में बिहार को मिला धोखा : तेजस्वी यादव

**एजेंसी। पटना**



बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बुधवार को कहा कि भाजपा ने केंद्रीय बजट 2023-24 के जरिए एक बार फिर बिहार की जनता को धोखा दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि इनकम टैक्स में छूट आम लोगों की आंखों में धूल झोंकने के अलावा और कुछ नहीं है। तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि साल 2014 में जब भाजपा सरकार सत्ता में आई थी, तब नरेंद्र मोदी सरकार ने वादा किया था कि किसानों की आय दोगुनी की जाएगी और हर व्यक्ति के पास एक घर होगा। इसके अलावा 2022 तक नौकरी या व्यक्तिगत रोजगार देने का वादा किया था। अब साल 2023 आ गया है लेकिन उनकी 'जुमलेबाजी' की आदत नहीं गई। बिहार ने भाजपा और उसके गठबंधन (आरएलजेपी और एलजेपीआर) को 100 प्रतिशत सांसद दिए हैं लेकिन उन्होंने राज्य को फिर से धोखा दिया है। यह स्पष्ट नहीं है कि रेलवे ने कितना दिया है। केंद्र सरकार ने टैक्स में छूट दी है लेकिन यह आंखों में धूल झोंकने के अलावा कुछ नहीं है। हर उत्पाद की कीमत इन दिनों आसमान छू रही है। आम लोगों का जीवन आसान नहीं होता है।

## बजट : शेयर बाजार पर मिली-जुली प्रतिक्रिया




**एजेंसी। मुंबई**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वित्त वर्ष 2023-2024 के लिए केंद्रीय बजट पेश करने के बाद बुधवार को भारतीय शेयर बाजार सकारात्मक रुख के साथ खुले और ऊपर चढ़े, लेकिन फिर नीचे आ गए। बीएसई का सेंसेक्स मंगलवार को 59,549.90 अंक पर बंद होने के बाद 60,001.17 अंक पर खुला। आईटीएक्स ने 60,773.44 के ऊपरी और 58,816.84 के निचले स्तर को छुआ। इसी तरह एनएसई निफ्टी 17,662.15 अंक पर बंद होने के बाद 17,811.60 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान इसने 17,972.20 के ऊपरी और 17,353.40 के निचले स्तर को छुआ। निफ्टी 0.26 फीसदी की गिरावट के साथ 17,616.30 अंक पर और सेंसेक्स 158.18 अंकों की तेजी के साथ 59,708.08 अंक पर बंद हुआ।

## संशोधित क्रेडिट गारंटी योजना के लिए 9,000 करोड़ रुपये

**एजेंसी। नई दिल्ली**



एमएसएमई को बढ़ावा देते हुए केंद्रीय बजट 2023-24 में वित्तीय क्षेत्र में सुधारों और प्रौद्योगिकी के अभिनव उपयोग को जारी रखने का प्रस्ताव दिया गया है, इससे वित्तीय बाजारों में ऋण और भागीदारी तक पहुंच आसान हो गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को घोषणा की कि पिछले बजट में प्रस्तावित एमएसएमईएस के लिए संशोधित क्रेडिट गारंटी योजना, 1 अप्रैल, 2023 से कॉर्पस में 9,000 करोड़ रुपये के निवेश के माध्यम से प्रभावी होगी। उन्होंने कहा, यह 2 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त संपाश्रिवक-मुक्त गारंटीकृत ऋण को सक्षम करेगा। इसके अलावा, ऋण की लागत में लगभग 1 प्रतिशत की कमी आएगी। एमएसएमई को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से वित्त मंत्री ने प्रस्ताव दिया कि कोविड अवधि के दौरान एमएसएमई द्वारा अनुबंध निष्पादित करने में विफल रहने के मामलों में, बोली या प्रदर्शन सुरक्षा से संबंधित जब्त राशि का 95 प्रतिशत सरकार और सरकारी उपक्रमों द्वारा उन्हें वापस कर दिया जाएगा। सरकार और सरकारी उपक्रमों के संविदात्मक विवादों को निपटाने के लिए, जिसमें एक मध्यस्थ निर्णय एक अदालत में चुनौती के अधीन है, मानकीकृत शर्तों के साथ एक स्वैच्छिक निपटान योजना शुरू की जाएगी। यह विवाद के लंबित स्तर के आधार पर श्रेणीबद्ध निपटान शर्तों की पेशकश करके किया जाएगा। यह कहते हुए कि एमएसएमई हमारी अर्थव्यवस्था के विकास इंजन हैं, वित्त मंत्री ने कहा कि 2 करोड़ रुपये तक के कारोबार वाले सूक्ष्म उद्यम और 50 लाख रुपये तक के कारोबार वाले कुछ पेशेवर अनुमानित कराधान का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने उन करदाताओं को जिनकी नकद प्राप्ति 5 प्रतिशत से अधिक नहीं है, क्रमशः 3 करोड़ रुपये और 75 लाख रुपये की बढ़ी हुई सीमा प्रदान करने का भी प्रस्ताव किया। इसके अलावा भुगतान की समय पर प्राप्ति में एमएसएमई का समर्थन करने के लिए, सीतारमण ने उन्हें किए गए भुगतान पर किए गए व्यय के लिए कटौती की अनुमति देने का प्रस्ताव तभी दिया जब वास्तव में भुगतान किया गया हो। वित्त मंत्री ने वित्तीय और सहायक सूचनाओं के केंद्रीय भंडार के रूप में काम करने के लिए एक राष्ट्रीय वित्तीय सूचना रजिस्ट्री की स्थापना की भी घोषणा की। उन्होंने कहा, यह ऋण के कुशल प्रवाह की सुविधा प्रदान करेगा, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देगा और वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देगा। सीतारमण ने कहा कि एक नया विधायी ढांचा इस क्रेडिट सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को नियंत्रित करेगा, और इसे आरबीआई के परामर्श से तैयार किया जाएगा।

### बजट 2023-2024 | 10 हजार बायो इनपुट रिसर्च सेंटर खोलने जा रही सरकार

## प्राकृतिक खेती से जुड़ेंगे 3 करोड़ किसान



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतरमण ने कृषि क्षेत्र के बजट में बड़े ऐलान किए हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्राकृतिक खेती अपनाने वाले किसानों को पूरा सहयोग मिलेगा। इस मिशन से अगले 3 साल में करीब 1 करोड़ किसानों को जोड़ने की योजना है। प्राकृतिक खेती को आसान बनाने के लिए सरकार 10,000 बायो इनपुट रिसर्च सेंटर खोलेगी। अब से देश में माइक्रो फर्टिलाइजर पर जोर दिया जाएगा। साथ ही मिस्ट्री मैन ग्रोन प्लांटेशन पर भी सरकार का खास फोकस रहने वाला है।

### कृषि स्टार्टअप को बढ़ावा

देश में अब खेती-किसानी के साथ-साथ कृषि से जुड़े स्टार्ट अप को भी बढ़ावा दिया जाएगा। ग्रामीण इलाकों में युवाओं को इस मिशन से जोड़ने की कवायद की जाएगी। इसके लिए सरकार एग्रीकल्चर एक्सीलेटर फंड भी बनाएगी पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन पर फोकस करते हुए एग्री लोन लक्ष्य भी बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है।

### बढ़ेगी कृषि स्टोरेज की क्षमता

फसल की उपज को सुरक्षित ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए कृषि सेक्टर में स्टोरेज क्षमता का विकास किया जाएगा। इससे ना सिर्फ किसानों को अपनी उपज के सुरक्षित रख-रखाव में मदद मिलेगी, साथ ही सही समय पर उपज बेचने से आय में भी बढ़त होगी।

### अच्छी फसल पर केंद्रित विकासपरक बजट

**एजेंसी। चेन्नई**

उद्योग के अधिकारियों ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बुधवार को पेश किए गए 2023-24 के केंद्रीय बजट ने कृषि और पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन क्षेत्रों के लिए एक सकारात्मक दृष्टिकोण पेश किया है और प्रस्तावों के कारण दीर्घकालिक विकास होगा जो आने वाले वर्षों में अधिक परिणाम देगा। वेकूल फूड्स एंड प्रोडक्ट्स लिमिटेड के सह-संस्थापक और प्रबंध निदेशक कार्तिक जयरामन ने कहा, बजट ने साबित कर दिया है कि देश में कृषि क्षेत्र का भविष्य उज्जशवल है, इस क्षेत्र के लिए अच्छी तरह से शोध किया गया है और बारीक ध्यान दिया गया है। जयरामन ने कहा कि इस कदम से किसानों के लिए कृषि आदानों तक पहुंच में सुधार होगा, साथ ही बाजार की जानकारी भी बढ़ेगी, जिससे कृषि-तकनीक और स्टार्ट-अप विकास को भी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि कृषि त्वरक कोष के लॉन्च से उद्योग को पर्याप्त राहत मिलेगी, युवा उद्यमियों को इस क्षेत्र की ओर प्रोत्साहित करने के साथ-साथ किसानों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए विशेष रूप से लाभप्रदता बढ़ाने और आधुनिक तकनीक से लैस करने के लिए नवीन और किफायती समाधान भी मिलेंगे। जयरामन ने कहा, रोग संक्रमण कुल फसल उत्पादकता के 35 प्रतिशत को प्रभावित करने वाली एक गंभीर समस्या रही है।

## NEWS इन ब्रीफ

### भारतीय दल का नेतृत्व करेंगे पहलवान नरसिंह

**जाग्रेब।** क्रोएशियाई राजधानी में शुरू हो रहे साल के पहले कुश्ती रैंकिंग श्रृंखला, जाग्रेब ओपन में शीर्ष भारतीय पहलवानों की अनुपस्थिति में पहलवान नरसिंह यादव भारतीय दल का नेतृत्व करेंगे। अग्रणी भारतीय पहलवान बजरंग पुनिया और रवि कुमार दहिया टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे। टोक्यो ओलंपिक के दो पदक विजेताओं के साथ उल्लेखनीय भारतीय एथलीट जो क्रोएशिया में प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे।

### वीजा मुद्दों के कारण उस्मान ख्वाजा के भारत आगमन में देरी

**सिडनी।** टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा की भारत यात्रा में देरी हो रही है, क्योंकि वह अभी भी भारत सरकार से वीजा का इंतजार कर रहे हैं। खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ नौ फरवरी से नागपुर में शुरू होनेवाले पहले टेस्ट से पहले मंगलवार और बुधवार को दो अलग-अलग विमानों से भारत के लिए रवाना हुए।

### चीनी रेफरी फीफा क्लब विश्व कप के उद्घाटन मैच में करेंगे अंपायरिंग

**ज्यूरिख।** फीफा ने घोषणा की है कि चीनी मैच अधिकारी मा निंग, झोउ फेई, झांग चेंग और फू मिंग, मोरक्को में होनेवाले फीफा क्लब विश्व कप के उद्घाटन मैच में अंपायरिंग करेंगे। मा, मिस्र के अल अहली काहिरा और न्यूजीलैंड के ऑकलैंड सिटी के बीच बुधवार के मैच में रेफरी होंगे, जबकि झोउ और झांग सहायक रेफरी के रूप में काम करेंगे।

### चोट के कारण मेंडी टीम से बाहर

**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड के फेरलैंड मेंडी को टीम से दो महीने के लिए बाहर किया जा सकता है, क्योंकि ला लीगा क्लब ने पुष्टि की है कि उन्हें मांसपेशियों में चोट लगी है। क्लब की वेबसाइट के मुताबिक, हमारे खिलाड़ी फेरलैंड मेंडी के रियल मैड्रिड मेडिकल सर्विसेज द्वारा आज किए गए परीक्षण के बाद पता चला है कि उनके बाएं पैर की मांसपेशी में चोट लगी है। उनकी रिकवरी पर नजर रखी जाएगी।

### श्रीलंका ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**कोलंबो।** दक्षिण अफ्रीका में 10 से 26 फरवरी तक होनेवाले आगामी आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के लिए नियमित कप्तान चमारी अथापथ्थू श्रीलंका की 15 सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगी। अथापथ्थू की अगुआई वाली टीम में हरफनमौला हसीनी परेरा नहीं होंगी।

### सैम करन पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना

**दुबई।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज सैम करन पर ब्लोमफोंटेन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार 29 जनवरी को खेले गए दूसरे वनडे के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आचार संहिता के स्तर 1 के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

# बजट 2023-24 : खेल क्षेत्र को मिला रिकॉर्ड 3397 करोड़ रुपये

### खेल क्षेत्र के लिए इतिहास में अबतक की सबसे अधिक राशि आवंटित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को देश का आम बजट पेश करते हुए खेल क्षेत्र के लिए इतिहास में अबतक की सबसे अधिक राशि आवंटित की। रिकॉर्ड छलांग के साथ खेल क्षेत्र के विकास के लिए केंद्रीय बजट में 3397.32 करोड़ रुपये की राशि आवंटिन की गई। खेल क्षेत्र में यह बजट इसी साल होनेवाले एशियाई खेलों और 2024 पेरिस ओलंपिक से पहले एक बड़े प्रोत्साहन के रूप में आया है। पिछले वित्तीय वर्ष में खेल बजट 2757.02 करोड़ रुपये का था। टारगेट ओलंपिक पोडियम (टॉप) योजना के माध्यम से एथलीटों के प्रशिक्षण में भी बड़ा बढ़ावा मिला है। भारतीय खेल प्राधिकरण को इस साल के खेल बजट में 785.52 करोड़ रुपये का सहयोग मिला है। इस बीच खेलो इंडिया को खेल बजट में सबसे ज्यादा 1045 करोड़ रुपये का आवंटन मिला है। बाकी राशि राष्ट्रीय खेल महासंघ (325 करोड़ रुपये), राष्ट्रीय सेवा योजना (325 करोड़ रुपये) और राष्ट्रीय खेल विकास कोष (15 करोड़ रुपये) के लिए रखी गई है।



### नकद पुरस्कार योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया में बदलाव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक जीतनेवाले पदक विजेताओं और उनके कोचों के लिए नकद पुरस्कार योजना के तहत आवेदन करने की प्रक्रिया में बदलाव किया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि नकद पुरस्कार योजना में सुधार लाने के लिए प्रक्रिया को संशोधित किया गया है। आवेदकों को 30 अप्रैल, 2023 तक नकद पुरस्कार योजना के तहत आवेदन करने का एकमुश्त मौका दिया गया है।

# टी-20 में भारत की सबसे बड़ी जीत

### न्यूजीलैंड को 168 रन से हराया

### गिल ने ठोका शतक, पांड्या ने लिए चार विकेट

### 234 रन के जवाब में कीवी टीम 66 रन पर हो गई ऑलआउट

**एजेंसी। अहमदाबाद**

टीम इंडिया ने तीसरे टी-20 मैच में न्यूजीलैंड को 168 रन से हराकर सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। अहमदाबाद में हुए सीरीज के आखिरी मुकाबले में भारत ने शुभमन गिल (नाबाद 126 रन) के इस फॉर्मेट में पहले शतक की बदौलत 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 234 रन बनाए। जवाब में कीवी टीम 12.1 ओवर में 66 रन के स्कोर पर ऑलराउट हो गई। हार्दिक पंड्या ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए।

पांड्या ने ब्लेयर टिकनर एक रन, लोकी फर्ग्युसन शून्य, ग्लेन फिलिप्स 2 रन और फिन एलेन 3 रन के विकेट लिए। यह टी-20 क्रिकेट में रन के लिहाज से भारत की अब तक की सबसे बड़ी जीत और न्यूजीलैंड की सबसे बड़ी हार है। भारत का पिछला रिकॉर्ड 143 रन से जीत का था। टीम इंडिया ने 2018 में आयरलैंड को 143 रन से हराया। वहीं, न्यूजीलैंड की टीम इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ 2010 में 103 रन से हारी थी।

**टी-20 में किसी टेस्ट टीम की दूसरी सबसे बड़ी जीत :** भारत ने टी-20 इंटरनेशनल में किसी टेस्ट टीम की दूसरी सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया। पहले स्थान पर श्रीलंका की टीम है। श्रीलंका ने 2007 में केन्या को 172 रन से हराया था। अगर टेस्ट न खेलने वाली टीमों के रिकॉर्ड भी शामिल करें तो टी-20 इंटरनेशनल में सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड चेक रिपब्लिक के नाम है। चेक टीम ने 2019 में तुर्किये को 257 रन से हराया था।



### गिल ने तोड़ा कोहली का रिकॉर्ड


**सीरीज** के पहले दो मुकाबलों में फ्लॉप रहे गिल ने इस पारी में 63 गेंदों पर 126 रन की पारी खेली। उन्होंने 12 चौके और 7 छक्के जमाए। राहुल त्रिपाठी ने 44, कप्तान हार्दिक पंड्या ने 30 और सूर्यकुमार यादव ने 24 रन बनाए। गिल टी-20 इंटरनेशनल में भारत के लिए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा। विराट ने पिछले साल अफगानिस्तान के खिलाफ 122 रनों की पारी खेली थी। गिल ने हार्दिक पंड्या के साथ चौथे विकेट के लिए 40 गेंदों पर 103 रन की साझेदारी की। डेरिल मिचेल, माइकल ब्रेसवेल, ब्लेयर टिकनर और ईश सोढ़ी को एक-एक विकेट मिला।

### रूस, बेलारूस के खिलाफ जारी रहेगा प्रतिबंध

**जिनेवा।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने रूसी ओलंपिक समिति (आरओसी) के अध्यक्ष स्टानिस्लाव पॉज्न्याकोव की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया दी है, जिसमें रूसी और बेलारूसी राज्य और सरकारों के खिलाफ प्रतिबंधों पर अपने रुख की पुष्टि की गई है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने आईओसी के एक प्रवक्ता के हवाले से कहा : रूसी और बेलारूसी राज्य और सरकारों के खिलाफ प्रतिबंधों से समझौता नहीं किया जा सकता है। प्रवक्ता ने आगे कहा : 9 दिसम्बर 2022 को हाल ही में हुई ओलंपिक शिखर सम्मेलन की बैठक में उनकी सर्वसम्मति से पुष्टि की गई है। यहां रूस या बेलारूस में आईएफ और एनओसी द्वारा कोई अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन या समर्थन नहीं किया गया।

प्रवक्ता ने आगे कहा : इन देशों का कोई भी झंडा, गान, रंग या कोई अन्य पहचान किसी भी खेल आयोजन या बैठक में प्रदर्शित नहीं किया जा रहा है, जिसमें संपूर्ण स्थल भी शामिल है। साथ ही किसी भी अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजन या बैठक के लिए किसी भी रूसी और बेलारूसी सरकार या राज्य के अधिकारी को आमंत्रित या मान्यता प्राप्त नहीं होना चाहिए। पॉज्न्याकोव ने पिछले हफ्ते आईओसी द्वारा रूसी एथलीटों को अपनी प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति देने के कदम का स्वागत किया, क्योंकि आईओसी ने कहा कि सख्त परिस्थितियों में प्रतियोगिता में एथलीटों की भागीदारी के लिए एक मार्ग का पता लगाया जाना चाहिए।

# भारत के पूर्व फुटबॉलर परिमल डे का निधन



**एजेंसी। कोलकाता**

भारत के पूर्व फुटबॉलर परिमल डे का लंबी बीमारी के बाद बुधवार को यहां 81 साल की उम्र में निधन हो गया। 4 मई, 1941 को जन्मे डे को 2019 में पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा बंग भूषण की उपाधि से सम्मानित किया गया था। 1960 के दशक में डे ने भारत के लिए शानदान प्रदर्शन किए। उन्होंने कुआलालंपुर में 1966 मडेर्का कप में कोरिया गणराज्य के खिलाफ मैच का एक मात्र गोलकर भारत को कांस्य पदक दिलाया। घरेलू स्तर पर उन्होंने अपनी टीम को 1962, 1969 में दो बार संतोष ट्रॉफी जिताने का गौरव प्राप्त हुआ।

पूर्वी बंगाल के लिए फारवर्ड के रूप में खेलते हुए उन्होंने 84 गोल किए और 1968 में क्लब की कप्तानी भी की। डे ने 1966, 1970 और 1973 में तीन बार कलकत्ता फुटबॉल लीग और आईएफए शील्ड जीतने का गौरव हासिल किया और बीएनआर (1966) और ईरानी पक्ष पीएएस क्लब (1970) के खिलाफ आईएफए शील्ड फाइनल में गोल कर भारतीय फुटबॉल लोककथाओं में अपना नाम दर्ज कराया। 1966 का सीएफएल डे के लिए एक बड़ा टूर्नामेंट था, क्योंकि उन्होंने पहले नौ मैचों में से प्रत्येक में गोल किया था। इनके अलावा, उन्होंने डूरंड कप (1967, 1970), रोवर्स कप (1967, 1969, 1973) में भी अपनी टीम को जिताया।

### एआईएफएफ ने जताया शोक

**अखिल** भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर परिमल डे के निधन पर शोक व्यक्त किया है, जिनका बुधवार को कोलकाता में 81 वर्ष की आयु में निधन हो गया। एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने अपने शोक संदेश में कहा : भारत के पूर्व स्टार परिमल डे का निधन भारतीय फुटबॉल के लिए एक बड़ी क्षति है। जांगला-दा, जैसा कि हम उन्हें जानते थे, 1960 के दशक के सर्वश्रेष्ठ योजनाकारों में से एक थे, प्रशंसकों के दिलों और दिमाग में अभी भी हैं। मेरी संवेदना उनके परिवार और दोस्तों के लिए हैं। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। महासचिव डॉ. शाजी प्रभाकरन ने कहा : परिमल डे के निधन से पूरी भारतीय फुटबॉल बिरादरी बेहद सदमे में है। उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदना है। उनकी आत्मा को शांति मिले।

# अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ नहीं होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

### पर्याप्त सबूत नहीं होने के कारण मिली राहत

**बर्लिन। न्यूयॉर्क**

वर्ष 2020 यूएस ओपन चैम्पियन और जर्मन टेनिस स्टार अलेक्जेंडर ज्वेरेव को उनकी पूर्व प्रेमिका द्वारा लगाए गए घरेलू दुर्व्यवहार के आरोपों में किसी भी अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि आरोपों को साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं हैं। ज्वेरेव की पूर्व प्रेमिका ओलेआ शारिपोवा द्वारा घरेलू शोषण के आरोपों के



बाद अक्टूबर 2021 में एटीपी द्वारा जांच शुरू की गई थी। यह जांच द लेक फॉरेस्ट ग्रुप (एलएफजी) द्वारा की गई थी, जिसका नेतृत्व संस्थापक और मुख्य कार्यकारी जी माइकल वर्डेन और जेनिफर मैकोवजक ने किया था। जांच ने शारिपोवा और ज्वेरेव दोनों के ऑडियो और तस्वीरों सहित सबमिशन की समीक्षा की। इसमें तीसरे पक्ष के फोरेंसिक विशेषज्ञ के माध्यम से ज्वेरेव के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से निकाली गई सामग्री शामिल थी। एलएफजी ने सोशल मीडिया सहित तीसरे पक्ष के गवाहों और सार्वजनिक रिकॉर्ड द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की भी समीक्षा की और अपनी पूरी रिपोर्ट एटीपी को सौंपी।

### जिम्बाब्वे की तरफ से खेलेंगे पूर्व इंग्लिश बल्लेबाज बैलेंस

**हरारे।** इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज गैरी बैलेंस को वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए जिम्बाब्वे की टीम के लिए चुना गया है। इसी के साथ वह अपने मूल देश के लिए अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए तैयार हैं। छह साल के अंतराल के बाद जिम्बाब्वे के खिलाड़ी गैरी बैलेंस फरवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला में टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए तैयार हैं। इस बीच, क्रेग एर्विन रिटायर्ड हर्ट सीन विलियम्स की जगह लेंगे, जो अपनी उंगली के फ्रैक्चर के कारण बुलावायो में टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे।

## पेज एक के शेष

### चेहरे पर मुस्कान...

पर भी गया है। वह देश में ई-न्याय प्रणाली को और सुदृढ़ करने को लेकर कृतसंकल्पित हैं। पिछली बार भी उन्होंने इसके लिए ठीक-ठाक धनराशि आवंटित की थी। इस बार उन्होंने 7000 करोड़ रुपये का प्रस्ताव दिया है।

अब देश 5जी के युग में प्रवेश कर चुका है तो वित्तमंत्री ने भी लगे हाथ 100 ऐसे 5जी प्रयोगशालाओं के निर्माण की घोषणा कर दी, जो आने वाले वक्त में आम लोगों की जरूरतों के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। इसके साथ ही डिजिलॉकर में अभी तक जितने भी दस्तावेज जमा कराए जा रहे थे, उनकी संख्या में भी बढ़ोत्तरी का फैसला किया गया है। आनेवाले अप्रैल माह से इसे लागू कर दिया जाएगा। जो एमएसएमई फेल कर चुके हैं, जिन्हें घाटा हुआ है, उन पर मरहम लगाते हुए वित्तमंत्री ने उनके लिए रिफंड की भी व्यवस्था की बात कही है। उन्होंने लैब में हीरे बनाने की भी बात कही है। ग्रीन हाइड्रोजन को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने 19700 करोड़ रुपये का प्रस्ताव किया है तो एनर्जी सिक्योरिटी के लिए 35000 करोड़ रुपये देने की बात कही है। इसके अलावा 47 लाख युवाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी, कौशल विकास प्रशिक्षण के तहत और उन्हें लगातार तीन साल तक भत्ता भी मिलेगा। वरिष्ठ नागरिकों के लिए बचत सीमा पहले 15 लाख रुपये थी। अब उसे बढ़ाकर सीधे दोगुना कर दिया गया है। अर्थात 30 लाख रुपये।

वित्तमंत्री ने एक्साइज ड्यूटी को 13 प्रतिशत कर दिया है। इससे देसी मोबाइल, टीवी, साइकिल और खिलौने जैसे उत्पाद सस्ते हो जाएंगे। इसके उलट जो विदेशी चिमनी बनाने वाली कंपनियां हैं, उन्हें हतोत्साहित करने के लिए एक्साइज ड्यूटी को बढ़ा दिया गया है। यानी, अब विदेशी चिमनियां महंगी हो जाएंगी। कुल मिलाकर, यह एक ऐसा बजट था, जिसकी प्रत्याशा हर किसी को थी। बेशक इस देश में मात्र दो प्रतिशत लोग ही आयकर देते हैं, लेकिन इन दो प्रतिशत लोगों को जो छूट वित्तमंत्री ने दी है, वह आनेवाले लोकसभा चुनाव में अपना हक निभा सकता है। इस बजट में हर किसी के लिए बहुत कुछ है। इनकम टैक्स सरचार्ज को घटाकर 25 प्रतिशत पर ले आना उन लोगों के लिए बड़ी राहत की बात है, जो ज्यादा टैक्स देते-देते परेशान थे। पहले यह सरचार्ज 37 प्रतिशत था। इस बजट में भविष्य की योजनाओं को लेकर भी ध्यान रखा गया है और वर्तमान की चुनौतियों से भी लोगों को निकालने का एक उपक्रम किया गया है। कुल मिलाकर यह बजट लोगों के चेहरे पर मुस्कुराहट लाने वाला है।




## खेलो इंडिया | महाराष्ट्र की 14 वर्षीय वेटलिफ्टर आकांक्षा व्यवहारे तैयार

# 14 साल की उम्र में किए हैं बड़े कारनामे

**एजेंसी। इंदौर**

आकांक्षा व्यवहारे की उम्र सिर्फ 14 साल है लेकिन उनके कारनामे बहुत बड़े हैं। अपने वेट कैटेगरी में कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम करने के बाद टॉप्स डेवलपमेंट लिस्ट में नाम दर्ज करा चुकीं आकांक्षा पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स में खेलने के लिए तैयार हैं। राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीत चुकीं आकांक्षा इस प्लेटफार्म का पहली बार उपयोग करने को लेकर काफी उत्साहित और रोमांचित हैं। भारत की ओलंपिक पदकधारी वेटलिफ्टर मीराबाई चानू की राह पर चलने की इच्छा रखने वाली मनमाड़ में अभ्यास करती हैं। आकांक्षा अपने देश के लिए पदक जीतना चाहती हैं। आकांक्षा ने कहा : मैं मीराबाई चानू की तरह बनना चाहती हूं। इस मुकाम पर पहुंचने के लिए उन्होंने बहुत मेहनत की है। उन्होंने कई सारे त्याग किए हैं और इसी कारण वह आज इस मुकाम पर हैं।



खेलो इंडिया के लिए साई रिजनल सेंटर औरंगाबाद में प्रैक्टिस कर रहीं आकांक्षा ने बताया कि अपनी प्रेरणास्रोत मीराबाई से वह एक बार मिली हैं और उन्हें काफी अच्छा लगा था। आकांक्षा ने कहा : इंटरनेशनल के लिए जाते वक्त मेरी एक बार उनसे मुलाकात हुई है। उन्होंने कहा था कि तुम अच्छा कर रही है। इसी तरह मेहनत करती रहो। सिर्फ और सिर्फ अपने खेल पर ध्यान लगाओ। आकांक्षा ने छोटी सी उमर में ढेर सारी सफलता हासिल की है। मार्च 2022 में आकांक्षा ने ओडिशा नेशनल्स में हिस्सा लिया था और इसमें उन्होंने 40 किग्रा कैटेगरी में 6 नेशनल रिकॉर्ड बनाए थे और गोल्ड जीता था। फिर अगस्त 2022 में आकांक्षा ने पटियाला में आयोजित नेशनल्स में हिस्सा लिया था। उसमें 40 किग्रा कैटेगरी में उन्हें गोल्ड मिला था। 2022 में ही आकांक्षा ने मेक्सिको में आयोजित इंटरनेशनल इवेंट में ओवरआल सिल्वर जीता था। स्नैच में मेरा गोल्ड था। वहां मैंने स्नैच में नेशनल रिकॉर्ड बनाया था। फिर मैंने एशियन यूथ एंड जूनियर चैंपियनशिप में ब्रांज मेडल जीता था। उस समय मैंने क्लीन एंड जर्क में 70 किग्रा का नेशनल रिकॉर्ड बनाया था।

### बढ़ गई हैं आकांक्षा की जिम्मेदारियां

**बीते** साल टाप्स में आनेवाली आकांक्षा मानती हैं कि इस सूची में आने के बाद उनकी जिम्मेदारियां बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा: मेरा भी पहला खेलो इंडिया है, लेकिन मैं इंटरनेशनल और नेशनल में कई बार खेल चुकी हूं। पहली बार खेलते हुए थोड़ी दिक्कत होती है। कई बार खिलाड़ी अच्छा नहीं कर पाते या कैटेगरी चेंज करने के कारण एडजस्ट नहीं कर पाते लेकिन इससे परेशान होने की जरूरत नहीं है। अपना बेस्ट देने का प्रयास करें। तमिलनाडु में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप में पहली बार 45 किग्रा कटेगरी में खेलने वाली आकांक्षा के मुताबिक खेलो इंडिया इंटरनेशनल स्तर का प्लेटफॉर्म लगता है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## NEWS इन ब्रीफ

### जयपाल को शीर्ष पद के लिए किया गया नामित

**न्यूयॉर्क।** भारतीय-अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल को आव्रजन पर अमेरिकी सदन न्यायपालिका समिति के पैनल का रैंकिंग सदस्य नामित किया गया है, जिससे वह उपसमिति के लिए नेतृत्व की भूमिका निभाने वाली पहली अप्रवासी बन गई हैं। 57 वर्षीय जयपाल अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में वाशिंगटन के 7वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करती हैं।

### फिलीपींस में आया 6.1 तीव्रता का भूकंप

**मनीला।** दक्षिणी फिलीपींस में बुधवार को 6.1 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे किसी तरह के नुकसान या किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले यूएस जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने कहा था कि फिलीपींस के मोनकायो में 10:44:45 (जीएमटी) पर 6.0 की तीव्रता वाला भूकंप 4 किमी एसएसडब्ल्यू को झटका लगा।

### एलजी ने 6 फरवरी को मेयर चुनाव कराने की दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के मेयर के चुनाव के लिए तारीख तय हो गई है। एक आधिकारिक बयान में बुधवार को कहा गया है कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने 6 फरवरी को मेयर का चुनाव कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव के लिए 3 फरवरी, 4 फरवरी और 6 फरवरी का प्रस्ताव दिया था।

### दक्षिण कोरिया नई 'हाई-पावर' बैलिस्टिक मिसाइल का कर सकता है परीक्षण



**सोल।** एक मीडिया रिपोर्ट में एक सूचित स्रोत का हवाला देते हुए कहा गया है कि दक्षिण कोरिया निकट भविष्य में एक नई 'उच्च-शक्ति' बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण-लॉन्च करने की सोच रहा है। योनहाप न्यूज ने बुधवार को बताया कि देश मिसाइल के विकास पर काम कर रहा है, जिसे ह्यूनमू-5 के नाम से जाना जाता है, जो इसकी निवारक क्षमताओं की एक प्रमुख संपत्ति है।

# राम की अयोध्या ने भी दिया विकास का साथ, मिले निवेश के प्रस्ताव

**अयोध्या में आयोजित हुई इन्वेस्टर्स समिट**

**44,997 रोजगार का होगा सृजन**

**214 निवेशकों ने एमओयू पर किए हस्ताक्षर**

**19,042.82 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले**

**एमएसएमई में 527.20 करोड़, यूपीसीडा में 845 करोड़ रुपये, पर्यटन में 6176.15 करोड़ रुपये व विकास प्राधिकरण से जुड़े 4037 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले**



**नवीन मेल नेटवर्क। अयोध्या**

योगी सरकार में अयोध्या का विकास देश ही नहीं, बल्कि दुनिया में भी जाने जाना लगा है। अयोध्या में 500 वर्ष की प्रतीक्षा के बाद जहां भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है, वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यातायात, कानून व्यवस्था के साथ-साथ संपूर्ण जिले का विकास हो रहा है। पर्यटन के दृष्टिकोण से सबसे समृद्धशाली शहर में बड़े स्तर पर निवेशकों ने भी रूचि दिखाई है। निवेशकों को सरकार की नई औद्योगिक नीतियों को बताने व निवेशकों की समस्याओं के समाधान के लिए बुधवार को अयोध्या में इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया। यहां 19,042 .82 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव प्राप्त हुआ, जिससे 44997 रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

बुधवार को आयुक्त कार्यालय के गांधी सभाकक्ष में जनपद स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया। औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन व एनआरआई मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इन्वेस्टर्स समिट में लगभग 214 निवेशकों ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। उपायुक्त उद्योग अमरेश कुमार पांडेय ने एमएसएमई नीति- 2022 व 10 से 12 फरवरी तक होने वाली इन्वेस्टर्स समिट के बारे में बताया।

अयोध्या में एमएसएमई क्षेत्र में 527.20 करोड़, यूपीसीडा में 845 करोड़ रुपये, पर्यटन में 6176.15 करोड़ रुपये व विकास प्राधिकरण से जुड़े 4037 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। यहां कुल कुल 19 विभागों से जुड़े 19,042.82 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिससे 44,997 रोजगार का सृजन होगा। समिट में मंत्री ने निवेशकों, उद्यमियों को प्रशस्ति पत्र भी दिया। आईआईए के जिलाध्यक्ष एसपी सिंह, लघु उद्योग भारती के जिला इकाई के अध्यक्ष अविनाश चंद्रा ने भी निवेश व विकास से जुड़े सुझाव दिए।

**निवेश के प्राप्त हुए प्रस्ताव, मिलेंगे रोजगार :** एमएसएमई व एक्सपोर्ट प्रमोशन के लिए 61 निवेशों पर प्रस्ताव मिले। इससे 4391 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। पर्यटन के लिहाज से 60 निवेशों पर एमओयू हुए। इनमें 6176.15 करोड़ के जरिए 16276 युवाओं के लिए रोजगार मुहैया कराए जाएंगे। आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स से जुड़े 3 प्रस्तावों 111 करोड़ का निवेश होगा, इसके जरिए 750 युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाएगा।

### औद्योगिक विकास के अनुकूल वातावरण का दिलाया विश्वास

**मुख्य** अतिथि नंदगोपाल गुप्ता नंदी ने अयोध्या में 19,042.82 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त होने पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने सरकार से मिल रहीं सुविधाएं को सहजता से उपलब्ध कराने का आश्वासन भी निवेशकों को दिया। कार्यक्रम में रुदौली विधायक रामचंद्र यादव, जिलाधिकारी नीतीश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव आदि ने जनपद में औद्योगिक विकास के अनुकूल वातावरण के सृजन का आश्वासन दिया।

### सभी विभागों की ओर से दिया गया प्रजेंटेशन

**विभिन्न** विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रोत्साहन से सम्बन्धित नीतियों यथा टेक्सटाइल पॉलिसी - 2022, एमएसएमई नीति-2022, आईआईईपी पालिसी-2022 पर्यटन नीति-2022 तथा बैंक द्वारा संचालित वित्तीय योजनाओं का पावर पॉइट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया गया। यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक केएन श्रीवास्तव व उद्योग के उपायुक्त अमरेश कुमार पांडेय आदि ने अपने-अपने विभागों में चल रहीं योजनाओं से भी निवेशकों को अवगत कराया।

# बुलेट ट्रेन की रफ्तार से आगे बढ़ रहा सिद्धार्थनगर : योगी आदित्यनाथ

**नवीन मेल नेटवर्क। सिद्धार्थनगर**

कभी भारत को वैश्विक पहचान देनेवाले इस जिले को तीन दशक तक उपेक्षित रखा गया। हालात ये थे कि इंसेफेलाइटिस की जानलेवा बीमारी और युवाओं के पलायन के लिए इस जनपद को पहचाना जाने लगा था। आज सामूहिक प्रयासों से यहां की तस्वीर बदल रही है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए निवेशकों ने यहां 8 हजार करोड़ के निवेश का प्रस्ताव रखा है, जब ये निवेश धरातल पर उतरेगा तो इस जनपद का कायाकल्प हो जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिद्धार्थनगर महोत्सव के समापन कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आज ये जिला मीटरगेज नहीं, बल्कि बुलेट ट्रेन की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। वहीं उन्होंने बजट 2023 को दुनिया का नेतृत्व करने वाला बजट बताया।

### इंसेफेलाइटिस और पलायन के रूप में बन चुकी थी सिद्धार्थनगर की पहचान

जिला मुख्यालय पर आयोजित पांच दिवसीय सिद्धार्थनगर महोत्सव के समापन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 1988 में अपने गठन के बाद से लगभग तीन दशक तक इस जनपद को लगातार उपेक्षा का दंश झेलता पड़ा है। ये जिला विकास से कोसों दूर था, नौजवान यहां से पलायन करता था और इंसेफेलाइटिस जैसी जानलेवा बीमारी के कारण हर वर्ष मौतें होती थीं। जिस जनपद ने वैश्विक मंच पर भारत को कभी एक पहचान दी थी, उसके सामने स्वयं की पहचान बनाने का संकट खड़ा हो गया था। पूरी दुनिया के अंदर करुणा और मैत्री के प्रतीक भगवान बुद्ध ने यहीं पर अपने बचपन और युवा अवस्था के 29 वर्ष व्यतीत किये थे। पूरी दुनिया के लोग इस जनपद के प्रति बहुत आदर और सम्मान व्यक्त करते हैं। तीन दशकों तक बीमारी और पलायन इसकी पहचान बन चुकी थी। मगर सामूहिक प्रयासों के चलते आज इंसेफेलाइटिस जैसी जानलेवा बीमारी यहां से लगभग समाप्त हो चुकी है।



### भारत सरकार का बजट दुनिया को नेतृत्व देनेवाला

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि आज का भारत सरकार का बजट दुनिया को नेतृत्व देनेवाले बजट के रूप में देश की संसद में प्रस्तुत हुआ है। भारत दुनिया की एक बड़ी ताकत और सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ रहा है और यूपी देश के विकास का ग्रोथ इंजन बनाने की दिशा में अग्रसर है। ऐसे में सिद्धार्थनगर भला पीछे कैसे रह सकता है। आज ये जिला आकांक्षात्मक जनपद से ऊपर उठ चुका है। नीति आयोग के पैरामीटर से ऊपर उठकर सिद्धार्थनगर मीटर गेज की रफ्तार से नहीं बल्कि बुलेट ट्रेन की स्पीड से आगे बढ़ रहा है।

### स्वास्थ्य सुविधा का केंद्र बनेगा मेडिकल कॉलेज

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए सिद्धार्थ नगर में 8 हजार करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव मिला है। जब ये निवेश यहां धरातल पर उतरेगा तब ये जिला अकाक्षांत्मक नहीं, बल्कि विकसित जिले के रूप में उभरकर सामने आएगा। साथ ही वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज कार्यक्रम के अंतर्गत यहां बने मेडिकल कॉलेज को यहीं की माटी के लाल माधव प्रसाद त्रिपाठी के नाम पर रखा गया है।

### विशिष्ट व्यक्तियों को सीएम योगी ने किया सम्मानित

**समापन** कार्यक्रम के दौरान काला नमक चावल के विकास, संवर्धन, निर्यात और प्रोत्साहन के लिए विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इनमें अभिषेक सिंह, श्रीधर पांडेय, विजय कुमार मिश्र को मुख्यमंत्री ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं, काला नमक चावल लोगो प्रतियोगिता के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ लोगो डिजाइन के लिए दसवीं के छात्र मोहन को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया।

# कोरिया में जापान से चुराई गई बौद्ध मूर्ति के खिलाफ फैसला

**एजेंसी। डेजॉन**



दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने बुधवार को एक बौद्ध मंदिर के खिलाफ एक सिविल प्रक्रिया में फैसला सुनाया, जिसमें दावा किया गया था कि 14वीं शताब्दी की एक मूर्ति सदियों पहले जापान ले जाई गई थी और एक दशक पहले चोरी करके वापस लाई गई थी। योनहाप समाचार एजेंसी ने बताया कि गोरियो राजवंश (918-1392) की 50.5 सेंटीमीटर ऊंची बौद्ध प्रतिमा उन दो कांस्य प्रतिमाओं में से एक थी, जिन्हें कोरियाई चोरों ने अक्टूबर 2012 में नागासाकी प्रान्त के त्सुशिमा में कन्नन मंदिर से चुराया था। इसके स्वामित्व का दावा करते हुए सियोल से 98 किमी दक्षिण-पश्चिम में सिओसान में बुसेक मंदिर ने राज्य के खिलाफ मुकदमा दायर किया, वर्तमान में डेजॉन के केंद्रीय शहर में राष्ट्रीय सांस्कृतिक विरासत अनुसंधान संस्थान में संग्रहीत मूर्ति की वापसी की मांग की। 2017 में पहले फैसले में एक जिला अदालत ने फैसला सुनाया कि जापान ने मूर्ति को 'असामान्य' तरीके से हटा लिया है, मूर्ति को बुसेक मंदिर में वापस करने का आदेश दिया है।

# गोवा की अदालत में सेंधमारी, कैश चोरी

**पणजी।** गोवा की राजधानी शहर में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अदालत के साक्ष्य कक्ष में एक चोर कथित तौर पर घुस गया और नकदी लेकर फरार हो गया। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। घटनास्थल का निरीक्षण करने वाले उत्तरी गोवा के पुलिस अधीक्षक निधिन वलसन ने कहा, हमारे पास कुछ सुराग हैं। हम इस पर काम कर रहे हैं। हम आरोपी के मकसद का पता लगा रहे हैं। उन्होंने कहाः ऐसा लगता है कि अदालत के कामकाज से अच्छी तरह वाकिफ कोई व्यक्ति इसमें शामिल है। कोई जबरन प्रवेश नहीं था। सीसीटीवी फुटेज से पता चलता है कि यह कल (मंगलवार) शाम को हुआ था।

## FILMY हलचल

# मैं अलग-अलग रोल करना चाहती हूं : कृति सेनन



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन हाई-कंटेंट और हाई-एंटरटेनमेंट फिल्मों के बीच बैलेंस मेंटेन करना पसंद करती हैं और इस साल उनकी पाइपलाइन में फिल्में भी यही साबित करती हैं। 2023 में दर्शक उनसे क्या उम्मीद कर सकते हैं, इस बारे में बात करते हुए, कृति ने कहा : दर्शक शायद मेरे कई रूपों को देखने की प्रतीक्षा कर सकते हैं, जिसमें ग्लैमरस से लेकर पारिवारिक मनोरंजन कहानियां शामिल हैं। उन्होंने कहा : मैं शाहिद कपूर के साथ एक प्रेम कहानी भी कर रही हूं। हम पहली बार पर्दे पर साथ काम कर रहे हैं, इसलिए आप नई केमिस्ट्री देखेंगे।



# रितेश की रील और टिकटॉक बनाने की आदत पर जेनेलिया ने साझा किए विचार

**मुंबई।** अभिनेत्री जेनेलिया देशमुख ने हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि उनको रितेश की टिकटॉक और रील बनाने की आदत पसंद नहीं है। लेकिन, समय के साथ उन्हें खुद रील बनाना पसंद आने लगा। वायरल रीलों के बारे में बात करते हुए, जेनेलिया ने कहा : जब हमने पहली बार कंटेंट बनाना शुरू किया तो यह टिकटॉक के लिए था। महामारी के दौरान जब रितेश ने इन्हें बनाना शुरू किया तो यह वास्तव में मुझे पसंद नहीं था। पर बाद में मुझे इसमें मजा आने लगा। आज मुझे लगता है कि मेरे आधे ऑडिशन इसी के जरिए दिए हैं। रितेश ने अपने निर्देशन को लेकर बात करते हुए कहा : मुझे लगा कि लोग मुझ पर हंसेंगे।

## सामंथा व वरुण करेंगे अभिनय

**मुंबई।** अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु वरुण धवन के साथ 'सिटाडेल' ब्रह्मांड की भारतीय किस्त, प्राइम वीडियो और रूसो ब्रदर्स की एजीबीओ की वैश्विक-इवेंट श्रृंखला में अभिनय करेंगे। यह सामंथा के लिए घर वापसी है। सामंथा ने कहा : जब प्राइम वीडियो और राज एंड डीके ने इस परियोजना के साथ मुझसे संपर्क किया, तो मैंने इसे दिल की धड़कन लेने का फैसला किया! द फैमिली मैन पर इस टीम के साथ काम करने के बाद, यह मेरे लिए घर वापसी जैसा है। उन्होंने कहा : सिटाडेल ब्रह्मांड, दुनियाभर में प्रस्तुतियों के बीच परस्पर जुड़ी हुई कहानी, और सबसे महत्वपूर्ण, भारतीय किस्त की पटकथा ने मुझे वास्तव में उत्साहित किया। मैं रूसो ब्रदर्स के एजीबीओ द्वारा परिकल्पित इस शानदार ब्रह्मांड का हिस्सा बनने के लिए रोमांचित हूं। अभिनेत्री ने कहा कि वह इस परियोजना पर पहली बार वरुण धवन के साथ काम करने की भी इच्छुक हैं।

## विक्रमादित्य मोटवाने की फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगी अनन्या पांडे



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे एक साइबर-थ्रिलर फिल्म के लिए तैयार हैं। शीर्षक वाली फिल्म का निर्देशन फिल्म निर्माता विक्रमादित्य मोटवानी द्वारा किया जा रहा है, जिन्हें 'लुटेरा', 'उड़ान', 'भावेश जोशी सुपरहीरो' और 'एके बनाम एके' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। फिल्म के बारे में बात करते हुए अनन्या ने कहा : जब विक्रमादित्य मोटवानी ने इस कहानी के साथ मुझसे संपर्क किया, तो मुझे पता था कि मुझे इसका हिस्सा बनना है। एक फिल्म निर्माता के रूप में, जब तक मुझे याद है और मुझे लगता है, वह मेरी इच्छा सूची में रहे हैं। अपने करियर की शुरुआत में उनके साथ काम करने का मौका पाकर वाकई खुशकिस्मत हूं। विक्रमादित्य इस फिल्म के प्रमुख हैं, उन्होंने कहा : यह आधुनिक समय की अपील के साथ एक थ्रिलर है और हमारे समय के लिए बहुत प्रासंगिक है।

**बयानबाजी** | कारण बताओ नोटिस का राजद के विधायक ने दिया जवाब

# राजद के घोषित एजेंडे को उठा रहा हूं

**पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दिकी को भेजा पांच पन्नों का जवाब**

**नवीन मेल नेटवर्क। पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ बयानबाजी को लेकर राजद की ओर से भेजे गये कारण बताओ नोटिस का जवाब पार्टी के विधायक और पूर्व मंत्री सुधाकर सिंह ने दे दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दिकी को भेजे गए पांच पन्नों के जवाब में सुधाकर सिंह ने नीतीश कुमार के साथ-साथ राजद नेतृत्व की पोल खोलकर रख दिया है। उन्होंने कहा है कि मैं उन्हीं मुद्दों को उठा रहा हूं जो राजद का घोषित एजेंडा रहा है। लेकिन पार्टी के कई और नेता बहुत कुछ बोल रहे हैं। अकेले मुझे शोकॉज नोटिस भेजना ए-टू-जेड की नीति नहीं है। सुधाकर सिंह ने कहा है कि उन्हें मंत्री बनने की कोई इच्छा नहीं थी, पार्टी नेतृत्व ने मेरी अनिच्छा के बावजूद मुझे मंत्री बनाया था।

सुधाकर सिंह ने कहा कि हमने मंडी कानून को लेकर सवाल उठाया। यह तो राजद के एजेंडे में है। जब हमने सवाल उठाया तो पार्टी मेरे साथ खड़ी नहीं हुई। आखिर किस राजनीतिक दबाव में ऐसा किया गया? उन्होंने कहा है कि किस तरह से राजद शुरू से ही नीतीश कुमार के मंडी कानून का विरोध करता रहा है। आज वही बात जब मैं कर रहा हूं तो पार्टी को एतराज किस बात का है। सुधाकर सिंह ने कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में नीतीश कुमार की नीतियों के खिलाफ नहीं बोलने का कोई प्रस्ताव पास नहीं हुआ था। उन्होंने अपने जवाब में कहा है कि भेजे गए नोटिस में इस बात का उल्लेख किया गया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संदर्भ में मेरे द्वारा की गई टिप्पणी से राजद के राष्ट्रीय अधिवेशन में पारित प्रस्ताव का उल्लंघन हुआ है। हालांकि, मेरे किस बयान से इस निष्कर्ष पर पहुंचा गया नोटिस में इसका जिक्र नहीं है। यह बात न सिर्फ त्रुटिपूर्ण है बल्कि निराधार भी है। साथ ही प्रथम दृष्टया तार्किक प्रतीत नहीं होता है। नीतीश कुमार जदयू के नेता हैं। राजद के राष्ट्रीय अधिवेशन में पारित प्रस्ताव में राजद के किसी भी कार्यकर्ता को अन्य दल के कार्यकर्ताओं पर टिप्पणी करने के लिए न तो मना किया गया और ना ही रोक लगाई गई थी।